चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 267, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 27 अक्तूबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'तेजी से आगे बढ़ रही देश की अर्थव्यवस्था'

## पहले भ्रष्टाचार के आंकड़े आते थे, अब विकास हो रहा, पीएम शिरडी पहुंचे, साई मंदिर में पूजा की: 7500 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन किया, कहा- शिरडी

**शिरडी**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को शिरडी के साईं बाबा समाधि मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने 7500 करोड़ रुपए की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 से पहले भी आप बड़े-बड़े आंकड़े सुनते थे, लेकिन वे होते थे इतने लाख करोड का घपला, इतने लाख करोड़ का भ्रष्टाचार। लेकिन आज ये पैसे विकास के लिए खर्च हो रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि देश को गरीबी से मुक्ति मिले, गरीब से गरीब परिवार को आगे बढ़ने का अवसर मिले, यही सच्चा सामाजिक न्याय है। हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास के मंत्र पर चलती है। आज जब देश की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है तो गरीब कल्याण के लिए सरकार का बजट भी बढ़ रहा है। आज महाराष्ट्र में 1 करोड़ 10 लाख आयुष्मान कार्ड दिए जा रहे हैं, इन्हें 5 लाख के इलाज के मुफ्त सुविधा है। हर घर जल पहुंचाने के लिए भी 2 लाख करोड़ खर्च किए गए हैं। पीएम स्वनिधि योजना से रेहड़ी पर दुकान लगाने वालों को हजारों करोड़ का फायदा मिल रहा है। हाल ही में विश्वकर्मा योजना शुरू की गई। इससे छोटे व्यापारियों पर 13 हजार करोड़ से ज्यादा खर्च किया जा रहा है। 2014 से पहले भी आप आंकड़े सुनते थे, लेकिन वे होते थे इतने लाख करोड़ का घपला, इतने लाख करोड़ का भ्रष्टाचार। आज ये पैसे विकास के लिए खर्च हो रहे हैं। पहले किसानों की सुध कोई नहीं लेता था, हमने पीएम किसान सम्मान निधि योजना शुरू की। इसकी मदद से देशभर के छोटे किसानों को 2 लाख 60 हजार करोड़ दिए गए हैं। महाराष्ट्र के छोटे किसानों के खाते में 26 हजार करोड़ रुपए ट्रांसफर हुए हैं। महाराष्ट्र सरकार ने यहां नमो शेतकारी महासम्मान निधि शुरू की है, जिससे राज्य के किसानों को 6 हजार रुपए अतिरिक्त मिलेंगे।

निलवंडे बांध के नहर नेटवर्क का उद्घाटन किया: जनसभा से पहले पीएम ने शिर्डी के साईं मंदिर में नए दर्शन कतार परिसर का भी उद्घाटन किया, इसकी आधारशिला साल 2018 में रखी थी। इसके बाद पीएम ने अहमदनगर के शिर्डी में निलवंडे बांध का जलपूजन किया और बांध का नहर नेटवर्क देश को समर्पित किया। 85 किमी लंबी इस नहर का लाभ 7 तहसीलों (अहमदनगर जिले में 6 और नासिक जिले से 1) के 182 गांवों को मिलेगा।



### पांच दशक का इंतजार आज हुआ पूरा: पीएम मोदी

**पीएम** मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पांच दशक से इस निलवंडे बांध का इंतजार था और आज पूरा हो गया। उन्होंने कहा कि शिरडी मंदिर में दर्शन कतार परिसर का उद्घाटन से लाखों लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि शिरडी मंदिर में आज जिन भी योजनाओं का लोकार्पण या फिर शिलान्यास हुआ है इससे दर्शन कतार परिसर के पूरा होने से देश-विदेश के श्रद्धालुओं को बहुत आसानी होगी।

गरीब कल्याण है सरकार का प्राथमिकता

पीएम मोदी ने अपने संबोधिन में कहा कि देश को गरीबी से मुक्ति, गरीब परिवारों को आगे बढ़ने का अवसर मिलना ही असली सामाजिक न्याय है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर काम कर रही है। हमारी डबल इंजन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता गरीब कल्याण है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि देश की अर्थव्यवस्था जैसे-जैसे बढ़ रही है गरीब कल्याण के लिए सरकार का भी बजट बढ़ रहा है।

# कतर में 8 भारतीयों को मौत की सजा

## भारत ने बताया परेशान कर देने वाला फैसला

**नई दिल्ली**

**कतर की** अदालत ने अल दहरा कंपनी के 8 भारतीय कर्मचारियों को मौत की सजा सुनाई है। विदेश मंत्रालय ने फैसले पर हैरान और परेशान कर देने वाला बताया है। साथ ही कहा है कि हम परिवार के सदस्यों और कानूनी टीम के साथ संपर्क में हैं और सभी कानूनी विकल्प तलाश रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा है कि हम इस मामले को बहुत महत्व देते हैं और इस पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। हम सभी कांसुलर और कानूनी सहायता देना जारी रखेंगे।



हम फैसले को कतर के अधिकारियों के समक्ष भी उठाएंगे। इस मामले की कार्यवाही की गोपनीय प्रकृति के कारण इस समय कोई और टिप्पणी करना उचित नहीं होगा।

पूर्वी लद्दाख में चीन सीमा पर स्थिति स्थिर, सशस्त्र बलों को सक्रिय रहने की जरूरत, चीन, पाकिस्तान की ओर इशारा- सीमाओं पर भूमि युद्ध का प्रमुख कारण बनी रहेगी

# रूस-यूक्रेन संघर्ष से मिला 'आत्मनिर्भर' होने का सबक

**नई दिल्ली**

**थल सेनाध्यक्ष** जनरल मनोज पांडे ने गुरुवार को कहा कि हम दुनिया में अभूतपूर्व बदलाव देख रहे हैं। हम वैश्विक मामलों में राष्ट्रीय हित की केंद्रीयता भी देख रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मामलों में राष्ट्रीय सुरक्षा का महत्व बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच हुए संघर्ष से भारतीय सेना ने खुद को ह्यआत्मनिर्भरह्व बनाने का महत्वपूर्ण सबक लिया है। पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच जारी सीमा विवाद पर सेना प्रमुख ने कहा कि सीमा पर स्थिति स्थिर बनी हुई है। विभिन्न राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए सशस्त्र बलों को सक्रिय रहने की जरूरत है। जनरल पांडे आज राष्ट्रीय राजधानी के डॉ. आंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर




में 'चाणक्य रक्षा संवाद' के पूर्व एक कार्यक्रम के संवाद सत्र में क्षेत्रीय शांति, कूटनीति और सेना की तैयारियों को लेकर चर्चा की। उन्होंने चीन और पाकिस्तान की ओर इशारा करते हुए कहा कि भूमि युद्ध का प्रमुख कारण बनी रहेगी, जहां आपने सीमाओं पर विवाद किया है। पिछला साल चुनौतीपूर्ण, लेकिन संतोषजनक रहा है। पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच सीमा विवाद के मद्देनजर उन्होंने कहा कि सीमा पर स्थिति स्थिर बनी हुई है। हमने आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों से उसी तरह निपटा है, जिस तरह हमें उनसे निपटना चाहिए था। सेना प्रमुख मनोज पांडे ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मामलों में राष्ट्रीय सुरक्षा का महत्व बढ़ रहा है। इसलिए 'आत्मनिर्भर' होना रूस-यूक्रेन संघर्ष से मिले महत्वपूर्ण सबक में से एक है। रूस-यूक्रेन संघर्ष से यह भी सीखने को मिला है कि विजय चिह्नों को भूमि क्षेत्र में परिभाषित करना होगा। इसका मतलब यह नहीं है कि जो एकीकरण या संयुक्तता हमें हासिल करनी चाहिए वह महत्वपूर्ण नहीं है, लेकिन मेरे विचार में भूमि क्षेत्र अधिक महत्वपूर्ण होने जा रहा है।

# एशियाई पैरा खेल: भारत ने रचा इतिहास

## पदकों के मामले में तोड़ा अपना पिछला रिकॉर्ड




**नई दिल्ली**

**भारतीय** पैरा-एथलीटों ने गुरुवार को यहां चल रहे एशियाई पैरा खेलों में 79 पदक जीतकर 2018 एशियाई पैरा खेलों में अपने 72 पदकों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। भारत ने अब तक कुल 79 पदक हासिल किए हैं जिनमें 18 स्वर्ण, 21 रजत और 39 कांस्य शामिल हैं। नित्या सरे ने बैडमिंटन महिला एकल एसएच6 स्पर्धा में 73वां कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। प्रतियोगिता के चौथे दिन, सचिन खिलारी ने पुरुषों के एफ-46 शॉटपुट में 16.03 मीटर के थ्रो के साथ एक नया रिकॉर्ड बनाते हुए भारत के लिए दिन का पहला स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि रोहित कुमार ने 14.56 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। सिद्धार्थ बाबू ने मिश्रित 50 मीटर राइफल प्रोन एसएच1 में पहला स्थान हासिल करके भारत के लिए एक और स्वर्ण पदक जीता। सिद्धार्थ ने चीन के चाओ डोंग को एक करीबी मुकाबले में केवल 0.2 अंकों से हराया। महिला शॉट पुट-एफ34 में भाग्यश्री माधवराव जाधव ने 7.54 मीटर के प्रभावशाली थ्रो के साथ रजत पदक जीता। वहीं, भारत का 18वां स्वर्ण पदक तीरंदाजी से आया, जिसमें शीतल देवी और राकेश कुमार ने मिश्रित टीम कंपाउंड - ओपन फाइनल जीता। बैडमिंटन महिला युगल एसएल3-एसयू5 स्पर्धा में मनीषा रामदास और मंदीप कौर को कांस्य मिला, जबकि एकल एसयू-5 स्पर्धा में मनीषा रामदास ने कांस्य पदक जीता। बैडमिंटन पुरुष युगल एसएच-6 वर्ग में शिवराजन सोलाईमलाई और कृष्णा नागर ने कांस्य पदक जीता। तीरंदाजी पुरुष युगल- डब्ल्यू1 ओपन स्पर्धा में तीरंदाज आदिल मोहम्मद और नवीन दलाल ने 125-120 के उल्लेखनीय स्कोर ।

# भाजपा राम-रहीम के बंदों के बीच नफरत फैला रही: लालू

**पटना**

**राजद** प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने गुरुवार को श्रीकृष्ण जयंती के मौके पर भूमिहारों समाज को खास नसीहत दी है। उन्होंने कांग्रेस द्वारा सदाकत आश्रम में आयोजित बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह की जयंती समारोह में भाजपा और पीएम नरेन्द्र मोदी पर जमकर प्रहार किया। इसी दौरान उन्होंने भूमिहार जाति के लोगों को भी कहा कि आप लोग तो अपने ही समाज के लोगों को याद नहीं रखते हैं।

लालू ने कहा कि बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह की प्रतिमा सचिवालय में लगी हुई है लेकिन वर्ष 1990 के दशक में जब वे और उनकी पत्नी राबड़ी देवी मुख्यमंत्री रहे तो उस दौरान राजकीय समारोह में कोई भी भूमिहार नेता वहां फूल-माला चढ़ाने नहीं जाता था।तब के कार्यक्रमों में सिर्फ लालू और राबड़ी सहित गिनती के लोग ही वहां जाते और श्रीबाबू की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर आते।

लालू ने कहा कि भूमिहार समाज के लोग कहते हैं कि श्रीबाबू उनकी जाति के हैं लेकिन भूमिहार जाति के लोग अपने ही नेता को याद नहीं करते हैं। उनकी जयंती और पुण्यतिथि नहीं मनाई जाती।इसलिए वे भूमिहार जाति से अपील करते हैं कि अपने पूर्वजों को जानिए। नई पीढ़ी अपनी जाति के लोगों को जाने. श्रीबाबू को याद करें।लालू ने कांग्रेस द्वारा सदाकत आश्रम में बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह की जयंती समारोह आयोजित करने के लिए अखिलेश सिंह की सराहना की।

# उप्र: 24 जनवरी तक होगी दलहन व तिलहन की खरीद, तीन दिन में होगा भुगतान

**लखनऊ**

**उत्तर** प्रदेश की योगी सरकार ने दलहन व तिलहन की खरीद प्रारंभ कर दी है। दलहन (मूंग व उड़द) तथा तिलहन (मूंगफली व तिल) की यह खरीद 24 जनवरी तक चलेगी। सरकार ने किसानों से क्रय केंद्रों पर ऑनलाइन पंजीकरण कराने को कहा है। सरकार तीन कार्य दिवस में आधार से लिंक खाते में किसानों को भुगतान करेगी। उड़द, मूंग, मूंगफली व तिल उत्पादक जनपदों में पीसीएफ, पीसीयू व जेफेड द्वारा संचालित क्रय केंद्रों यह खरीद होगी।

# ममता ने मोहम्मद बिन तुगलक से की बीजेपी की तुलना

## ईडी की छापेमारी और एनसीईआरटी के प्रस्ताव पर भड़कीं



**कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने बीजेपी पर जोरदार हमला बोला है। विपक्षी दलों के नेताओं पर ईडी की छापेमारी को लेकर उन्होंने केंद्र सरकार पर अपनी भड़ास निकाली है। ममता ने कहा कि देश में गंदा चुनावी खेल खेला जा रहा है।

ईडी की ताबड़तोड़ छापेमारी: गौरतलब है कि ईडी ने राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को समन भेजा है। इसके अलावा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की संपत्तियों पर छापेमारी भी की है। साथ ही, ममता बनर्जी की सरकार में मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक के खिलाफ भी एजेंसी ने कार्रवाई की है। ममता ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, 'क्या अत्याचार, क्या अनाचार चल रहा है? लोकसभा चुनाव से पहले देशभर में विपक्षी नेताओं पर ईडी की छापेमारी के नाम पर बीजेपी गंदा गेम खेल रही है।' ममता ने पूछा कि क्या बीजेपी के किसी भी नेता के घर पर ईडी ने छापा मारा है?

केस दर्ज करने की धमकी: बंगाल के मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक के ठिकाने पर ईडी की छापेमारी को लेकर ममता ने ईडी के खिलाफ केस दर्ज करने की धमकी भी दी। ममता ने कहा कि ज्योतिप्रिय की तबीयत ठीक नहीं है। अगर, ईडी की छापेमारी के दौरान उन्हें कुछ हुआ तो मैं केस दर्ज कराऊंगी।

बीजेपी कहती है कि वो 'सबका साथ सबका विकास' चाहती है, लेकिन इसका असली मतलब 'सबका साथ सबका सत्यानाश' है। टीएमसी चीफ ने स्कूल के सिलेबस में 'इंडिया' का नाम 'भारत' संबंधी करने के मामले में भी बीजेपी को निशाने पर लिया है।

## जिस दिन सनातन धर्म खत्म हो जाएगा, दुनिया खत्म हो जाएगी

# दुनियाभर को धर्म की राह दिखा रहा भारत : मोहन भागवत

**सहारनपुर**

**भारत** दुनियाभर को धर्म की राह दिखा रहा है। श्रीमद्भागवत में पूरा जीवन है। जीवन को कैसे जीना है। हमें क्या करना चाहिए, यह सब बताया गया है। संतों का केवल नाम लेने मात्र से लोगों का भाग्य उदय हो जाता है, ऐसे में अगर संतों के साथ बैठने और उन्हे सुनने का अवसर मिल जाए तो फिर समझिए भाग्योदय होना ही है। उक्त बातें गुरुवार को सहारनपुर पहुंचे आरएसएस प्रमुख डॉ.मोहन भागवत ने कही। आरएसएस प्रमुख यहां सहारनपुर के सरसावां में



आयोजित श्री कृष्ण मंदिर के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। यहां उन्होंने पूजन के बाद खुदाली से नींव खोदकर इस शुभ कार्य का श्रीगणेश किया। इसके बाद संत सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि धर्म सभी को जोड़ता है। सभी के सुख की कामना करता है। सभी की उन्नति करता है। उसे ही धर्म कहते हैं। ऐसा धर्म सनातन है। वही शाश्वत है। सनातन धर्म को किसी ने उत्पन्न नहीं किया। वह हमेशा से है और रहेगा। जिस दिन सनातन खत्म हो गया, समझिए यह दुनिया ही खत्म हो जाएगी। धर्म की परिभाषा समझाते हुए उन्होंने बताया कि धर्म के चार पहलू हैं, सत्य, करुणा, शुचिता और कपस यानी परिश्रम। इसी की चौखट पर चलना है,जो कदम इसके अंदर हैं।

# दुनिया देखेगी बागपत का गन्ना, जाति धर्म नहीं आएगा आड़े: सीएम

**बागपत**

**बागपत** पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बागपत को विश्वविद्यालय देने का वादा किया है। उन्होंने कहा कि भारत की आधारशिला भारत के गांव है। चैधरी चरण सिंह जी के इस कथन को भाजपा ने आगे बढ़ाया है, 2014 के चुनाव में जब प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली उन्होंने भी यही कहा था विकास का आधार व्यक्ति, जाति, मजहब नहीं बनेगा। गरीब किसान, महिलाएं, बच्चे, गरीब तबके का व्यक्ति बनेगा। 2017 में जब मेने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी तो बागपत में पुलिस की भर्ती हुई थी जिसमें एक ही गांव से 27 नौजवान भर्ती हुए थे। इससे पहले कभी भी बागपत के युवा भर्ती नहीं हुए, युवा भेदभाव का शिकार हुए अब भेदभाव किसी



के साथ नहीं होगा।

इतिहास बनाने वाले लोग है आप: मुख्यमंत्री ने कहा कि आप लोग उस विरासत के प्रतीक हैं जिसने इतिहास को देखा भी है और इतिहास को बनाया भी है महाभारत काल से लेकर आजादी की लड़ाई और किसानों की लड़ाई का इतिहास है। अब किसी के जीवन से कोई खिलवाड़ नहीं होगा। जो ऐसा करेगा वह कीमत चुकाएगा और ब्याज सहित चुकाएगा। किसी नौजवान के साथ खिलवाड़ करने की भी छूट किसी को नहीं होगी,

चीनी मिलों की होगी आरसी जारी: हमने रमाला चीनी मिल का विस्तार किया बागपत का भी जल्द होगा, चीनी मिल गन्ना पेमेंट करेंगे। नहीं करने वालों की आरसी जारी होगी, हमने इसकी तैयारी कर ली है।

नई सोच से मिले है रोजगार: आपके जनप्रतिनिधियों ने विकास के बारे में सोचा और बागपत को विकास की नई उडान दी है दो बड़े हाईवे बने हैं जमीनों के दाम बड़े है। नौजवानों को घर बैठे रोजगार मिल रहा है। यहां के युवा पढ़ लिख कर बाहर जा रहे हैं और अब बागपत वापसी आकर यहां के विकास के बारे में सोच रहे हैं।

बेटियों को आगे बढाने के लिए हम तैयार हैं कहा कि बेटियों को भी आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए।

# हरियाणा: निगम, परिषद व समितियों के मेयर, अध्यक्ष, सदस्यों के मानदेय में बढ़ोतरी

**चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दीपावली से पहले ही गुरुवार को बड़ा तोहफा देते हुए नगर निगम, नगर परिषद व समितियों के मेयर और अध्यक्ष सहित सदस्यों के मानदेय में बढ़ोतरी की घोषणा की। बढ़ा हुआ मानदेय एक अक्टूबर से मिलेगा। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में हिंदी आंदोलन सत्याग्रहियों व आपातकालीन पीड़ितों की पेंशन 10 हजार से बढ़ाकर 15 हजार रुपये करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सरकारी कर्मचारियों को भी दीपावली का तोहफा देते हुए डीए में 4 प्रतिशत बढ़ोतरी की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि नगर निगमों के मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर, डिप्टी मेयर, काउंसलर्स, नगर परिषद के अध्यक्षों सहित सदस्यों के साथ विभिन्न विषयों को लेकर बैठक हुई थी, जिसमें मानदेय बढ़ाने पर विचार किया गया। पहले मेयर को 20 हजार 500 रुपये मासिक मानदेय मिलता था, जिसे अब बढ़ाकर 30 हजार रुपये किया गया है। इसी प्रकार, सीनियर डिप्टी मेयर का मानदेय 16 हजार 500 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये, डिप्टी मेयर का मानदेय 13,000 रुपये से बढ़ाकर 20,000 रुपये तथा पाषर्दों का मानदेय 10,500 से बढ़ाकर 15,000 रुपये किया गया है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद के अध्यक्ष का मानदेय 10,500 रुपये से बढ़ाकर 18,000 रुपये, उपाध्यक्ष का मानदेय 7,500 रुपये से बढ़ाकर 12,000 रुपये, पार्षदों का मानदेय 7,500 रुपये ।

# घर पहुंचा अस्मित का शव, सड़क हादसे से तीन घरों में पसरा मातम

अखंड भारत संदेश



**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के झंझरा चौबे के नजदीक बुधवार की शाम सड़क हादसे का शिकार हुए अस्मित का शव गुरुवार को पीएम के बाद घर लाया गया। शव के घर पहुंचने की सूचना पर आसपास के सैकड़ों लोग अंतिम विदाई देने के लिए खड़े थे। शंकरगढ़ कस्बे के पुरानी बाजार निवासी अस्मित उर्फ अभय (21) पुत्र श्यामजी केसरवानी एक डिजिटल न्यूज पोर्टल में स्थानीय प्रतिनिधि के रूप में कार्य करता था। तीसरे पहर, तकरीबन चार बजे अस्मित का शव घर लाए जाने के बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। दूसरी तरफ, इसी सड़क हादसे का शिकार हुए शंकरगढ़ क्षेत्र के भगदेवा निवासी सुनील द्विवेदी (42) पुत्र हरिविलास के घर भी मातम पसरा हुआ है। सुनील द्विवेदी पेशे से शिक्षक थे, उन्हे एक 17 वर्षीय बेटी और एक 13 वर्षीय बेटा है। इसके अलावा तीसरी मौत रोहिणी सेन की हुई थी। रोहिणी सेन शंकरगढ़ कस्बे के रानीगंज का रहने वाला था। रोहिणी भी मीडिया से जुड़ा था। परिजनों ने रोहिणी का पोस्टमार्टम नहीं करवाया और उसका अंतिम संस्कार कर दिया है। दूसरी तरफ कैंब्रिज हाईस्कूल एवं एसएनके इंटर कालेज में इस हादसे पर दुख व्यक्त किया गया। प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने बताया कि रोहिणी सेन के तीन बच्चे उनके यहां पढ़ते हैं। इस दौरान हुई शोकसभा में आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। शोकसभा में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती, बालेंद्र पांडेय, मनोज तिवारी, पंकज श्रीवास्तव, सौरभ प्रकाश, प्रताप बहादुर सिंह, ज्ञानेंद्र मिश्र, अशोक त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। तीन परिवारों को जीवनभर की टीस देने वाला यह दर्दनाक हादसा बुधवार की शाम छह बजे झंझरा के पास स्कूटी और बाइक के आमने-सामने टकराने से हुआ था। शिक्षक सुनील द्विवेदी अपनी पत्नी को रिसीव करने के लिए नारीबारी जा रहे थे, जबकि स्कूटी सवार अस्मित उर्फ अभय और रोहिणी सेन नारीबारी से शंकरगढ़ की तरफ लौट रहे थे। तेज रफ्तार की वजह से हुई टक्कर के बद तीनों को बचाया नहीं जा सका।

## प्रधान ने ग्राम विकास अधिकारी पर लगाए अनियमितता का आरोप

**मेजा।** विकास खंड मेजा के कुर्की कला ग्राम पंचायत के प्रधान ने ग्राम विकास अधिकारी विकास जैसल पर हर कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाया है,जिसके कारण गांव के विकास का कार्य प्रभावित हो रहा है। प्रधान का कहना है कि हर काम में इनको सिर्फ रुपए चाहिए। गांव के कई लोगों का काम नहीं कर रहे हैं और दौड़ा रहे हैं। किसी का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाना है तो वह भी नहीं बना रहे हैं। प्रधान ने आरोपित किया है कि हर काम में इनको सिर्फ रुपए चाहिए। प्रधान प्रतिनिधि मुरारी यादव का कहना है कि गांव के ही निर्मला देवी की सांप काटने से मौत हो गई थी और किशोरी लाल की कैंसर से मौत हो गई थी। उक्त दोनों की मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में आनाकानी कर रहे हैं। पीड़ित परिवारों को दौड़ा रहे हैं। गांव में एक भी शौचालय नहीं बना है। सब बिना जांच किए ही काट दिया जा रहा है,जिससे ग्रामीणों में भरी आक्रोश है।

## कौंधियारा : रात होते ही चोर देते हैं घटना को अंजाम

**जारी।** कौंधियारा क्षेत्र अंतर्गत बीते कई दिनों से चोरी घटनाएं सामने आ रही है।लगभग एक दर्जन से ज्यादा चोरी की घटनाएं हो चुकी है, पुलिस द्वारा अभी तक एक भी चोरी का खुलासा नहीं किया गया है। बुधवार को देवरा गांव के रामानंद पुत्र छोटेलाल के घर बीती रात चोरों ने सीढ़ी के तरफ से घर में कूद कर घर में रखा मोबाइल तोड़ कर फेंक दिया और पचीस हजार रुपये ले कर रफूचक्कर हो गये। घटना की जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दिया गया मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुटी।

## कार की टक्कर से युवक घायल

**फूलपुर।** बाजार जा रहे एक बाइकसवार युवक को पीछे से कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे फूलपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बेलवा गांव निवासी जितेंद्र 25 पुत्र रामराज गुरुवार को करीब चार बजे बाइक से बाबूगंज बाजार रहा अभी वह मनेथू तालाब के पास पहुंचा ही था की पीछे से कार ने बाइक में टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों ने बताया की कार स्थानीय कालेज के एक शिक्षक की थी आपसी समझौते से मामले को सुलझा लिया जाएगा।

## न्यूज झरोखा

## मेजा के लाल ने केरल में गाड़ा यूपी का झंडा

बजरंग पाण्डेय ने कामनवेल्थ में 100 मीटर की दौड़ में जीता स्वर्ण पदक



**मेजा।** केरल में आयोजित कामनवेल्थ गेम मे 100 मीटर कि दौड़ मे 10:12 का समय देकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया।विकास खंड मेजा के सिंहपुर गाँव निवासी बजरंग पाण्डेय 9 वें कामनवेल्थ गेम सीनियर राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की ओर से एथलीट टीम में भाग लिया था,जिसमें वह सभी को पछाड़ कर गोल्ड मेडल अपने नाम कर प्रदेश का नाम रोशन किया है।बजरंग पांडेय को दिसंबर माह में फ्रांस में आयोजित होने वाली अन्तराट्रीय एथलीट प्रतियोगिता के लिए चयनित कर लिया गया है।

## आज से 11 करोड़ पार्थिव शिवलिंग पूजन को ऐतिहासिक बनाने का निर्णय : पूज्य बृजेशा नंद जी महाराज




**लालापुर।** क्षेत्र के माँ भगवती यमुना नदी स्थान के समीप स्थित सुजावन देव मंदिर के प्रांगण में पहली बार 11 करोड़ पार्थिव शिवलिंग वेद मंत्रों के उच्चारण के बीच सोमवार से शुरू होगा। निर्माण का भव्य व दिव्य आयोजन 27 नवंबर से शुरू होगा। यह 26 दिसंबर तक चलेगा। 11 करोड़ पार्थिव शिवलिंग पूजन की तैयारी पर विचार-विमर्श को लेकर महायज्ञ अधिष्ठाता महराज जी की अध्यक्षता में शिवभक्तों की बैठक गांव गांव और गली गली में संपन्न हो रही है। बैठक में इस प्रक्षेत्र के करीब सैकड़ो गांवों के शिवभक्तों ने भाग लिया। बैठक की शुरूआत में सर्वप्रथम माँ भगवती यमुना की पवित्र धरती पर पहली बार आहूत 11 करोड़ पार्थिव शिवलिंग पूजन को सफलतापूर्वक ऐतिहासिक बनाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आहूत 11 करोड़ पार्थिव शिवलिंग पूजन में जो भी समिति भाग लेगी उसको कोई निबंधन शुल्क के रूप में भुगतान नही करना पड़ेगा। इसके अतिरिक्त स्वेच्छा से जो भी दाता 11 करोड़ पार्थिव शिवलिंग पूजन में रुपए के पड़ने वाले खर्च में कुछ वहन करने में सक्षम होंगे वो इसके लिए स्वतंत्र होंगे।

## नीलगायों और आवारा पशुओं के उत्पात से धान की फसल व सब्जी हो रही नष्ट



**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र में कई गांव में आवारा पशुओं और नीलगायों के उत्पात से किसान परेशान हो गए हैं।धान की अधिकांश फसल नष्ट करने के बाद अब सब्जी पर नीयत खराब हो गई है। मऊआइमा क्षेत्र में अभी तक किसान आवारा पशुओं से तंग आ चुके थे अब नील गायों के झुंड से परेशान हो गए हैं। बताया गया है कि धान की फसलों की बबार्दी के बाद अब बोई गई सब्जी की फसलों को खा कर अथवा रौंद कर नष्ट करने पर आमादा हैं। काश्तकारों के अनुसार रामनगर गंसियारी, दुबाही, बसौनापुर, देवगलपुर, गढचम्पा आदि गांवों के काश्तकार आवारा पशुओं, नीलगायों के झुंड से खेती में सब कुछ बर्बाद होने से त्रस्त हो गए हैं। अधिकांश किसान खेती किसानी न करने पर मजबूर हो गए हैं।

## उग्रसेनपुर की रामलीला श्रीराम राज्याभिषेक मेला एवं भंडारे के साथ संपन्न



**प्रतापपुर।** आदर्श रामलीला समिति सुल्तानपुर उर्फ लोढ़ीडीह, उग्रसेनपुर में चल रही दस दिवसीय रामलीला रावण वध एवं भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक एवं मेले तथा महाप्रसाद के साथ गुरुवार को संपन्न हो गई श्रीराम का विधिवत रूप से राज्याभिषेक किया गया इस दौरान पूरा पांडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।भगवान श्रीराम के अयोध्या वापसी के साथ भरत मिलाप की लीला का मंचन किया गया और राज्याभिषेक हुआ भगवान श्रीराम संग माता सीता राजगद्दी पर विराजमान हुई लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, हनुमान जी सहित पूरी अयोध्या में खुशी मनाई गई।इस अवसर पर देवमणि मिश्रा महाप्रबंधक, अध्यक्ष राजीव मिश्रा, प्रबंधक पंडित महावीर मिश्रा, कोषाध्यक्ष मनोज द्विवेदी, ताराचंद विश्वकर्मा, महामंत्री आनंद मिश्रा उर्फ वकील, सदस्यों में सुभाष चंद्र मिश्रा, उमेश दुबे, हरिकेश दुबे, विंध्यवासिनी मिश्र व्यास जी, प्रदीप मिश्रा, अमित मिश्रा, दिलीप मिश्रा, शत्रुघ्न मिश्रा, विपिन दुबे अजय मिश्रा भल्लू, अभिषेक दुबे, विद्याकांत, गोलू दुबे, सत्यम, श्याम तिवारी एवं महेश सहित ग्राम सभा के तमाम लोग मौजूद रहे ।

## नारी के सुरक्षा की जिम्मेदारी समाज की : सीमा सिंह



**जसरा।** मिशन शक्ति के चौथे संस्करण के उपलक्ष्य में श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सीमा सिंह ने कहा कि नारी समाज का आधार है। उसके सम्मान, शिक्षा और सुरक्षा की जिम्मेदारी पूरे समाज की है। कार्यक्रम में आई मुख्य अतिथि को कार्यवाहक प्रधानाचार्य सुनील कुमार साहू ने अंगवस्त्रम और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया तथा उनका आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक कुलभूषण मिश्र,चंद्रशेखर, अचलेन्द्र जायसवाल, राजेश कुमार द्विवेदी, शिल्पा यादव, राम लखन प्रजापति, विकास केसरी, वीरेंद्र कुमार,रितेश कुमार प्रजापति सहित दर्जनों शिक्षक उपस्थित रहे।

## अमृत कलश लेकर जनपद के लिए किया प्रस्थान

**मांडा।** ब्लाक स्तर पर अमृत कलश एवं नारी सशक्तिकरण का कार्यक्रम विकास खण्ड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत 69 ग्राम पंचायतो से अमृत कलश संकलित 18 अक्टूबर को का आयोजन किया गया था। वहीं गुरुवार को सुबह ग्यारह बजे मेरी माटी मेरा देश के अन्तर्गत आयोजित विकास खण्ड मांडा में संकलित अमृत कलश को लेकर सहायक विकास अधिकारी (कृषि) शनि कुमार व सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) रवि प्रकाश यादव के नेतृत्व में कोसडा खुर्द, पियरी, मेहाजागीर, मांडा एवं उंचडीह आदि ग्राम पंचायतो को विकास खण्ड मांडा से प्रतिनिधित्व हेतु नामित करते हुए सकुशल अमृत कलश जनपद स्तर पर निर्धारित स्थान जिला पंचायत सभागार निकट रिजर्व पुलिस लाइन के लिए प्रस्थान किया गया। उक्त कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ब्लॉक प्रमुख मांडा को पत्र भेजकर अवगत कराया गया है। विकास खण्ड मांडा मुख्यालय से नियुक्त किए गए प्रभारी के साथ ग्राम प्रधान डॉ. असद अली, राज कुमार, कोसड़ा खुर्द के अलावा प्रधान प्रतिनिधि ऊंचडीह, मेहाजागीर जनपद के लिए अमृत कलश लेकर रवाना हुए।

## प्रधान संघ अध्यक्ष करछना मनाया गया जन्म दिन

**करछना।** प्रयागराज विकास खंड करछना के प्रधान संघ अध्यक्ष अवतार किशन सिंह एडवोकेट का विकास खंड परिसर में प्रमुख कक्ष में प्रधानों एवं ब्लॉक कर्मियों प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी की उपस्थिति में केक काट कर धूमधाम से प्रधान संघ अध्यक्ष का जन्म दिन मनाया गया,इस मौके पर प्रधान संघ परिवार एवं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी ने उन्हें जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए लंबी उम्र की कामना की,इस मौके पर संघ के महा मंत्री प्रधान चनैनी धीतेश तिवारी, सुरेश पांडे, मनीष शुक्ला, ब्रिजेश द्विवेदी, कमला कान्त शुक्ला, राजकुमार पटेल प्रधान महोरी,अमर नाथ द्विवेदी, अतुल मिश्रा, दुष्यंत प्रताप सिंह, आशीष सिंह सचिव, सहित बड़ी संख्या में ब्लाक कर्मी एवं प्रधान मौजूद रहे,

## इस बार सूना रहा मेला : शंकरगढ़ के तीन दिवसीय ऐतिहासिक मेले का समापन



**बारा।** शारदीय नवरात्र के दशहरा पर लगने वाला तीन दिवसीय शंकरगढ़ का मेला इस बार सन्नाटे में गुजर गया। बीते वर्षों की अपेक्षा इस बार मेले को लेकर कस्बा वासियों में भी कोई उत्साह नहीं दिखा। कस्बे में न तो रोशनी की गई और न ही किसी प्रकार का आयोजन। मेले का पहला दिन सन्नाटे में गया तो दूसरे दिन जब ग्रामीणांचल के लोग मेला देखने पहुंचे तो थोड़ी बहुत रौनक आई। गुरुवार को तीसरे दिन ठीक ठाक भीड़ देखने को मिली। शंकरगढ़ के राजभवन परिसर में दशकों से लगते आ रहे तीन दिवसीय मेले के पहले दो दिन ग्रामीणांचल की रियाया के लिए होते हैं, जबकि तीसरे दिन कस्बावासी मेला देखने पहुंचते हैं। मेले के तीसरे दिन स्थानीय लोगों ने मेले का लुत्फ उठाया। दूसरे दिन की तरफ तीसरे दिन भी ग्रामीणांचल से लोग मेला देखने पहुंचे और खरीदारी की। समापन के दिन मेले में भारी भीड़ की वजह से लोगों को दिक्कतें भी हुईं। बच्चों ने झूले का आनंद लिया तो बड़ों ने करतब देखा। कस्बावासियों के साथ-साथ गांव-गिरांव से आए लोगों ने सालभर की गृहस्थी की खरीदारी की। इसमें रसोई में इस्तेमाल होने वाले उपकरण, बर्तन, खेती-किसानी में यूज होने वाले उपकरण भी शामिल रहे। शंकरगढ़ के राजभवन परिसर में लगने वाले मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय थाने की फोर्स चौकस दिखी। शंकरगढ़ एसओ मनोज कुमार सिंह अपने मातहत कर्मियों के साथ दिनभर चहलकदमी करते नजर आए। हालांकि पिछली बार की अपेक्षा इस बार के मेले में वह रौनक नजर नहीं आ रही है। इस बार दशहरा मेला के मौके पर कस्बे की सजावट नहीं की गई।

## ओवरलोडिंग को लेकर भारतीय किसान यूनियन डीएम व पुलिस कमिश्नर से मिलकर की शिकायत

**लालापुर।** क्षेत्र के यमुनापार क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रहे ओवर लोडिंग व खराब हो रही सड़को को लेकर बुधवार को भारतीय किसान यूनियन (भानु) का एक प्रतिनिधिमंडल प्रयागराज डीएम व पुलिस कमिश्नर से मिलकर ओवर लोडिंग पर रोक लगाने व उसमें लिप्त पुलिस कर्मियों व पासरो के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की मांग की । किसान यूनियन की शिकायत को सुन दोनो अफसरों ने जल्द से जल्द कार्रवाई का भरोसा दिया है। यमुनानगर के रीवा प्रयागराज, चित्रकूट प्रयागराज हाईवे व मीरजापुर हाईवे से इधर काफी दिनों से ओवर लोडिंग खनन परिवहन धड़ल्ले से किया जा रहा है । अफसरों को दिए गए शिकायती पत्र में किसान यूनियन के छात्र संघ अध्यक्ष अंकुश शुक्ल ने दर्शाया है कि मध्यप्रदेश की सीमा से जुड़ी पुलिस चौकी नारी बारी से लेकर नैनी तक के बीच पड़ने वाले थानों की पुलिस से मिलीभगत के चलते रोज देर रात सैकड़ो अवैध ओवर लोड खनिज पदार्थ लदे ट्रक निकलते हैं। जिससे जहां खनन विभाग सहित परिवहन विभाग की भारी रूप में राजस्व की क्षति होती है और इन ओवर लोड ट्रकों के चलने से हाईवे की स्थित भी धीरे धीरे खस्ताहाल होती जा रही । उल्लेख यह भी है कि विगत दिनों किसान यूनियन ने बारा के उमापुर टोलप्लाजा पर ओवर लोडिंग ट्रकों को पास कराए जाने का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया था । प्रदर्शन की सूचना पर एसडीएम बारा अब्दुल्ला सुदन मौके पर पहुंचे थे ,जिन्होंने एक सप्ताह के अंदर कार्रवाई की बात की थी लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई । किसान यूनियन की शिकायत ले दोनो अफसरों ने जल्द से जल्द कार्रवाई करने की बात कही है। इस मौके पर दीपक तिवारी, मीडिया प्रभारी अजय कुमार द्विवेदी मौजूद रहे ।

## मति निर्मल भक्ति से जुड़ने पर सदैव निर्मल ही रहती है : रामायणी

56 वाँ वार्षिक नौ दिवसीय विराट मानस सत्संग समारोह शुरू

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** परमात्मा ने मति (बुद्धि) सबको दी है। मति सत्संगसे जुड जाय तो वह सुमति बन जाती है, वही मति यदि कुसंग से जुड़ जाय तो वही मति कुमति बन जाती है । सुमति कुमति सबके उर रहही। काशी से पधारे मानस मराल रामसूरत रामायणी ने गुरुवार को मेजारोड के पांती गांव स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में नौ दिवसीय विराट मानस सत्संग के 56 वे समारोह के मौके पर तुलसी कृत रामचरित मानस की चौपाई ₹जहाँ सुमति तंह सम्पति नाना । जहाँ कुमति तांह विपदि निधाना।₹ की व्याख्या करते हुए भक्तों को भक्ति में बांधने का प्रयास किया।उन्होंने कहा कि मति जब तक सत्संग से जुड़ी रहेगी, तब तक सुमति बनी रहेगी और यदि यह कुसंग से जुड़ जाएगी तो कुमति बन जाती है। वहीं अगर यह मति निर्मल भक्ति से जुड़ जाय तो यह सदैव निर्मल ही रहेगी। जिसमें राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त महात्मा एवं मूर्धन्य मानस बक्ता अपने मधुर वाणी से भक्तों को श्री राम का रसपान कराएंगे।26 अक्तूबर से 3 नवंबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम में जगद्गुरु रामानन्दाचार्य कामगिरि पीठाधीश्वर स्वामी रामस्वरूपाचार्य जी महाराज चित्रकूट धाम, जगद्गुरु रामानुजाचार्य प्रयाग पीठाधीश्वर स्वामी श्रीधराचार्य जी महाराज, अलोपी बाग प्रयागराज, पं. निर्मल कुमार शुक्ल, 'मानस महारथी, महाराष्ट्र, पं० रामगोपाल तिवारी जी 'मानस रत्न', बाँदा, श्रीमती नीलम शास्त्री जी वाराणसी और डा० रामसूरत रामायणी जी वाराणसी से आगमन हो रहा है। कार्यक्रम के आयोजक श्री हनुमान मानस प्रचार सेवा संस्थान द्वारा संचालित - मानस प्रचारिणी समिति,श्री सिद्ध हनुमान मानस मन्दिर ने भगवत् प्रेमियों से उक्त अवसर का लाभ उठाते हुए श्रद्धापूर्वक श्रीरामकथामृत का रसास्वादन कर अपने जीवन को कृतार्थ करने की अपील की है।

## प्रमाणिक मार्ग से राम वन गमन साधु संतों के अगुवाई में निकली गई यात्रा

अखंड भारत संदेश



**लालापुर।** विद्वत परिषद प्रयागराज के तत्वावधान में जहाँ जहाँ चरण पड़े प्रभु श्री राम के कार्यक्रम सर्वप्रथम महर्षि भरद्वाज की प्रतिमा पर प्रातः पूजन व आरती के साथ हरिचैतन्य ब्रह्मचारी टीकरमाफी की अगुवाई में साधु संतों की प्रमाणिक राम वन गमन मार्ग पर यात्रा शुरू हुई।हरिचैतन्य ब्रह्मचारी टीकरमाफी ने संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्री राम जिस मार्ग से चित्रकूट वन गए थे उस प्रमाणिक मार्ग पर आज भारत के इतिहास में पहली बार एक दर्जन साधु संतों के साथ श्रीराम वन मार्ग पर चलेंगे। यह यात्रा हिंदू समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा।प्रभु श्रीराम स्मृति में प्रतिवर्ष यात्रा निकलना चाहिए।उन्होंने कहा जगत गुरु रामानुजाचार्य श्रीधराचार्य,महंत यमुनापुरी महाराज महानिवाड़ी अखाड़ा के अलावा व्यास मुनि पौराणिक हर्ष तीर्थ, महाराज सच्चा बाबा आश्रम,राधा मोहन दास महाराज और त्यागी जी महाराज गांगुली शिवाला आदि संत चल रहे है।संतों के साथ सुजावनदेव, मसुरियन माई, मनकामेश्वर धाम लालापुर,ऋषियन, बाल्मिकी आश्रम होते कामदगिरि मुखारबिंद तक प्रबुद्धजनों के साथ एक मिसाल यात्रा बनेगी। भारतीय संस्कृति, सभ्यता और पौराणिक कथाओं व श्रीराम चरित मानस में उल्लेखित मार्ग पर यात्रा होने से प्रयागराज और चित्रकूट वासियों की जनभावनाओं के सम्मान में प्रमाणिक राम वन गमन मार्ग में पड़ने वाले प्रत्येक गांव गांव का नागरिक जागृत होगा। सुजावनदेव देवरिया भीटा, मसुरियन माई अमिलिया तरहार, मनकामेश्वर धाम लालापुर तथा ऋषियन में राम वन गमन मार्ग पर नवस्थापित बोर्ड का साधु संत के करकमलों से अनावरण किया गया। जगह जगह स्थानीय नागरिकों को फूलों की वर्षा व नगाड़ों के ताल के साथ स्वागत कर हर्ष के साथ खुशियों से सराबोर हुआ।स्कूलों बच्चों ने चाका ब्लाक से लेकर लालापुर तक संत महात्माओं को पुष्पों की वर्षा व माला पहनाकर स्वागत किया। संतों की अगुवाई में क्षेत्र के घूरपुर के सुजवान देव होते हुए लालापुर के अमिलिया गाँव स्थित मसुरिया धाम,पचवर के भैरव नाथ,लालापुर स्थित ऐतिहासिक मनकामेश्वर धाम,मदुरी राम जानकी कुटी, सीता रसोइया होते हुए प्रतापपुर गांव से मऊ चित्रकूट स्थित ऋषियन धाम के लिये राम पथ गमन यात्रा रवाना हुई। यात्रा का समन्वय वीरेन्द्र पाठक, पूर्व आईजी लालजी शुक्ल एवं यमुनापार प्रभारी दिनेश तिवारी ने किया। लालापुर चौराहे पर मंच बनाकर संतों का स्वागत किया गया।इस दौरान ग्राम प्रधान लालापुर शंकरलाल पाण्डेय,डा0 प्रमोद शुक्ल,डा0 विनोद त्रिपाठी,डा0 भगवत पांडेय, अभिषेक मिश्र, यमुनापार यात्रा प्रभारी दिनेश तिवारी,सतीश तिवारी,ग्राम प्रधान गोइसरा प्रतिनिधि वीरेंद्र पाण्डेय, ग्राम प्रधान चकसुचेर प्रतिनिधि राजू पाण्डेय, लाला शुक्ल,सूरज शुक्ल, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## परदेसी को ठगहारों ने ठगा, पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी

**सहसों।** प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग पर सेमरी गांव के सामने गुरुवार को सुबह लगभग 9 बजे ठगहारों ने एक परदेसी को चकमा देकर उसके बैग लेकर फरार हो गए। शोर मचाने पर आसपास कोई लोग इकट्ठा हुए तथा पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार जौनपुर जनपद के सुजानगंज नगौली गांव निवासी विजय बहादुर पुत्र राम लखन मुंबई में रहकर किसी कम्पनी में काम करता है। वह गुरुवार को सुबह ट्रेन से छिवकी स्टेशन पर उतरा। वहां से अलोपी बाग चुंगी पर आकर बस का इंतजार कर रहा था। उसी समय वहां पर एक आदमी पहले से खड़ा हुआ था। उसने परदेशी से कहा कि भाई साहब मेरी भी बस छूट गई है। अब बस आने में टाइम लगेगा। मेरी जान पहचान के एक लोग बाइक से आ रहे हैं। मैं भी आपके ही तरफ चल रहा हूं। आप भी बाइक पर बैठकर मेरे साथ चले चलिए। परदेसी उनके झांसे में आकर बाइक पर बैठ गया। तीनों लोग सवार होकर फूलपुर की तरफ चल दिए। सुबह लगभग नौ बजे सेमरी गांव के सामने पहुंचने पर ठगहारों ने एक ढाबा के पास बाइक रोक कर कहा कि गुटखा लेकर खा लिया जाय उसके बाद चलते हैं। इस दौरान परदेसी द्वारा गुटखा लेते समय दोनों तेजी से बाइक पर सवार होकर उसका बैग लेकर फरार हो गए। परदेसी के अनुसार बैग में छह हजार रुपए, सोने की जंजीर व कई कागजात रखे हुए थे। शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। घटना की जानकारी होने पर थरवई पुलिस छानबीन कर रही है।

## मुकुट पूजन, नारद मोह देखकर भाव-विभोर हुए खखैचा गांव निवासी



**जंघई।**आदर्श छात्र संघ रामलीला समिति गहरपुर, खखैचा की रामलीला का शुभारंभ बुधवार को मुकुट पूजा, नारद मोह आदि का भावपूर्ण मंचन भगवान विष्णु की आरती के साथ शुरू की गई।नारद की तपस्या से इंद्र घबरा गए और उन्होंने नारद की तपस्या को भंग कराने की कोशिश की। नारद को उसी समय अहंकार पैदा हो गया और उन्होंने सभी देवताओं से अपनी प्रशंसा भी की। तो विष्णुजी ने नारद का दंभ दूर करने की सोची और एक माया की नगरी रास्ते में बसा दिया। वहां के राजा शीलनिधि बनें। एक पुत्री विश्वमोहिनी थी। नारद रास्ते से जाते समय राजा के दरबार में पहुंचते हैं। राजा कन्या को बुलाकर हस्तरेखा दिखवाते हैं तो नारद बिचलित हो जाते हैं। अमर होने के लिए विश्वमोहिनी कन्या से स्वयं विवाह करने का निर्णय लेते हुए भगवान विष्णु भगवान के पास पहुंचे। रामलीला मंचन में सहयोगी अध्यक्ष त्रिशुली नाथ दुबे, उपाध्यक्ष लालचंद यादव, निर्देशक फूलचंद्र उपाध्याय दिनेश तिवारी, चंद्रशेखर दुबे, माधव प्रसाद दुबे, आदित्य तिवारी, प्रमोद दुबे, छोटेलाल उपाध्याय, राजेंद्र प्रसाद तिवारी, कृष्णधर तिवारी, राहुल कुमार दुबे, मातासेवक तिवारी, त्रिलोकीनाथ दुबे, त्रिभुवन दुबे, चंद्रभूषण तिवारी, विजय दुबे, सुनील मिश्र, मुकेश तिवारी सुशील दुबे, दीपक दुबे, आकाश दुबे, बीएल पाल, प्रदीप दुबे, चेतन दुबे, सुनील यादव, संजय गुप्ता, संजीत यादव, प्रदीप गुप्ता, मनोज दुबे, संदीप दुबे, लवकुश दुबे, आशुतोष तिवारी, विवेक उपाध्याय, अशोक यादव, विनय उपाध्याय, दीपक मिश्र, विकास तिवारी, सिद्धार्थ सिंह, अच्छेलाल, विशाल, अभिषेक, अमन, शिवम, शक्ति सिंह, प्रेरणा स्त्रोत सरयू प्रसाद तिवारी, ब्रह्मप्रसाद तिवारी सहित तमाम लोगों के सहयोग से यह रामलीला मंचन किया जा रहा है।

## खर-दूषण वध की सुंदर लीला देख दर्शकों ने किया जय श्री राम का उद्घोष



अखंड भारत संदेश

**सहसों।** आदर्श रामलीला कमेटी सहसों द्वारा सोमवार को कलाकारों द्वारा सुंदर अभिनय करते हुए लीला का मंचन किया गया। देवधर मैहर धाम की श्री आदर्श रामलीला मंडली ने लीला का सुंदर प्रस्तुति करते हुए राम वनवास के बाद दंडकवन के पंचवटी कुटिया में विराजमान भगवान राम, सीता, लक्ष्मण के समक्ष रावण की बहन सुपर्णखा द्वारा विवाह प्रस्ताव पर इनकार होने के बाद सुपर्णखा ने भयाक्रांत होकर जैसे ही माता सीता के ऊपर झपट्टा मारने की कोशिश किया वैसे ही प्रभु राम के आदेश पर लक्ष्मण ने उसकी नाक कान काट दिया। तथा सुंदर अभिनय की साथ दृश्य देखकर उपस्थित दर्शकों के तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा पंडाल गूंजायमान हो गया। राक्षसी सुपर्णखा विलाप करते हुए राक्षस खर और दूषण के पास जाकर पूरी दास्तान बताती है। जिससे क्रोधित होकर आततायी खर और दूषण ललकारते हुए पंचवटी पहुंचकर भगवान राम से युद्ध करते हैं। जिसमें युद्ध के दौरान भगवान राम ने खर और दूषण का वध कर देते हैं। रामलीला पंडाल में उपस्थित दर्शकों ने सुपर्णखा की नाक कान का कटना और राक्षस खर और दूषण का भगवान राम द्वारा वध होने पर हर्षित होते हुए जय श्री राम का उद्घोष करते आनंदित हुए। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार केसरवानी, प्रबंध के आलोक कुमार सिंह एवं अजय कुमार सिंह गुड्डू , विजय कुमार केसरवानी, राजेश केसरवानी, लोधी सिंह, सिद्ध नारायण, सोहनलाल केसरवानी, सक्षम गुप्ता, निखिल तिवारी, फूलचंद्र साहू , राहुल साहू , बुल्ले सिंह सहित भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## दशरथ का करुण क्रंदन सुन कलाकार केवट ने ली अंतिम सांस

**सहसों।** राम बनवास में दशरथ का करुण क्रंदन सुन केवट के अंतिम सांस के साथ प्राण प्रखेरू उड़ गए। मथुरा उर्फ पारनडीह में चल रही मयार्दा पुरुषोत्तम राम की लीला के मंचन के दौरान मंगलवार को रात्रि में राम वनवास की लीला में कोप भवन में महारानी कैकेई के सामने महाराज दशरथ द्वारा राम के बिछोह से विलाप मंचन का दृश्य देखकर दर्शक दीर्घा में बैठे केवट का अभिनय करने वाले मगरू लाल भईया उर्फ भक्तराज 80 वर्षीय ने राम राम कहते हुए प्रांण पखेरू उड़ गए। उनके पास में बैठे दर्शकों का कहना था कि दशरथ के करुण क्रंदन विलाप को सुनकर वह सहन न कर सके और राम-राम कहते हुए दुनिया से विदा हो गए। मृतक भक्तराज रामलीला में केवट सहित तमाम किरदार में अपनी कला का प्रदर्शन कर चुके हैं। कमेटी द्वारा रामलीला का मंचन एक दिन के लिए रोक दिया गया। रामलीला पंडाल में एक शोकसभा आयोजित कर मगरू लाल भईया उर्फ भक्तराज को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मृतक आत्मा की शांति के लिए व उनकी आत्मा को मयार्दा पुरुषोत्तम अपने चरणों में स्थान दें, दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष पूर्व प्रधान आनंद प्रकाश मिश्र, प्रबंधक विनोद कुमार मिश्र, उप प्रबंधक महेंद्र कुमार तथा दीनदयाल, सूर्य प्रताप, विवेक कुमार, इंद्रजीत, सूर्यबली एवं राम अक्षैवर सहित कमेटी के पदाधिकारी एवं समस्त पात्र तथा ग्रामीणो ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



फाइल फोटो केवट की भूमिका में मृतक मगरू लाल।

## मैजिक की जोर दार टक्कर से बाइक सवार की दर्दनाक मौत

**करछना।** प्रयागराज थाना क्षेत्र के कुशगढ़ के पास हुआ भीषण एक्सीडेंट अनियंत्रित मैजिक ने मारी टक्कर युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हों गयी करछना कोहडार रोड पर कुशगढ के पास अनियंत्रित मैजिक ने दो पहिया को मारी टक्कर जिसमें दीपक यादव उर्फ देवा 35 वर्ष पुत्र बरमदीन यादव निवासी करछना की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई सूचना मिलते ही करछना थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर के पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया दीपक यादव की मौत से परिवार जनों में कोहराम मचा हुआ है उनका रो-रो कर बुरा हाल है परिजनों ने बताया कि दीपक बम्बई में नौकरी करता था वह अभी हाल में ही घर आया था दीपक शादी सुदा था लेकिन पत्नी से अनबन होने से वर्षों से पति पत्नी में संबंध खत्म हो गया था।

# डीएम ने किया निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण के सम्बंध में विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम सभागार में निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण के सम्बंध में जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के प्रयोग में लायी जाने वाली फोटोयुक्त मतदाता सूची का अवलोकन कर मतदाता सूची को सभी पहलुओं से अद्यावधिक व शुद्ध बनाये जाने में सहयोग की अपेक्षा की है। बैठक में बताया गया कि निर्वाचन आयोग के द्वारा अर्हता दिनांक 01.01.2024 के आधार पर समस्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण कार्यक्रम का विशेष अभियान निर्धारित किया गया है, जिसके क्रम में दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 27.10.2023 से 09.12.2023 तक निर्धारित की गयी है तथा विशेष अभियान की तिथियां 04.11.2023, 05.11.2023, 25.11.2023, 26.11.2023, 02.12.2023 एवं 03.12.2023 निर्धारित की गयी है। दावे और आपत्तियों का निस्तारण 26.12.2023 तक एवं निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन दिनांक 05.01.2024 को होगा। मतदाता सूची में नये मतदाताओं के पंजीकरण के लिए फार्म-6, एन0आर0आई0 मतदाताओं के पंजीकरण के लिए फार्म-6 ए, मतदाता सूची में नाम विलोपित करने के लिए फार्म-7 एवं मतदाता सूची में सम्मिलित मतदाताओं की प्रविष्टियों में संशोधन/डुप्लीकेट के लिए फार्म-8 आवेदकों के द्वारा भरें जायेंगे। बैठक में बताया गया कि मतदाताओं को बूथ लेविल अधिकारियों व सुपरवाईजरों, मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेण्ट, इलेक्टोरल लिटेज्सी क्लब, वोटर अवेयरनेस फोरम, प्रिंट मीडिया, फेसबुक, इंस्टाग्राम इत्यादि सोशल साइट्स व अन्य प्रचार-प्रसार के माध्यमों से जागरूक किया जायेगा। इसके साथ ही भावी युवा 18-19 वर्ष के मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम सम्मिलित किए जाने के लिए ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जाये। बैठक में उप निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 दिसंबर को

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज के तत्वाधान में दिनांक 9.12.2023 को प्रात 10:00 बजे से जनपद न्यायालय, प्रयागराज व समस्त तहसील में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पारिवारिक वाद, मोटर दुर्घटना वाद, राजस्व संबंधित वाद, बैंक के ऋण संबंधी वाद, विद्युत संबंधी वाद, फौजदारी वाद, आपसी सुलह समझौते के आधार पर होने वाले समस्त वादों का निस्तारण किया जाएगा। श्री संतोष राय जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों का निस्तारण कोविड 19 को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा समस्त वाद कारियो से अनुरोध है कि वे अपने मुकदमों के तस्दीक अधिवक्ता के द्वारा उचित माध्यम से लोक अदालत के आयोजन से पूर्व संपन्न करा ले जिससे उनके मुकदमों का निस्तारण किया जा सके ' यह जानकारी श्री सुभाष चंद मौर्य सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज द्वारा प्रदान की गई।

# जिला पंचायत सभागार में अमृत कलश यात्रा वंदनोत्सव का किया गया आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** आजादी का अमृत महोत्सव मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत गुरूवार को जिला पंचायत सभागार में अमृत कलश यात्रा के वंदनोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनपद के समस्त ब्लॉकों के अमृत कलशों का संग्रहण यहां किया गया, जिन्हें दिनांक 27.10.2023 की सुबह प्रदेश मुख्यालय लखनऊ के लिए प्रस्थान किया जायेगा। इस दौरान वीरों की गाथा विषयक अभिलेख प्रदर्शनी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा वंदे मातरम् गीत तथा लोकनृत्य कार्यक्रम की प्रस्तुती दी गई। इस अवसर पर सांसद इलाहाबाद डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि शहीदों के घर से आए मिट्टी और चावल को राजधानी लखनऊ और दिल्ली भेजा जाएगा, जिससे वीरों और शहीदों के प्रति सम्मान का भाव प्रकट होगा। सांसद फूलपुर श्रीमती केसरी देवी पटेल ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत आयोजित अमृत कलश यात्रा से प्रधानमंत्री जी के सपनो को साकार किया जाएगा। अमृत कलश अतिथियों का स्वागत तथा कार्यक्रम का संयोजन राकेश कुमार वर्मा, प्राविधिक सहायक द्वारा किया गया। इस अवसर पर महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वी.के. सिंह विधायक फाफामऊ गुरु प्रसाद मौर्या, विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी ने भी वीरों को नमन करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष, भाजपा गंगापार एवं यमुनापार अध्यक्षों सहित जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, जिला विकास अधिकारी भोलनाथ कनौजिया, जिला परियोजना निदेशक अशोक कुमार मौर्य, चंद्रबली पटेल, रंगबली पटेल, वीरेश कुमार उपनिदेशक पर्यटन, गुलाम सरवर पांडुलिपि अधिकारी, हरीशचंद्र दुबे, अजय मौर्य, मो सफीक, शुभम, राजू सहित संस्कृति विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों सहित गणमान्य जनों की उपस्थिति रही।





# भव्य कलश यात्रा के साथ दुर्लभ सत्संग का शुभारंभ

**करछना।** स्थानीय काली शक्तिपीठ स्थल के समीप भोला गार्डन, करछना में आयोजित पांच दिवसीय दुर्लभ सत्संग के पूर्व गुरुवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान आयोजक मण्डल की अगुवाई में भव्य कलश सजाकर गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई।कथा स्थल से आरंभ हुई कलश यात्रा जय श्री राम के जय घोष के साथ गांव के मंदिरों और करछना बाजार से होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पर समाप्त हुई। सैकड़ों महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा के दौरान मंगलगीत गाते हुए कार्यक्रम स्थल की परिक्रमा की। उसके उपरांत कार्यक्रम स्थल पर कलश स्थापना और पूजन किया गया। दुर्लभ सत्संग के आयोजक जितेंद्र प्रताप उर्फ भुगाई सिंह ने बताया कि इसके उपरांत अनवरत पांच दिनों तक सत्संग में संगीतमय कथा के अंतर्गत व्यासपीठ पर विराजमान स्वामी विजयानंद गिरी जी महाराज के श्री मुख से राम कथा ज्ञान गंगा प्रवाहित होगी। उन्होंने स्थानीय जनमानस से दुर्लभ सत्संग में शामिल होकर कथा श्रवण करते हुए पुण्य लाभ लेने की अपील की। कलश यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं बच्चे और गांव के लोग मौजूद रहे।

# 21वीं सदी स्टार्टअप का युगः डॉ. रीता बहुगुणा जोशी

## प्रदर्शनी में प्रयागराज के 22 स्टार्टअप्स ने लिया भाग

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी स्थित यूनाइटेड इनक्यूबेशन हब (यूआईएच) ने स्थानीय स्टार्टअप ग्रहिनी कला प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से गुरुवार को यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (यूआईटी) परिसर में प्रदर्शनी 'गृहोत्सव' का आयोजन किया। प्रदर्शनी में रंगोलीज बेक, प्रोफेशनल चायवाला, फैशन एडिक्ट्स और एल-प्रेस्टो पिज्जा सहित महिलाओं द्वारा संचालित 22 से अधिक स्टार्टअप सहित नेहरू ग्राम भारती, शुआट्स और यूनाइटेड यूनिवर्सिटी (यूयू) के स्टार्टअप्स ने भी भाग लिया। यूपी की पूर्व मंत्री और प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में किया। छात्रों को संबोधित करते हुए, डॉ. जोशी ने स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए जरुरी सहायता और सुविधाएं प्रदान करने के लिए यूआईएच और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ग्रहिनी कला प्राइवेट लिमिटेड की प्रशंसा की। स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा किए जा रहे प्रयासों को गिनाते हुए उन्होंने कहा कि 21वीं सदी स्टार्टअप का युग है जिसमें रोजगार पैदा करने की अपार संभावनाएं हैं।



प्रबंधक, राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (एनएसआईसी) प्रयागराज ज्योति निगोतिया ने कहा कि एनएसआईसी छोटे उद्योगों की रीढ़ है। यह नए स्टार्टअप को हर तरह का मार्गदर्शन देने के लिए प्रतिबद्ध है। यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी (यूआईपी) के प्रिंसिपल डॉ. आलोक मुखर्जी, यूआईटी के प्रिंसिपल प्रो संजय श्रीवास्तव और यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (यूआईएम-एफयूजीएस) के प्रिंसिपल डॉ. देवेंद्र तिवारी ने डॉ. रीता बहुगुणा जोशी और ज्योति निगोतिया को गुलदस्ता और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। यूआईएच प्रबंधक हर्षिता श्रीवास्तव ने स्टार्टअप शुरू करने में मदद करने के लिए यूआईएच और उसके प्रयासों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रदर्शनी के शीर्ष तीन स्टार्टअप को भी सम्मानित किया गया।

## बाबू ने एएनएम की नियुक्ति तिथि में किया फेरबदल

### प्रयागराज में 273 नवनियुक्त एएनएम का 15 दिन का रोका जाएगा वेतन, सीएमओ से हुई शिकायत

**प्रयागराज।** सीएमओ ऑफिस में एक बाबू की मनमानी से 273 नवनियुक्त एएनएम की नियुक्ति तिथि में फेरबदल कर दिया गया है। इससे इनका 15 दिन का वेतन प्रभावित हो रहा है साथ ही वह वरिष्ठता क्रम में पीछे हो जा रही हैं। इसकी शिकायत आज गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशु पांडेय से की गई। सीएमओ ने आश्वासन संबंधित बाबू को बुलाकर इसमें सुधार किए जाने का निर्देश दिया है। विभागीय लापरवाही का खामियाजा एएनएम को भुगतना पड़ रहा है। एएनएम द्वारा आरोप लगाया गया है कि बाबू की लापरवाही व मनमानी की वजह से उनकी नियुक्ति तिथि में बदलाव कर दिया गया है। जबकि दूसरे जनपदों में इन एएनएम की नियुक्ति तिथि 9 जून को ही माना गया है। सभी एएनएम का कहना है कि यदि इसमें सुधार नहीं किया गया तो इसकी शिकायत डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक से करेंगे।

### 9 जून को एक साथ हुई थी ज्वाइनिंग

पूरे प्रदेश में एक साथ 9 जून को सभी एएनएम की नियुक्ति हुई थी। प्रयागराज में भी इसी दिन 273 एएनएम की नियुक्ति हुई थी। सीएमओ आफिस से इसी दिन नियुक्ति पत्र तो दे दिया गया था लेकिन यह नहीं बताया गया कि उनकी तैनाती कहां पर किया गया है? आरोप है कि संबंधित बाबू ने रुपयों के लेनदेन के चलते जानबूझकर सेंटर एलॉट करने में देरी की। रुपये न देने पर उन्हें मुख्यालय से बहुत दूर भेजा गया। यही कारण रहा है कि एएनएम ड्यूटी कहां करें इसकी जानकारी नहीं हुई। अब इस मनमानी का परिणाम यह हुआ कि इनकी नियुक्ति 9 जून के बजाय 15 से 18 दिन बाद दिखाया जा रहा है जिसमें इन एएनएम की कोई लापरवाही नहीं है।इस संबंध में सीएमओ डॉ. आशु पांडेय ने कहा, कि इसकी शिकायत मिली है, एएनएम की इस समस्या का समाधान किया जाएगा, इसमें सुधार करने के निर्देश दिए गए हैं।

# नैनी में सज धज के साथ निकला सार्वजनिक रामलीला का राम दल

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी सार्वजनिक रामलीला मे लीला का शुभारंभ माननीय विधायक प्रयागराज उत्तरी हर्ष बाजपेई ने भगवान राम की आरती कर किया` सभी बड़े योद्धाओं के मारे जाने पर रावण स्वयं युद्ध करने आया` राम रावण का अत्यंत भीषण युद्ध हुआ` अंत में रावण राम के हाथों मारा गया ` चारों ओर सिया वर रामचंद्र की जय के जयकारे गूंजने लगे` बुधवार को सार्वजनिक रामलीला का राम दल अत्यंत सज धज के साथ निकाला` राम दल की अगुवाई भगवान गणेश कर रहे थे` उनके पीछे हनुमान जी, शंकर जी विराजमान थे` क्षीरसागर में शयन करते भगवान विष्णु, राधा कृष्ण का महारास, शिव तांडव, सुदामा कृष्ण मित्रता, महाकाली तांडव एवं अन्य नाट्यकला का प्रदर्शन करती झांकियों की छटा देखते ही बनती थी ` बच्चे बैंड बाजा की धुन पर नृत्य कर रहे थे` चौकियों के पीछे भगवान राम, लक्ष्मण, माता सीता एवं बजरंगबली ऐरावत हाथी पर विराजमान थे` नगर वासियों के द्वारा जगह जगह पर भगवान राम की आरती की गई एवं पुष्प वर्षा की गई` राम दल मे प्रमुख रूप से पार्षद व अध्यक्ष राकेश जायसवाल, महामंत्री नयन कुशवाहा, कोषाध्यक्ष दिलीप केसरवानी, आर के शुक्ला, समर बहादुर सिंह, पार्षद मयंक यादव, पार्षद पवन यादव, रण विजय सिंह, दीपू जायसवाल, धीरेंद्र यादव, शिव तिवारी, प्रमोद सिंह, हरे कृष्णा तिवारी, बृजेश सिंह, गुरु प्रकाश राव, शिव शंकर दीक्षित, वीरेंद्र शर्मा, शिव शंकर मिश्रा, सुरेश पटेल, धनंजय सिंह, धर्मराज पटेल, सचीन्द्र वैश्य आदि ने सहयोग किया।



## टेनिस बाल क्रिकेट में न्यू आरएसजे के बच्चों ने महर्षि विद्या मंदिर को हराया



**झूंसी।** न्यू आरएसजे पब्लिक स्कूल झूंसी नें तीसरी जिला प्रयागराज टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता अंडर 19 में महर्षि विद्या मंदिर नैनी को 6 विकेट से हराकर ट्राफी अपने नाम कर ली। जानकारी देते हुए न्यू आरएसजे पब्लिक स्कूल के कोच सुभाष ओझा ने बताया कि न्यू आरएसजे पब्लिक स्कूल ने क्वॉटर फाइनल में रेड ईगल पब्लिक स्कूल को 7 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमी फाइनल में न्यू आरएसजे पब्लिक स्कूल ने डीपीपीएस को 8 विकेट से हरा कर फाइनल में पहुच गई। फाइनल में महर्षि विद्या मंदिर स्कूल नैनी 6 ओवर में 33 रन बनाए वही न्यू आरएसजे पब्लिक स्कूल ने 4 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 34 रन बनाकर ट्राफी अपने नाम की। सभी खिलाड़ियों को प्रधानाचार्य ने बधाई दिया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# नैनी दशहरा सम्पन्न कराने में एसपीओ ने निभाई मुख्य भूमिका

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी में दशहरा को सम्पन्न कराने में एसपीओ टीम ने मुख्य भूमिका निभाई। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर उपजिलाधिकारी करछना एसीपी करछना एवं नैनी थाना प्रभारी के आदेशानुसार विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ टीम के प्रभारी अभय राज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद के निर्देश पर एसपीओ टीम के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने मिलकर नैनी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर नवरात्र दुर्गा पूजा, मुर्ति विसर्जन, रामलीला एवं नैनी दशहरा मेला में पुलिस प्रशाशन के साथ मिलकर विशेष पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने में एसपीओ टीम ने मुख्य भूमिका निभाई। नैनी दशहरा मेला में प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी ने एसपीओ टीम की कार्यों को देखकर टीम का आभार व्यक्त किया। वहीं एसीपी करछना अजीत सिंह चौहान ने टीम की प्रशंशा करते हुए प्रभारी अभय राज सिंह की टीम को प्रोत्साहित किया। नैनी दशहरा मेला में चप्पे चप्पे पर एसपीओ टीम नजर रखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग किया। ट्रैफिक नियम पालन कराने में अहम भूमिका निभाई। एसीपी करछना, प्रभारी निरीक्षक नैनी कोतवाली के समस्त चौकी प्रभारियों के साथ मेले में रातभर अपनी सेवा प्रदान करने में जुटे रहे। इस दौरान विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम के प्रभारी अभय राज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली संगठन सचिव रविंद्र सिंह थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा एलाउंसर इकरामुल्ला, मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल, मीडिया सहायक संदीप विश्वकर्मा, रामजी जायसवाल, समीर खान, दीपक कुमार, संजीव वर्मा, प्रदीप कुमार, तौसीफ खान, राजु साहनी, राकेश सोनकर, शनि देव सिंह, सोनू भारतीया, दिनेश सोनकर, वसीम खान, रहमान, दिनेश केसरवानी, तस्लीम खान, शुशील शर्मा, रमेश केसरवानी, उपेन्द्र सिंह, अरविंद विवेक पाल, सुरेंद्र गुप्ता, अश्वनी शर्मा, रमाशंकर चौरसिया, नौशाद, मो फिरोज, रामजी, सुभम प्रजापति, सौरभ प्रजापति आदि सदस्यगण मौजूद रहे।



# कोराव ब्लॉक मुख्यालय से निकाली गई कलश यात्रा

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को ब्लॉक मुख्यालय से ग्राम प्रधानों ग्राम पंचायत सचिव के द्वारा वृहद कलश यात्रा निकाली गई। ग्राम पंचायतों से कलश में एकत्रित की गई मिट्टी को ब्लॉक प्रमुख मुकेश कोल, खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र कुमार यादव, सहायक विकास अधिकारी पंचायत विवेक मिश्र, पूर्व चेयरमैन नरसिंह कुमार केसरी उर्फ गोपाल जी तथा ग्राम प्रधानों पंचायत सचिवों के द्वारा कलश यात्रा को बाजार में घूमते हुए जिला मुख्यालय पुलिस लाइन के लिए भेजा गया। कलश यात्रा एवं बंदनोत्सव कार्यक्रम में शामिल रहे ब्लॉक प्रमुख कोरावन मुकेश कोल ने कहा कि जिस उत्साह और जोश के साथ गांवो से मेरी माटी मेरा देश अभियान को लेकर कलश में मिट्टी एकत्रित की गई और सभी कलशो को ब्लॉक मुख्यालय पर एकत्रित कराया गया उसी उत्साह के साथ ग्राम प्रधानों एवं ग्राम पंचायत सचिवों ने शामिल होकर मिट्टी को भेजने का काम किया जो काबिले तारीफ है। इसी तरह कलश यात्रा में शामिल रहे नगर पंचायत कोरांव के पूर्व अध्यक्ष नरसिंह कुमार केसरी उर्फ गोपाल जी ने भी कलश यात्रा में शामिल रहे लोगों के उत्साह की सराहना की। खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र कुमार यादव कलश यात्रा में शामिल रहे ।ब्लॉक प्रमुख व अन्य पदाधिकारी के प्रति आभार ज्ञापित किया। कलश यात्रा में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष संजय सिंह पटेल, भाजपा महिला मोर्चा की जिला मीडिया प्रभारी संतरा देवी बिंद, प्रधान संघ के अध्यक्ष रामानुज यादव, अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन के मंडल महामंत्री अहद अहमद सिद्दीकी, ग्राम प्रधान वेद प्रकाश सिंह, ग्राम प्रधान देवराज सिंह, ग्राम प्रधान शिवलाल कनौजिया, ग्राम प्रधान मुरारी लाल मौर्य, ग्राम प्रधान मोहम्मद सद्दाम, ग्राम प्रधान शशिकांत कुशवाहा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा समेत सभी ग्राम पंचायत के ग्राम पंचायत सचिव शामिल रहे।






# सांसद प्रयागराज ने 'परिश्रम से प्रगति' पुस्तक का किया विमोचन

**नैनी।** नैनी अवंतिका कॉलोनी, एडीए, नैनी स्थित रामलीला पार्क में विजयादशमी के पावन पर्व पर सांसद प्रयागराज डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने कथावाचक पं. राजेंद्र प्रसाद शुक्ला व्यास जी द्वारा रचित पुस्तक परिश्रम से प्रगति का विमोचन किया` पुस्तक के शीर्षक परिश्रम से प्रगति पर बोलते हुए सांसद ने कहा कि यह बात पूर्णतः सत्य है कि प्रगति परिश्रम से ही होती है किंतु यह प्रगति एकांगी नहीं होनी चाहिए` प्रगति सदैव चतुर्दिक होनी चाहिए` हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि मानव जीवन में चार पदार्थ प्राप्त करने योग्य हैं अर्थ, धर्म, काम, और मोक्ष` हमें इस तरह कार्य करना चाहिए कि हमारे जीवन में इन चारों पदार्थों में संतुलन स्थापित हो` हमें परिश्रम ऐसे करना चाहिए की व्यैक्तिक प्रगति के साथ-साथ पारिवारिक, सामाजिक, राष्ट्रीय एवं व्यैश्विक प्रगति भी हो` उन्होंने पुस्तक के लेखक एवं संस्थापक पं. राजेंद्र प्रसाद शुक्ला व्यास जी को उनके इस नेक कार्य के लिए बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की` पुस्तक लेखक पं. राजेंद्र प्रसाद शुक्ला व्यास सी ओ डी, छिवकी मे सन 1976 से 2015 तक कार्यरत रहे हैं` उन्होंने राजभाषा हिंदी की बड़ी सेवा की है` हिंदी निबंध, वाद विवाद एवं भाषण प्रतियोगिताओं में कई पुरस्कार प्राप्त किये हैं` सन 2002 से 2015 तक केंद्रीय सचिवालय हिंदी परिषद, सी ओ डी, छिवकी के अध्यक्ष रहे हैं ` विगत कई वर्षों से वह भागवत कथा वाचन कर रहे हैं ।

# नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का हुआ शुभारंभ

## सैकड़ो महिलाओं ने सिर पर रखा कलश, ढोल नगाड़े व डीजे के साथ निकाली यात्रा

**अखंड भारत संदेश**

**जसरा।** बृहस्पतिवार को जसरा नई बाजार में शांति कुंज हरिद्वार के तत्वाधान में कलश यात्रा निकाली गई जिसमे सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश रख कर गाजे बाजे के साथ यात्रा निकाली भीड़ अधिक थी जिसको देखते हुए सड़क के दोनो ओर पुलिस बल के सिपाहियों ने जाम नही लगने दिया और एक एक कर सारी गाड़ियों को निकाला। बता दे की नौ कुंडीय महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा एक हफ्ते तक चलेगी जो प्रतिदिन शाम 4 बजे से 9 बजे तक रहेगी। भंडारे का कार्यक्रम 31 अक्टूबर को होगा। कथा वाचिका साध्वी डॉ अर्चना मिश्रा ने बताया कि गायत्री मंत्र का जाप सभी के लिए उपयोगी है, किंतु विद्यार्थियों के लिए तो यह मंत्र बहुत लाभदायक है। रोजाना इस मंत्र का एक सौ आठ बार जप करने से विद्यार्थी को सभी प्रकार की विद्या प्राप्त करने में आसानी होती है। आगे उन्होंने कहा की कम से कम भगवान की भक्ति बिना स्वार्थ के सिर्फ कर्तव्य भाव से करनी चाहिए और बच्चों को भी यही सिख देनी चाहिए अगर हम ऐसा नहीं करेंगे तो हमारी जरूरत खत्म हो जाने पर उन्हें हम बोझ लगने लगेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिव पूजन केसरवानी, राम सुंदर केसरवानी लल्ला, पूर्व प्रमुख घनश्याम कोटर, पंकज केसरवानी, गोपाल दास केसरवानी, शंकर लाल मधुकर, जिला पंचायत सदस्य बृजेश यादव, नीरज केसरवानी, विपिन यादव, आशीष सोनकर, अवध लाल, चंद्र प्रकाश केसरवानी, राजू सेठ, बड़ेलाल केसरवानी, राजकुमार, बबलू डंडा, राम केसरवानी, सुधीर केसरवानी, रतन, ललई, सतीष खरे, चिंटू केसरवानी, श्रीराम केसरवानी, छोटकऊ केसरवानी, राजेंद्र प्रसाद, मोहन लाल, झुन्नू बिहारी, अनिल, फूल चंद, सूरज, बाबूजी, बाबूराम, छोटू, विपिन, अंबुज, धीरज सहित अखिल विश्व गायत्री परिवार श्री वेद माता गायत्री प्रज्ञा पुराण जसरा बाजार प्रयागराज व समस्त गण मान्य मौजूद रहे।



अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़ संदेश

प्रयागराज, शुक्रवार
27. 10. 2023



# राजनैतिक दल विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान आवेदन पत्र भरवाने में करें सहयोगः डीएम

## डीएम ने निर्वाचक नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के साथ की बैठक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 के सम्बन्ध में जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्टेज्ट सभागार में समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि अर्हता तिथि 01.01.2024 के आधार पर निर्वाचन नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 27 अक्टूबर को किया जायेगा।

दावे और आपत्तियाँ 27 अक्टूबर से 09 दिसम्बर 2023 तक प्राप्त की जायेंगी। दावे और आपत्तियाँ प्राप्त करने हेतु विशेष अभियान 04 नवम्बर, 05 नवम्बर, 25 नवम्बर, 26 नवम्बर, 02 दिसम्बर एवं 03 दिसम्बर को चलाया जायेगा। दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण 26 दिसम्बर 2023 को किया जायेगा तथा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का अन्तिम प्रकाशन 05 जनवरी 2024 को किया जायेगा। उन्होने कहा कि समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल विधानसभावार/मतदेय स्थलवार बीएलए नियुक्त कर सूची जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध करा दें। आयोग के निदेर्शानुसार बूथ लेविल एजेन्ट द्वारा एक बार में 10 और पूरी पुनरीक्षण अवधि में कुल 30 फार्म आवश्यक घोषणा पत्र के साथ जमा कराये जा सकते है। सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा बीएलओ एवं सुपरवाइजर की नियुक्ति की जा चुकी है। अपडेट सूची तहसीलों में मांगी गयी है जो



राजनैतिक दलों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी।

शीघ्र ही उपलब्ध करा दी जायेगी। सभी मतदान केन्द्रो पर एक हेल्पडेस्क की स्थापना निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा की जानी है जो मतदाताओं को फार्म भरने में सहायता करेंगे।

उन्होंने कहा कि सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को आलेख्य प्रकाशन के प्रयोगार्थ समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची उपलब्ध करायी जायेगी। मतदाता सूची की गहनता से अपने अपने अधीनस्थ बूथ लेबिल एजेन्टों के माध्यम से दिखवा लिया जाये, यदि कोई त्रुटि या किसी अर्ह मतदाता का नाम सम्मिलित करने से छूट गया हो तो दिनांक 27 अक्टूबर से प्रारम्भ हो रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान आवेदन पत्र भरवाकर मतदाता सूची को अद्यावधिक कराने में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें, यदि किसी भी प्रकार की समस्या हो तो समय से अवगत करा दिया जाये जिससे उसका समाधान किया जा सके। फार्म-6 का प्रयोग नये मतदाताओं अर्थात 18 वर्ष से 21 वर्ष के युवा/युवतियों का नाम निर्वाचक नामावली में शामिल करने के लिये किया जायेगा। उन्होने सभी राजनैतिक दलों से अनुरोध करते हुये कहा कि अधिक से अधिक फार्म आनलाइन भराने की कार्यवाही करायें। आनलाइन फार्म भरने हेतु कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ की वेबसाइट पर सुविधा उपलब्ध है। मतदाता पहचान पत्र में यदि किसी भी प्रकार की त्रुटि है तो फार्म-8 के माध्यम से मतदाता पहचान पत्र सही कराया जायेगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, भाजपा के जिलामंत्री रामजी मिश्र, सीपीएम के लाल बहादुर तिवारी, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी, बसपा के जिला प्रभारी अश्विनी राणा, सपा के जिला उपाध्यक्ष मो0 वासिक खान, प्रदेश महासचिव विधि मंच अपना दल एस के परमानन्द मिश्र सहित जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जर्जर छत गिरने से बाल बाल बचे बच्चे, हडकम्प

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर ब्लाक अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के पठन-पाठन के दौरान जर्जर छत में लगी कंक्रीट आदि गिरने से हडकंप मच गया। बच्चों ने बाहर भागकर जान बचायी। घटना में किसी के हताहत न होने से शिक्षकों ने राहत की सांस ली। सांगीपुर ब्लाक अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय देवसढ़ा में गुरूवार को सुबह एक कक्षा में बच्चों की पढ़ाई चल रही थी।

इसी बीच कमरे की जर्जर छत में से कंक्रीट टूटकर नीचे गिरने लगी। गनीमत रही कि कंक्रीट गिरने की जगह पर कोई छात्र नहीं बैठा था। छत से कंक्रीट गिरते देख कक्षा में मौजूद छात्र शोर मचाते बाहर भाग निकले। बच्चों का शोरशराबा सुनकर प्रधानाध्यापक मोहिनी कुमार सिंह



प्राथमिक विद्यालय देवसढ़ा में कक्ष की जर्जर छत।

भी भागकर वहां पहुंचे। घटना में किसी बच्चे को चोट न लगने की जानकारी होने पर राहत की सांस ली। प्रधानाध्यापक ने बताया कि कक्ष का निर्माण वर्ष 2012-13 में हुआ था। लेकिन यह इस समय जर्जर अवस्था में है। घटना में कोई हताहत नही हुआ है। मामले की जानकारी खण्ड शिक्षा अधिकारी व बीएसए को दी गई है।

# 19 नवंबर से पट्टी में लगेगा ऐतिहासिक दशहरा मेला

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** श्री रामलीला समिति द्वारा नगर में आयोजित होने वाला ऐतिहासिक दशहरा मेला 19, 20 व 21 नवम्बर 2023 को सम्पन्न होगा। मेले का ऐतिहासिक भरत मिलाप 21 व 22 नवम्बर 2023 की रात्रि को सम्पन्न होगा। इस आशय का निर्णय नगर स्थित विवाह मण्डप में समिति के आमसभा की बैठक में लिया गया।

इसके पूर्व बैठक में विगत वर्ष का लेखा-जोखा कोषाध्यक्ष पंकज खण्डेलवाल द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसे सभी नगर निवासियों ने करतल ध्वनि से पारित किया। इसके बाद कमेटी के भंगकर पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष-जुग्गी लाल जायसवाल, उपाध्यक्ष राम प्रकाश जायसवाल, रामचन्द्र जायसवाल व अवधेश सिंह, प्रबन्धक सुरेश कुमार

### भरत मिलाप का आयोजन 21 नवम्बर को

जायसवाल, उप प्रबन्धक अखिलेश जायसवाल, सह प्रबन्धक प्रमोद खण्डेलवाल, राम चरित्र वर्मा व रमेश सोनी, महामंत्री अशोक कुमार श्रीवास्तव, मंत्री सत्य नारायण खण्डेलवाल, सह मंत्री बृजेश सिंह, कोषाध्यक्ष पंकज खण्डेलवाल, आय-व्यय निरीक्षक लालचन्द्र मोदनवाल, प्रचार मंत्री चंद्रकेश सिंह, सह प्रचार मंत्री सजीवन सोनी, विधिक सलाहकार अनिल कुमार श्रीवास्तव व वरूण पाण्डेय चुनें गये। इसी के साथ ही पवन खण्डेलवाल, रमेश बरनवाल, अनुराग खण्डेलवाल, प्रखर खण्डेलवाल शीतला प्रसाद सरोज, घनश्याम घायल, राकेश सिंह उर्फ लाल सिंह, आशीष तिवारी, रवि कुमार, अनिल खण्डेलवाल, अरविन्द तिवारी व तरूण पाण्डेय को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। इसी के साथ मेले के सुचारू रूप से संचालन के लिए प्रबन्ध समिति का गठन किया गया जिसके संरक्षक राकेश कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, हाजी सहीद खां, खेदनलाल जायसवाल, डा॰ के॰एल॰ विश्वकर्मा, अतुल कुमार खण्डेलवाल, डा॰ शकील अहमद बनायें गये। बैठक की अध्यक्षता जुग्गी लाल जायसवाल व संचालन महामंत्री अशोक कुमार श्रीवास्तव ने किया। बैठक में नगर पंचायत पट्टी के अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल, विपिन सिंह, प्रिंस बरनवाल, विशाल मोदनवाल, पिन्टू ऊमरवैश्य, संतोष ऊमरवैश्य, राम प्रकाश जायसवाल, धर्मेन्द्र जायसवाल, अमित जायसवाल, राजू जायसवाल, रामलाल जायसवाल उर्फ पाले समेत अनेक नगरवासी मौजूद रहे।

# अवैध तमन्चा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध/अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना कुण्डा से उ0नि0 उ0नि0 योगेन्द्र सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थानाक्षेत्र कुण्डा के जंगल बैंक आफ बड़ौदा कस्बा कुण्डा के पास से एक अभियुक्त अनिल सरोज पुत्र मटरु लाल सरोज नि0ग्राम बरई पछिया कुण्डा थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ को एक अदद अवैध तमन्चा 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 387/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# प्रतापगढ़ मे बनेगा भव्य क्षत्रिय भवनः कुंवर हरिवंश सिंह

## क्षत्रियों को हक अधिकार परिक्रमा नहीं पराक्रम से हासिल होगाः हरिप्रताप सिंह

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राम भरत मिलाप क्षत्रिय स्वाभिमान सम्मेलन में आयोजित हादी हाल मे पूर्व सांसद लोकसभा डॉ कुंवर हरिवंश सिंह ने कहा कि देश में क्षत्रियों में अपने हक अपने अधिकारो को लेकर जाग्रति आ गई। राजा का काम सारी प्रजा का ध्यान रखना क्षत्रिय जातिय नही एक धर्म है।

पूर्व सांसद ने कहा कि देश मे गुरुकुल विधालय खोले जाय सैन्य पाठ्यक्रमो को लागू किया जाय। सबको शास्त्रो के साथ शस्त्र का प्रशिक्षण जरूरी स्वरोजगार पर कार्यशाला का



क्षत्रिय स्वाभिमान सम्मेलन में बोलते पूर्व सांसद कुंवर हरिवंश सिंह।

आयोजन हो युवा संस्कार शिविर का आयोजन नशा मुक्ति कार्यक्रमो के साथ संगठन दहेज रहित सामूहिक शादियों युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन कर रही है। नगर पालिका अध्यक्ष पूर्व विधायक हरि प्रताप सिंह ने कहा शिक्षा बहुत जरूरी है। क्षत्रियों को अपने हक के लिए प्रभु श्री राम के आदर्शो पर चलना होगा। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय महामंत्री राघवेन्द्र सिंह राजू ने कहा कि कुर्सी पाने व चोला का रंग बदलने का दौर है।.वोट बैक की राजनीति ने जातियों मे उन्माद पैदा किया यह बहुत चिंतन है। प्रदेश महामंत्री संतोष सिह ने कहा कि भरत ने एक आदर्श प्रस्तुत किया हमे भी अपने संगठन परिवार अपने घर को संस्कार संस्कृति राम भरत मिलाप पर प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम मे जिला अध्यक्ष जबर सिह ने सबको सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन मनोज सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष द्वारा किया गया। इस दौरान क्षत्रिय भवन निर्माण में दर्जनों लोगों द्वारा चंदा देने का संकल्प लिया गया।



खेल प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ीगण।

# खेल प्रतियोगिता में जोगापुर के खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** गुरूवार को स्टेडियम में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में कंपोजिट स्कूल जोगापुर के खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। चार सौ मीटर दौड़ में लाजू विश्वकर्मा, सत्यम सरोज, और गोला फेंक में आर्यन प्रजापति ने बेहतर प्रदर्शन किया। ब्लाक के व्यायाम शिक्षक शैलेश सिंह और टीम प्रभारी राजेश कुमार ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# राजेश यादव बने सपा के लालगंज ब्लाक अध्यक्ष, खुशी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर विधानसभा क्षेत्र रामपुर खास के लालगंज ब्लाक इकाई का अध्यक्ष नामित किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष रामपुर खास रामधन यादव ने जारी विज्ञप्ति में कहा है कि शीर्ष नेताओं व कार्यवाहक जिलाध्यक्ष गुलशन यादव की संस्तुति पर अगई निवासी अधिवक्ता राजेश यादव को सपा की लालगंज ब्लाक इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। मनोनीत ब्लाक अध्यक्ष ने पार्टी के प्रति पूरी निष्ठा से कार्य करने का भरोसा दिलाया। अधिवक्ता राजेश यादव को समाजवादी पार्टी की लालगंज ब्लाक इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किये जाने की जानकारी होने पर क्षेत्र के मानवेन्द्र सिंह यादव, सोहित तिवारी, अंकित यादव, अमर गौतम, साहिल मिश्र, विजय यादव, जितेन्द्र, मोनू यादव, राहुल, अरूण गौतम आदि ने खुशी जतायी है।

# गैंगेस्टर के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** थाना फतनपुर से थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र फतनपुर के विरईपुर नहर पुलिया के पास से थाना रानीगंज के मु0अ0सं0 344/2023 धारा 2/3 यूपी गैंगेस्टर एक्ट थाना रानीगंज, प्रतापगढ़ से संबंधित एक वांछित अभियुक्त शशि मिश्रा पुत्र रमेश कुमार मिश्रा नि0ग्राम नौबस्ता(चौखड़ा) थाना देल्हूपुर, जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया।

# भरत मिलाप को लेकर दुल्हन की सजा घंटाघर



घंटाघर की सफाई करते नपा कर्मचारी।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भरत मिलाप को देखते हुए रामलीला एवं अध्यक्ष नगर पालिका के निर्देशन में आज शहर में भरत मिलाप के लिये चैकियों के रास्ते में पड़ने वाले सिप्तैन रोड में नगर पालिका ने जेसीबी लगाकर अतिक्रमण हटाया।

इसके अलावा चैक घंटाघर पर सफाई व धुलाई कर घंटाघर के सामने आकर्षक रंगोली बनाई। इसके अलावा चैक घंटाघर को जहां राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघन चारों भाई मिलते हैं, उसे दुल्हन की तरह सजाया गया है। शाम होते ही चैक घंटाघर व चारों दिशाओं की सड़कें बिजली की रोशनी से जगमग हो उठी। नगर पालिका रामलीला समिति के सहयोग में भरत मिलाप सकुशल सम्पन्न कराने में सहयोग कर रही ह। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह व ईओ राम अचल कुरील के निर्देशन में आज भंगवा चुंगी से लेकर सिप्तैन रोड तक तथा कम्पनी गार्डेन से लेकर जेल रोड तिराहे तक तथा इसके अलावा अन्य प्रमुख सड़कों पर सफाई की गई तथा चूने का छिड़काव किया गया। यह कार्य उन विशेष क्षेत्रों में किया गया, जहां से भरत मिलाप की चैकियां रात भर निकलेंगी।

# अवैध पटाखों के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना जेठवारा से उ0नि0 विजय बहादुर सिंह व उ0नि0 संजय कुमार यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र जेठवारा के नहर पटरी ग्राम उमरी के पास से एक अभियुक्त राजेन्द्र गौतम उर्फ छोटू उर्फ कबीर पुत्र ब्रम्हादीन उर्फ बरमादीन नि0ग्राम शाह गरीब की तकिया सराय इन्द्रावत डेरवा बाजार थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ को 11 बोरी निर्मित पटाखा व 03 बोरी अर्धनिर्मित पटाखो (बारुद से बने हुए) के साथ गिरफ्तार किया गया।

# भरत मिलाप के लिये छह जिलों की लगी फोर्स, 112 प्वाइंट पर स्थायी पुलिस

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर का ऐतिहासिक भरत मिलाप संपन्न कराने के लिए रामलीला कमेटी के साथ पुलिस प्रशासन ने भी अपनी तैयारी पूरी कर ली है। छह जिलों की पुलिस फोर्स यहां भरत मिलाप कराने आ रही है। पूरे शहर को चार जोन में बांटकर चैक के पास स्थित मकंद्रूगंज पुलिस चैकी को कंट्रोलरूम बनाया गया है। भरत मिलाप में गुरुवार सारी रात झांकियां देखने के लिए शहर में भारी भीड़ के बीच अराजकतत्वों पर नजर रखने के लिए पुलिस लाइन के साथ ही कई थाने की फोर्स की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा कौशांबी, फतेहपुर, बांदा, हमीरपुर, चित्रकूट और महोबा से करीब 500 पुलिसकर्मी आ रहे हैं। भरत मिलाप में करीब 2000 हजार पुलिस के जवान तैनात होंगे।

पूरे शहर को चार जोन में बांटा गया है। हर जोन में एक क्यूआरटी मोबाइल रहेगी। 112 स्थान पर महिला सिपाहियों के साथ पुलिस की फिक्स ड्यूटी लगाई गई है। मकंद्रूगंज चैकी को कंट्रोलरूम बनाकर सभी सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे से गतिविधि पर नजर रखी जाएगी। मेले में करीब 200 पुलिसकर्मी सादे कपड़े में लोगों की हरकत पर नजर रखेंगे। प्रतापगढ़ पुलिस अधीक्षक श्री सतपाल अंतिल ने पुख़्ता इंतजाम कर रखा है। 2000 पुलिस कर्मी 112 निगरानी पॉइंट के जरिए शांति व्यवस्था की निगरानी करेंगे। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निदेर्शानुसार ड्रोन कैमरे का भी इंतजाम है जिससे अराजकतत्वों पर निगरानी रहेगी। हर झांकियों के साथ भी पुलिस बल तैनात रहेगा।

# कुंडा तहसील के लेखपाल की शिकायत पहुंची उप मुख्यमंत्री तक, क्षेत्र में मचा हड़कंप

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रदेश की योगी सरकार का भय कुंडा तहसील मे नही दिखाई दे रहा है तभी तो बेखौफ होकर हल्का लेखपाल वरासत दर्ज करने के नाम पर किसानों को लूट रहे है जिसकी शिकायत ग्राम पंचायत कडरौ के ग्राम प्रधान व ग्रामीणो ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से किया जंहा से 2 अगस्त 23 को जिलाधिकारी को लिखित आदेश हुआ कि आरोपित लेखपाल के ऊपर लगे आरोप की किसी अन्य अधिकारी से जाँच कराकर रिपोर्ट सौपे।

जिस पर कोई कारवाई न होने पर पुनः उप मुख्यमंत्री के यंहा से 25 अगस्त 23 को रिमांडर जिलाधिकारी को भेजा गया जब बुधवार को गांव के रामदेव पटेल से आरोपित लेखपाल द्वारा लिया गया।

वरासत दर्ज करने का पैसा लेने का वीडियो व उप मुख्यमंत्री का रिमांडर पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो मोहकमा मे हड़कंप मच गया और आनन फानन मे कुंडा कानूनगो सतीशचन्द श्रीवास्तव ग्राम प्रधान रामप्यारे सरोज के पास पहुँचे और उनसे आरोपित लेखपाल के क्रिया कलापो की जानकारी लेते हुए लिखित बयान लिया और कुछ ग्रामवासियो का भी बयान लिया जिस पर एक दो दिन मे अपनी जाँच रिपोर्ट तहसीलदार को भेजने की बात कही है। मामला उप मुख्यमंत्री के दरवार मे शिकायत पहुंच जाने से विभाग मे हड़कंप मचा हुआ है।

# नवाबगंज थाना क्षेत्र के 82 गाँव मे 7 लेखपाल, कैसे चले काम

अखंड भारत संदेश

**परियावां।** प्रतापगढ़। ग्रामीण क्षेत्रो मे राजस्व कर्मी लेखपाल की कमी के चलते किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसका नजारा जनपद के नवाबगंज थाना क्षेत्रो मे देखने को मिल रहा है। विभागीय सूत्र बताते है कि नवाबगंज सर्किल क्षेत्र के 82 गांव मे कुल 9 लेखपाल की नियुक्ति है जिसमे 2 लेखपाल का प्रमोशन हो गया है अब केवल 7 लेखपाल के जिम्मे 82 गांव चल रहे है ऐसे मे जमीनी विवाद की समस्याओ का निपटारा समय पर नही हो पा रहा है एक लेखपाल के पास 8 से 10 गांव है जिससे दिक्कत का सामना करना पड़ रहा कि गांव की जमीनी विवाद का समय से निपटारा न होने से लेखपालों के ऊपर बोझ बढ़ता जा रहा है एक लेखपाल के पास कम से कम 4-5 गांवो का भार होना चाहिए ताकि विवादित मामला जल्दी निपटाया जा सके।

# युवती की मौत की नहीं सुलझी गुत्थी, पोस्टमार्टम से खुलेगा राज

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बुधवार की शाम को पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रघईपुर गांव की एक युवती के मौत के मामले में अभी तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार हो रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उसकी मौत का राज खुल सकता है। बुधवार की शाम को गंभीर हालत में युवती को सीएचसी लाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। गांव की एक 19 वर्ष युवती को गंभीर हालत में बुधवार की शाम 5 बजे के आसपास सीएचसी पट्टी लाया गया। मृत घोषित करने के बाद परिजन युवती के शव को घर ले जाने का प्रयास कर रहे थे। सीएचसी अधिक्षक ने इसकी जानकारी तत्काल पट्टी थाना प्रभारी को दे दी। सूचना मिलते ही पट्टी पुलिस सीएससी पहुंच गई तो पता चला कि यह मामला आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र से संबंधित है जिसकी जानकारी फोन के माध्यम से आसपुर देवसर पुलिस को दी गई है। राम प्यारे की पुत्री सरिता उम्र लगभग 19 वर्ष को परिजन पट्टी सीएचसी लेकर आए। जहां पर इलाज के उपरांत डॉक्टर ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। सीएससी अधीक्षक ने बताया कि युवती के गले में निशान है। पुलिस ने सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मार्ग दुर्घटना में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गयी। घटना को लेकर मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के धधुआ गाजन गांव की निमरा देवी पत्नी सोहन ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सत्रह अक्टूबर को दोपहर दो बजे घर के समीप मौजूद उनके पति को बाइक चालक ऋषि जोशी निवासी अज्ञात ने तीव्र गति से लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दिया। गंभीर रूप से घायल पीड़िता के पति सोहन की इलाज के दौरान पचीस अक्टूबर को मौत हो गयी।

# जनपद के नगर निकायों एवं विकास खण्डों से लाये गये अमृत कलश को किया गया एकत्र

## अध्यक्ष जिला पंचायत, जिलाधिकारी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ने मेरी माटी-मेरा देश अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर किया शुभारम्भ

**अखंड भारत संदेश**




**कौशाम्बी।** जनपद स्तर पर डायट मैदान में आयोजित मेरी माटी-मेरा देश अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर अध्यक्ष,जिला पंचायत श्रीमती कल्पना सोनकार जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में जनपद के सभी नगर निकायों एवं विकास खण्डों से जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा शोभायात्रा के साथ लाये गये अमृत कलश को एकत्र किया गया अध्यक्ष जिला पंचायत ने कहा कि कौशाम्बी की माटी बहुत ही पूण्य एवं पवित्र है। यहॉ की मिट्टी पर भगवान श्रीराम के चरण पडें एवं भगवान श्रीराम ने रात्रि विश्राम किया। भगवान श्रीकृष्ण ने संदीपन में शिक्षा-दीक्षा ग्रहण की। गौतम बुद्ध ने कौशाम्बी की धरती पर चौमासा बिताया कौशाम्बी की धरती जैन धर्म के छठे तीर्थकर भगवान पदमप्रभु की धरती है। उन्होंने स्वतन्त्रता सेनानी दुगार्भाभी को नमन करते हुए कहा कि कौशाम्बी की धरती वीर सपूतों की धरती है। सीडीओ डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश के तहत जनपद स्तर पर अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।प्रधानमंत्री की संकल्पना के अनुरूप घर-घर से एक मुट्ठी मिट्टी/एक चुटकी अक्षत अमृत कलश में एकत्र कर ग्राम पंचायत स्तर पर लाया गया। ग्राम पंचायतों से शोभा यात्रा के साथ ब्लाक स्तर अमृत कलश को लाया गया तथा आज शोभा यात्रा के साथ ब्लाक स्तर से अमृत कलश को जनपद स्तर पर लाया गया इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक भव्य रूप से आयोजित करने में जनपद के जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य पूर्व विधायक लाल बहादुर ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया अध्यक्ष जिला पंचायत एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ने कृषक गिरजा सिंह को उ0प्र0 मिलेट्स पुनरोद्धार योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में श्रीअन्न बाजरा फसल का उत्पादन किये जाने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया इस अवसर पर संस्कृति विभाग द्वारा भेजे गये कलाकार अशुतोष श्रीवास्तव एवं सीमा पटेल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जनपद के सभी नगर निकायों एवं विकास खण्डों से जनपद स्तर पर लाये गये अमृत कलशों को दिनांक 27 अक्टूबर 2023 को प्रातः 07 बजे भव्य कार्यक्रम के साथ लखनऊ के लिये भेजा जायेगा इस अवसर पर अध्यक्ष डीसीएफ शिव मोहन मौर्य संजय जायसवाल ओम प्रकाश कुशवाहा कविता पासी भोला यादव वीरेंद्र फौजी जितेंद्र सोनकर भोले शंकर सहित सम्बधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### अमृत कलश यात्रा बैंड बाजा के साथ जिला मुख्यालय को रवाना




**अझुवा कौशांबी** भारत सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा बैंड बाजे व राष्ट्रभक्ति धुनों के साथ आदर्श नगर पंचायत अझुवा से मुख्यालय को रवाना हुई। चेयर मैन प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा एवम वरिष्ठ लेखा लिपिक साकेत चंद्र श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर नगर पंचायत अझुवा की अधिकतर गलियों में राष्ट्रभक्ति गीत एवम गाजे बाजे के साथ मुख्यालय को रवाना की गई है। आज गुरुवार दोपहर बाद नगर पंचायत कार्यालय से मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत नगर के विभिन्न वार्डों से एकत्रित की गई मिट्टी वा चावल से भरे कलश को चेयरमैन प्रतिनिधि ने रवाना किया ओमप्रकाश कुशवाहा ने बताया कि यह कार्यक्रम पूरे देश में चलाया गया है जिसका उद्देश देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर राष्ट्र के मान सम्मान में अपना सब कुछ न्यौछावर करने वाले शहीदों का स्मरण करना है इस दरम्यान नगर पंचायत के सभासद फूल चंद्र केसरवानी,रामबाबू मोदनवाल,रमेश,शत्रुघ्न गुप्ता,सुघर सिंह,सुरेश मौर्य,हीरालाल मौर्य, गुड्डू दराना, गुड्डू कुशवाहा, हेड मुहार्रिर मनोज कुमार सहित नगर पंचायत के गणमान्य लोग, नगर कर्मी मौजूद रहे।

### अनियंत्रित बाइक सवार पीछे से ट्रक में जा घुसा गम्भीर घायल




**कोखराज कौशाम्बी** कोखराज क्षेत्र के मलाक भायल पेट्रोल पंप के सामने खड़े ट्रक में पीछे से आ रहा बाइक सवार तेज रफ्तार में जा घुसा जिससे बाइक सवार गम्भीर घायल हो गया हादसे की सूचना कोखराज पुलिस को दी गयी मौके पर पुलिस ने पहुँच कर एम्बुलेंस की मदद से घायल को नजदीकी नवजीवन अस्पताल में भर्ती कराया है वही घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गयी जानकारी मिलते ही मौके पर परिजन भी पहुंच गए हैं खड़ी ट्रक में हादसा के वक्त ड्राइवर मौजूद नही था। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के मालक निंदूरा गांव निवासी राजेंद्र उम्र 35 वर्ष पुत्र भोला पटेल गुरुवार को मोटरसाइकिल से अपने ससुराल धन्नी गांव जा रहे थे जैसे ही वह कोकराज थाना क्षेत्र के मलाक भायल पेट्रोल पंप के पास पहुंचे सामने खड़ी ट्रक में पीछे से टकरा गए हैं जिससे राजेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए हैं हादसा देख मौके पर तमाम ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना मिलती ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उसकी हालत गंभीर बताई जाती है।

### एडीएम ने ग्रहण किया पदभार




कौशाम्बी नवागत अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड ने गुरुवार को अपर जिलाधिकारी वि.रा. कौशाम्बी का पदभार ग्रहण किया नवागत अपर जिलाधिकारी 2015 बैच के पीसीएस अधिकारी है। सिटी मजिस्ट्रेट, इटावा एवं उप जिलाधिकारी,मेरठ के पद पर वह कार्यरत रह चुकें है।

# मुकुट शस्त्र और गणेश पूजन से रामलीला महोत्सव का शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

### नगर पंचायत अझुवा में 2 और 3 नवंबर को विशाल मेले का होगा आयोजन



**अझुवा कौशांबी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा के गांधी चबूतरा मैदान पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री राम कथा के रूप में रामलीला कार्यक्रम का मंचन गुरुवार को शुरू हो गया। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में पंडित शिवराम मिश्रा द्वारा विधि विधान से वेद मंत्रोचारण के साथ धनुष मुकुट पूजन आरती कर राम लीला का शुभारंभ किया है पूजन के बाद गांधी चबूतरे मैदान पर सजे आकर्षक मंच पर रामलीला मंडली ( फतेहपुर आवास विकास कालोनी)के कलाकारों ने नारद मोह के मंचन से भव्यता प्रदान की है वहीं रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश कुशवाहा ने बताया कि नगर पंचायत अझुवा में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री रामलीला कमेटी अझुवा उत्कृष्ट कलाकारों द्वारा दिनांक 26 अक्टूबर दिन गुरुवार से 3 नवंबर दिन शुक्रवार तक रामलीला कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है नगर पंचायत अझुवा में 2 और 3 नवंबर को विशाल मेले का आयोजन होगा जिसे देखने के लिए दूर दराज से दर्शक पहुंचकर रामलीला, रोशनी कमेटी का उत्कृष्ट प्रदर्शन, विभिन्न प्रकार की आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन देखेंगे। इस अवसर पर कपूर चंद्र केसरवानी, विपिन मोदनवाल, सौरभ केसरवानी, अरविंद केसरवानी, फूल चंद्र केसरवानी, रामबाबू मोदनवाल ,पंकज मौर्य, हीरालाल मौर्य, सुरेश केसरवानी सहित सैकड़ों गणमान्य लोग एवम आमजनमंस मौजूद रहे।

# शास्त्रीय समूह नृत्य भाषण वाद विवाद प्रश्नोत्तरी पोस्टर मेहदी रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**




**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशाम्बी में 26 अक्टूबर को युवा उत्सव 2023- 24 का आयोजन किया गया। युवा उत्सव 2023- 24 का उदघाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 अरविंद कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर द्वीप प्रज्ज्वलित कर एवम माल्यापर्ण कर किया। युवा उत्सव में एक गायन, सुगम एवम शास्त्रीय लोक गायन वादन, एकल नृत्य सुगम एवम शास्त्रीय समूह नृत्य , भाषण, वाद- विवाद, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर, मेहदी एवम रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया महा विद्यालय के प्राचार्य डॉ0 अरविंद कुमार ने युवा प्रतिभागियों के उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि युवा छात्र छात्राओं को अपने व्यक्तिव विकास में सांस्कृतिक कार्यक्रमो में बढ़चढ़ करके प्रतिभाग करना चाहिए जिससे उनका सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास हो सके उन्होंने चंद लाइनों से अपनी बात समाप्त किया-देर तो नहीं हुई अभी अभी तो आगाज हुआ है इन्ही युवाओं से विकसित समाज हुआ है माना कि हम हुनरमंद नहीं है तो क्या हुआ कोई हमारे बीच से निकला ही कला का बेताज बादशाह हुआ है। महाविद्यालय के प्राध्यापकों डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 रीता दयाल, डॉ0 पवन कुमार, डॉ0 तरीत अग्रवाल, डॉ0 आनन्द कुमार डॉ0 रमेश चन्द्र डॉ0 अमित कुमार शुक्ल डॉ0 सन्तोष कुमार एवम डॉ0 शैलेश मालवीय ने निर्णायक मंडल में रहे कार्यक्रम का संचालन युवा उत्सव प्रभारी डॉ0 अजय कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 रीता दयाल सदस्य युवा उत्सव के द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कमचार्री एवम छात्र उपस्थित रहे प्रतिभागियों में समूह गायन में प्रथम स्थान माही ग्रुप एकल गायन में प्रथम स्थान अभिषेक सरोज को द्वितीय स्थान - सुधार सिंह को तृतीय स्थान गुंजन को एव एकल नृत्य में प्रथम स्थान- प्रतिभा को द्वितीय स्थान - करीना राही को तथा मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान-मुस्कान को द्वितीय स्थान आरिफा को तृतीय स्थान- शिवानी को सुगम गायन एकल में प्रथम स्थान रेशमी को क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुधीर कुशवाहा को द्वितीय स्थान आदित्य केसरवानी को तृतीय स्थान अभिलाषा तिवारी को और भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान -रंजीत मौर्य को द्वितीय स्थान -अंकित कुमार को मिला है।

# 48 क्रय केन्द्र के माध्यम से 70 हजार मीट्रिक टन धान खरीदेंगी सरकार

**अखंड भारत संदेश**






**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अरूण कुमार गोंड की अध्यक्षता में उदयन सभागार में धान क्रय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया अपर जिलाधिकारी ने सभी क्रय केन्द्र प्रभारियों से कहा कि कृषकों से विनम्र व्यवहार किया जाय एवं किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पडें। केन्द्र पर क्रय किये गये धान की सुरक्षा के लिए समुचित प्रबन्ध किया जाय। किसानों से नियमानुसार धान क्रय की कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। किसानों को जागरूक किया जाय कि सूखा हुआ धान ही क्रय केन्द्र पर लेकर आये। उन्होंने जनपद के सभी मण्डियों में पी0ए0 सिस्टम के माध्यम से प्रचार-प्रसार कर किसानों को धान क्रय के सम्बन्ध में जागरूक करने के निर्देश दिए। जिला खाद्य विपणन अधिकारी सुधान्शु शेखर चौबे ने बताया कि धान क्रय की अवधि 01 नवम्बर, 2023 से प्रारम्भ होकर 29 फरवरी, 2024 तक हांगी धान क्रय केन्द्र राजपत्रित अवकाश एवं रविवारीय अवकाश को छोड़कर प्रत्येक दिन प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक खुले रहेंगे। धान का समर्थन मूल्य कामन धान-रू0 2183 प्रति कुन्तल एवं ग्रेड ए-रू0 2203 प्रति कुन्तल घोषित किया गया है। जनपद में धान खरीद के लिए खाद्य विभाग के 17, पी0सी0एफ0 के 10, यू0पी0सी0यू0 के 08, यू0पी0एस0एस0 के 12 एवं भारतीय खाद्य निगम के 01 कुल 48 क्रय केन्द्र स्थापित किये गये है। इस वर्ष जनपद का क्रय लक्ष्य 70 हजार मी0 टन निर्धारित है। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान क्रय केन्द्रों पर धान की बिक्री के लिए कृषक को खाद्यय विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। यह पंजीकरण कृषक द्वारा स्वयं अथवा जन सुविधा केन्द्र के माध्यम से अथवा साइबर कैफे के माध्यम से कराया जा सकेंगा। कृषक की भूमि एवं धान के बोये गये रकबे का सत्यापन राजस्व विभाग की भूलेख सम्बन्धी वेबसाइट से लिकेज देकर ऑनलाइन कराया जायेगा। समस्त क्रय एजेन्सियों द्वारा किसानों से क्रय धान के मूल्य का भुगतान एन0पी0सी0आई0 पोर्टल पर उनके आधार से लिंक बैक खाते में भारत सरकार के पी0एफ0एम0एस0पोर्टल के माध्यम से बैंक खाता सत्यापन के पश्चात यथासम्भव 48 घण्टे के अन्तर्गत सुनिश्चित किया जायेंगा। धान बिक्री के समय क्रय केन्द्रो पर किसान के स्वयं उपस्थित न होने की दशा में किसान द्वारा पंजीकरण के समय अपने पंजीकरण प्रपत्र में प्रतिनिधि नामित किये गये परिवार के सदस्य (माता/ पिता,पति/ पत्नी, पुत्र/ पुत्री, दामाद/ पुत्रवधु, सगा भाई/ बहन) का बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण कराते हुए धान क्रय किया जायेगा। जनपद में कुल 09 चावल मिलें है, जिनकी कुटाई क्षमता 73 मी0टन है।

# पुलिसिया लाठी के दम पर जमीन कब्जा कराने का चौकी पुलिस ने लिया ठेका

## पार्टी बंदी कर धनादोहन में जुटी चौकी पुलिस सैय्यद सरावा के कारनामे से कोतवाल बने अनजान

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** योगी सरकार स्वच्छ प्रशासन और न्यायपूर्ण कानून की बात कर रही है लेकिन उन्ही के राज में चौकी इंचार्ज सैय्यद सरावा अन्याय पूर्ण तरीके से जमीन कब्जा कराने का ठेका लेकर दूसरे लोगों को जमीन पुलिसिया लाठी के दम पर कब्जा कराने पर उतारू है जिससे पीड़ित को न्याय नहीं मिल रहा है थाना पुलिस चौकी पुलिस से लेकर आला अधिकारियों की चौखट तक भूस्वामी फरियाद कर चुका है लेकिन जांच के नाम पर मामला चौकी पुलिस को सुपुर्द कर दिया जाता है और चौकी पुलिस सैय्यद सरावा मामले में धन वसूली कर नियम कानून को ताक पर रखकर गलत तरीके से पुलिसिया लाठी के दम पर जमीन दबंग को कब्जा करा रही है जब कि दबंग के नाम जमीन दर्ज नहीं है विवाद की स्थिति उत्पन्न करने के पीछे चौकी पुलिस की शातिराना साजिश है चौकी पुलिस मोटी रकम वसूली कर शांति व्यवस्था बनाने के बजाय विवाद उत्पन्न करा रहे हैं लेकिन अभी तक चौकी पुलिस के शातिराना साजिश के मामले को कोतवाल चरवा ने संज्ञान लेकर चौकी इंचार्ज के कारनामे को आला अधिकारियों से अवगत नहीं कराया है जिससे पीड़ित को न्याय नहीं मिल रहा है गोविंद साहू के खेत पर फसल चोरी करने के बाद फिर छेदीलाल कहार को सिपाही ने खड़े होकर के मटर की फसल बुवाई करा दिया जबकि उसके नाम जमीन नहीं है कोई अदालत का आदेश नहीं है 112 में कॉल करने के बाद छेदीलाल को मना किया चकबंदी अधिकारियों ने भी छेदीलाल को मना किया है लेकिन छेदीलाल चौकी पुलिस के दम पर चंबल का डाकू बन चुका है और उसकी दबंगई देखने लायक है बुधवार को फिर छेदीलाल खेत जोत रहा था 112 वालों ने ट्रैक्टर चालक वाहन और छेदीलाल को थाने के सुपुर्द कर दिया है लेकिन उसके बाद भी चौकी इंचार्ज मामले में छेदीलाल कहार को बचाने के लिए पूरी तरह से पार्टी बंदी पर उतारू है। चरवा थाना क्षेत्र के फरीदपुर सुलेम के किसान गोविंद प्रसाद साहू पुत्र बद्री प्रसाद साहू के खेत आराजी संख्या 222 चकबन्दी के बाद नई आराजी संख्या 211 की धान की फसल 7 अक्टूबर को दबंग छेदीलाल कहार अपने बेटों के साथ मिलकर फसल उठा ले गए हैं छेदीलाल कहार का जमीन में नाम नहीं है कहीं अधिकार नहीं है चकबंदी से लेकर राजस्व विभाग ने उसका मलिकाना हक नहीं माना है किसी अदालत में मुकदमा लम्बित नहीं और किसी अदालत में कोई निर्णय नहीं सुनाया है लेकिन चौकी पुलिस सैय्यद सरावा छेदीलाल कहार को जबरिया खेत मे कब्जा कराने पर उतारू है आखिर चौकी पुलिस क्यों पक्षपात कर रही है क्यों पार्टी बंदी कर रही है उसका क्या स्वार्थ छुपा है कानून नियम और अभिलेखों को चौकी इंचार्ज क्यों दरकिनार कर अन्याय करके गोबिंद की जमीन कब्जा कराने पर उतारू है मनमानी तरीके से चौकी इंचार्ज कानून चलाना चाहते हैं उन्हें नियमों की परवाह नहीं है मामले की शिकायत गोबिंद ने थाना पुलिस से लेकर तहसील दिवस तक की है लेकिन अभी तक मामले में मुकदमा नहीं दर्ज हुआ है दूसरे की जमीन कब्जा करने वाले लोगों की गिरफ्तारी भी नहीं हुई है चोरी से फसल काटने वाले चोर से फसल भी पुलिस ने नहीं बरामद की है आखिर चौकी इंचार्ज कितना पक्षपात करेंगे मामले को आला अधिकारी ने संज्ञान लिया तो चौकी इंचार्ज सैय्यद सरावा का निलंबित तय है।

# दूध, दही, घी एवं पनीर सहित कई चीजों में मिश्रण कर मालामाल हो रहे विक्रेता

## अधिकारियों की निरंकुशता के चलते मनौरी बाजार सहित पूरा जिला धीरे धीरे बन रहा है कालाबाजारी का केंद्र

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के मनौरी बाजार के आस पास के दर्जनों गांव के लिए जरूरत संबंधी चीजों की खरीददारी का बड़ा केंद्र बन गया है। मनौरी बाजार लोगों के लिए जरूरत संबंधी चीजों की खरीददारी के लिए बड़ा केंद्र होने के कारण दूर दराज से लोग यहां चलकर आते हैं और अपनी जरूरत संबंधी चीजें खरीदकर ले जाते हैं। मनौरी बाजार के लोगों के लिए जरूरत सम्बंधी चीजों की खरीददारी का बड़ा केंद्र होने के साथ साथ अधिकारियों की निरंकुशता के चलते काला बाजारी और गोरखधंधा का भी बड़ा केंद्र धीरे धीरे – बन रहा है। मनौरी बाजार की कई दुकानों में दूध, दही, घी एवं पनीर सहित कई चीजों में विक्रेताओं के द्वारा अनुपात मात्रा में मिश्रण कर ग्राहकों को विक्रय कर मिलावटखोर विक्रेता मालामाल हो रहे हैं मिलावट खोरी का आलम पूरे जिले की दुकानदारों में चल रहा है जिससे मिलावटी सामान खाने को ग्राहक मजबूर हैं खाद्य विभाग के अधिकारी केवल खाना पूर्ति तक सीमित है तमाम दुकानों से बंधी हुई रकम विभाग तक पहुंचाने के चलते अधिकारियों के टीम द्वारा उन दुकानों के खाद्य सामग्री की जांच नहीं की जाती है जिसे रोक पाने में जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह से विफल हो गए हैं जिसके कई कारण खुलकर सामने आ चुके हैं। मनौरी बाजार स्थित दुकानों में दूध, दही, घी एवं पनीर में मिलावट खोरी कर लोगों की सेहत से विक्रेताओं के द्वारा खिलवाड़ किया जा रहा है। यदि विभाग से संबंधित जिम्मेदार अधिकारी द्वारा मनौरी बाजार में स्थित दुकानों का औचक निरीक्षण कर शुद्धता की जांच कर ली जाए तो कई ऐसे दुकानदार जेल की सलाखों के पीछे दिखाई देंगे जो मिलावटखोरी कर शुद्धता के नाम पर लोगों की जेब पर खुलेआम डाका डाल रहे हैं।

# अधिकारियों के संरक्षण में ढाई साल की प्रधानी में बरियावा ग्राम प्रधान बना करोड़पति

**अखंड भारत संदेश**

> ग्राम पंचायत में विकास के नाम पर करोड़ों के घोटाले में शामिल अधिकारियों को बेनकाब करने की जरूरत

> पशुओं की मौत होती रहे लेकिन मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी महीनो बीत जाने के बाद भी नहीं पूरी कर सके हैं गौ संरक्षण केंद्र बरियावा के दुर्दशा की जांच



**कौशांबी।** नेवादा ब्लॉक के ग्राम सभा बरियावां के विकास योजनाओं में जमकर धांधली हो रही है देखते-देखते ढाई वर्षों के अंतराल में ग्राम प्रधान करोड़पति बन गया है निर्वाचन के समय ग्राम प्रधान की लाखों की हैसियत थी आलीशान बंगला का निर्माण 2 साल से हो रहा है जो अभी तक कंप्लीट नहीं हो सका है ट्रैक्टर ट्रक का मालिक भी ग्राम प्रधान बन चुका है आखिर ग्राम पंचायत में विकास योजना में धांधली करने के बाद करोड़पति बने ग्राम प्रधान के कारनामे को आला अधिकारियों ने संज्ञान लेकर अभी तक जांच क्यों नहीं शुरू कराया कौन सा कारू का खजाना ग्राम प्रधान के हाथ लग गया जिससे ढाई साल में वह करोड़पति बन गया है जबकि दर्जनों बार ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के कारनामे की शिकायत आला अधिकारियों से की है लेकिन जांच के नाम पर लीपा पोती के अलावा कुछ दिखाई नहीं पड़ रहा है भ्रष्टाचार में पूरा रैकेट सक्रिय है। बरियावा ग्राम पंचायत के गौशाला में गोवंशों की आए दिन मौत हो रही है बार–बार शिकायत हो रही है कई बार हो हल्ला भी मचा जांच के नाम पर अधिकारियों को भी मौके पर भेजा गया लेकिन गोवंश की मौत का सिलसिला नहीं बंद हुआ है गौ संरक्षण केंद्र बरियावा की स्थिति इतनी बदतर है कि अभी तक गोवंश की उपस्थिति रजिस्टर नहीं बनाया गया है ढाई वर्षो में करोड़पति बने ग्राम प्रधान की शिकायत जिला पंचायत राज अधिकारी से ग्रामीणों ने की तो उनका कहना है कि भ्रष्टाचार से एकत्रित अकूत संपत्ति की जांच करने का अधिकार उनके पास नहीं है उनके बयान बाजी से लगता है कि ग्राम प्रधान के भ्रष्टाचार में जिला पंचायत राज अधिकारी भी हिस्सेदार है गौ संरक्षण केंद्र में आए दिन पशुओं की मौत के मामले में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से कई बार मामले की चर्चा की गई लेकिन व्यस्तता के चलते उनके पास गौसंरक्षण केंद्र बरियावा की जांच करने का समय नहीं है पशुओं की मौत होती रहे लेकिन गौ संरक्षण केंद्र बरियावा के दुर्दशा की जांच महीनो बीत जाने के बाद भी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी नही पूरी सके है ढाई वर्ष में करोड़पति बने ग्राम प्रधान की जांच ना पूरी होने से अभी तक अधिकारियों ने उसे दंडित नहीं किया है सरकारी योजनाओं की रकम में खुलेआम लूट हो रही है ग्राम प्रधान करोड़पति बन गए हैं लेकिन सरकारी खजाना लूटने वाले दोषी ग्राम प्रधान को दंडित करने का समय अधिकारियों को नहीं मिल सका है जिससे मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी का पशुओं के प्रति प्रेम और योजना के संचालन के प्रति ईमानदारी का अंदाजा लगाया जा सकता है।

# योगी सरकार के कानून से बाहर संचालित होते हैं कोल्ड स्टोरेज

**कौशाम्बी।** कोल्ड स्टोरेज संचालक खुद के समान्तरण कानून पर कोल्ड स्टोरेज का संचालन कर रहे है अधिकारियों का कहना है कि सरकार का हस्तक्षेप कोल्ड स्टोरेज में खत्म हो गया है कोल्ड स्टोरेज संचालन और आलू भण्डारण में किराया निर्धारण के मामले में अधिकारियों का नियंत्रण खत्म किए जाने के बाद से मनमानी तरीके से कोल्ड स्टोरेज संचालन किराया का निर्धारण करते हैं इस बात की पुष्टि जिला उद्यान कार्यालय भी कर रहा है किसानों के आलू भंडारण में मनमानी किराया वसूलकर जिले के तमाम कोल्ड स्टोरेज संचालक किसानों का जबरदस्त तरीके से शोषण करते हैं जिससे किसानों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है लेकिन समांतरण सरकार की तरह अपने कानून से चलने वाले कोल्ड स्टोरेज संचालकों पर अधिकारी कार्यवाही करने में हाथ खड़े कर देते हैं जिससे कोल्ड स्टोरेज संचालक बेलगाम हो चुके है और किसानों से किराए के आड़ में करोड़ों रुपए सालाना की अधिक वसूली कर मालामाल हो रहे हैं स्टोर संचालकों के इस ठगी के खेल में कौन रोक लगाएगा किसान किससे उम्मीद लगाए इस बात का भी उत्तर देने वाला शायद कोई नहीं है बताया जाता है कि इन दिनों 340 रुपए प्रति कुंतल आलू भंडारण में किसानों से स्टोर संचालक किराए के नाम पर वसूली कर रहे हैं उसके बाद आलू की सुरक्षा स्टोर में नहीं की जाती है तमाम किसानों के आलू भंडारण किए जाने के बाद प्रति वर्ष सड़ जाते हैं जिससे किसानों का बड़ा नुकसान होता है लेकिन किराया लेकर सुरक्षित भण्डारण करने की जिम्मेदारी लेने वाले स्टोर संचालक किसानों को नुकसान का मुआवजा नहीं देते हैं जब किसान अधिकारियों की चौखट पर फरियाद लेकर जाते हैं तो अधिकारी स्टोर संचालक को सरकार के नियंत्रण से बाहर बता कर हाथ खड़े कर देते हैं जिससे किसान व्यवस्था के मारे आर्थिक संकट झेल रहे हैं आखिर समांतरण सरकार की तरह–तरह कब तक कोल्ड स्टोरेज का संचालन होता रहेगा अन्य व्यवसाय की तरह कोल्ड स्टोरेज पर सरकार कब नियम कानून बनाएगी जिससे किसानों का शोषण बंद हो सके कोल्ड स्टोरेज में कौशांबी के 10 हजार किसानों से मनमानी किराया वसूलने पर रोक लग सके हालांकि कोल्ड स्टोरेज के मनमानी का शिकार उत्तर प्रदेश के लाखों किसान है।

## संपादक की कलम से

# टिकटो पर विरोध से दबाव में भाजपा

राजस्थान में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अभी तक दो सूचियों में 124 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की है। भाजपा की पहली सूची में 41 व दूसरी सूची में 83 नाम घोषित किए गए हैं। पहली सूची में जहां भाजपा ने कर्नाटक फामूर्ला अपनाते हुए कई दिग्गजों के टिकट काट दिए थे। वैसा कुछ दूसरी सूची में देखने को नहीं मिला। पहली सूची में भाजपा ने छः लोकसभा सदस्य एक राज्यसभा सदस्य व दो पूर्व सांसदों को भी मैदान में उतारा था। मगर दूसरी सूची में किसी भी सांसद को प्रत्याशी नहीं बनाया गया।

राजनीतिक क्षेत्रों में चर्चा है कि भाजपा की पहली सूची जारी होने के साथ ही शुरू हुआ विवाद अभी तक थमने का नाम नहीं ले रहा है। दूसरी सूची में शामिल बहुत से प्रत्याशियों का भी विरोध हो रहा है। पहली सूची में तो जालौर से सांसद देवजी पटेल को सांचैर से प्रत्याशी बनाने का इतना अधिक विरोध हुआ की स्थिति मारपीट तक पहुंच गई। देवजी पटेल की गाड़ी को रास्ते में रोक कर उनके साथ मारपीट तक करने का प्रयास किया गया था। वहां पर पिछली बार दानाराम चौधरी चुनाव में हार गये थे। इस बार जीवाराम चौधरी दावेदारी जता रहे थे। देवजी पटेल को प्रत्याशी बनाने से दोनो नेता मिलकर विरोध कर रहे हैं।

जयपुर के विद्याधर नगर सीट से मौजूदा विधायक नरपत सिंह राजवी का टिकट काट कर राजसमंद से सांसद दिया कुमारी को दिया गया था। उसके बाद से राजवी के समर्थक दीया कुमारी का विरोध कर रहे थे। मगर दूसरी सूची में राजवी को चित्तौड़गढ़ से प्रत्याशी बनाकर उनका विरोध शांत कर दिया गया है। मगर चित्तौड़गढ़ से दो बार के मौजूदा विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या अपनी टिकट कटने से इतने अधिक नाराज है कि आने वाले समय में वह निर्दलीय भी ताल ठोक सकते हैं। आक्या का कहना है कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी से मेरी पुराने समय से राजनीतिक प्रतिद्वंता है। जिस कारण जोशी ने मेरी टिकट काटी है।

राजसमंद से विधायक दीप्ती माहेश्वरी का भी जमकर विरोध हो रहा है। दीप्ती माहेश्वरी अपनी माता किरण माहेश्वरी के निधन के बाद हुए उपचुनाव में जीत कर विधायक बनी थी। अब पार्टी ने उन्हें दूसरी बार प्रत्याशी बनाया है तो स्थानीय लोग उनके खिलाफ मुखर होकर विरोध कर रहे हैं। वहां के अन्य दावेदारों का कहना है कि बाहरी प्रत्याशी को कब तक सहेंगे।

असम का राज्यपाल बनाए जाने से खाली हुई उदयपुर शहर विधानसभा सीट पर पार्टी ने पूर्व जिला अध्यक्ष ताराचन्द जैन को प्रत्याशी बनाया है। वहां से टिकट के दावेदारी कर रहे उदयपुर नगर निगम के उप महापौर पारस सिंघवी ने मोर्चा खोल दिया है। सिंघवी ने आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी की तरफ से उदयपुर में ऐसे व्यक्ति को टिकट दिया गया है जो सनातन विरोधी हैं और पूजा पद्धति में विश्वास नहीं रखता हैं। सिंघवी का कहना है कि असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने मेरी टिकट कटवा कर जैन को प्रत्याशी बनवाया है।

जयपुर की झोटवाड़ा सीट पर पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत का टिकट काटकर पूर्व केंद्रीय मंत्री व जयपुर ग्रामीण सीट से दूसरी बार के सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को मैदान में उतारा गया है। इस सीट पर भी राज्यवर्धन राठौड़ को राजपाल समर्थकों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा द्वारा घोषित 124 प्रत्याशियों में से तीन दर्जन प्रत्याशियों को अपने प्रतिद्वंदियों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। कई सीटों पर तो स्थिति इतनी खराब हो रही है कि पार्टी पदाधिकारियों की भी कोई नहीं सुन रहा है।

विधानसभा चुनाव में टिकटों की घोषणा से पूर्व भाजपा द्वारा बार-बार सामूहिक नेतृत्व व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर चुनाव लड़ने की बात कही जा रही थी। भाजपा आलाकमान बार-बार इस बात का संकेत भी दे रहा था कि राजस्थान में पुराने नेताओं के स्थान पर नए लोगों को मौका दिया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी लगातार हासिये पर धकेली जा रही थी।

# भारत में भी तैयार है गाजापट्टी जैसा उन्माद फटने को

**– ललित गर्ग –**

समूची दुनिया मजहबी कट्टरता, अमानवीय अत्याचार एवं उन्मादी आतंकवाद के चलते विश्वयुद्ध के मुहाने पर खड़ी है। हमास के आतंकवादियों ने किस तरह की हैवानियत की थी, छोटे छोटे बच्चों एवं महिलाओं के साथ घर में घुसकर हिंसा, अनाचार किया, गोली मारी, जिंदा जला दिया। पकड़े गये सैनिकों को बारूद में लपेट कर जीवित जला देना, अपने ही हिमायती लोगों को अपने लिए मानव ढाल बनने के लिए मजबूर करना, उन्हें युद्ध क्षेत्र में रोकना, जिससे अधिक से अधिक लोगों की जान जा सके यह किसी युद्ध की स्थिति नहीं है, यह इस्लामी कट्टरवादी सोच है। यह सारी मानवता को चुनौती है, विश्वशांति को खतरा है, उसके लिए अस्तित्व रक्षा का प्रश्न है। अब सवाल ये है कि गाजा के आम लोगों का इसमें क्या कसूर? क्या हमास की दरिंदगी का बदला गाजा के आम लोगों के खून से चुकाया जाएगा? आखिर कब तक निर्दोष, मासूम एवं आमजन उन्माद एवं आतंक की भेंट चढ़ते रहेंगे? इस्लामी कट्टरता एवं उन्माद के काले दंश केवल गाजापट्टी में ही नहीं, भारत में भी कहर बरपाते रहे हैं, लम्बे समय से जम्मू-कश्मीर हो या, हाल ही में मणिपुर-मेवात में हुई हिंसा, उन्माद एवं वहशियाना हरकतें चिन्ता का सबब बनती रही है।



इस्लामी आतंकवाद खतरनाक है, मानवता पर कुठाराघात है। इस तरह के आतंक से दुनिया को डराना एवं भयभीत करना मुख्य लक्ष्य है। हमास के आतंकवादियों ने जब इजरायल के मासूम नागरिकों पर बेरहमी से हमला किया तो वो हथियारों के साथ-साथ कैमरों से भी लैस थे, अपनी वहशियाना हरकतों को कैमरे में कैद कर रहे थे। आज जब इसके सबूत सामने आए तो साफ हो गया कि इरादा सिर्फ मारकाट मचाना नहीं था, इरादा सिर्फ इजरायल को नुकसान पहुंचाने का भी नहीं था, इरादा तो ये था कि ये हैवानियत दुनिया को दिखाई जाए, दुनिया को इस्लाम एवं उसकी आतंकी सोच के सामने झूकने को विवश करना इरादा था, इरादा इजरायल के आत्मसम्मान पर चोट पहुंचाना भी था।

इजरायल दुनिया को हमास के जुल्मों की तस्वीरें दिखाकर पूछ रहा है कि इस पर दुनिया के इस्लामिक देश खामोश क्यों हैं? जो आज इजरायल से जंग रोकने के लिए कह रहे हैं उन्होंने हमास की अमानवीय कार्रवाई की निंदा क्यों नहीं की? अगर कैमरों पर सबूत न होते तो कुछ लोग शायद ये कह देते कि इजरायल की फौज और मोसाद ने खुद ही अपने लोगों को मरवाया ताकि उन्हें हमास पर हमला करने का बहाना मिल सके। लेकिन इस बात के पुख्ता सबूत हैं और दावे भी कि हमास के आतंकवादियों ने मासूम और बेकसूर लोगों के साथ वहशियाना तरीके से जुल्म किया, हत्या की और आज भी अगवा किए गए लोगों को इंसानी ढाल बनाकर अपने आप को बचाने की कोशिश कर रहा है। लेकिन फिलिस्तीन का समर्थन एवं मानवाधिकार की बातें करने वाले इन हरकतों को नजरअंदाज करने में लगे हैं। दुनिया के कई मुल्कों में प्रदर्शन हुए हैं, लोग इजरायल पर दबाव बनाना चाहते हैं ताकि वो गाजा पर किए जा रहे हमलों को रोके।

इजरायल के कड़े रुख को देखते हुए अब हमारे देश में भी फिलिस्तीन और हमास के समर्थन में मुस्लिम संगठनों और मुस्लिम नेताओं ने प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं। ये वे ही लोग एवं संगठन हैं जो भारत में होने वाली आतंकवादी घटनाओं, उन्मादी सोच एवं हिंसा एवं पाकिस्तानी हरकतों का समर्थन करने से बाज नहीं आते। हमास के दहशतगर्दों ने महिलाओं के कपड़े उतारकर उन पर जुल्म करके, उनकी नुमाइश करते वक्त कैमरों के सामने अल्लाहु अकबर के नारे लगाए। गौर करने की बात ये भी है कि सऊदी अरब और यूनिइटेड अरब अमीरत के मुल्कों में कोई विरोध प्रदर्शन के लिए सड़कों पर नहीं उतरा लेकिन हमारे देश में ऐसे लोगों की कमी नहीं है जिनके बारे में कुछ लोग कह रहे हैं-बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना। असदुद्दीन ओवैसी खुलकर इजरायल का विरोध कर रहे हैं। इजरायल का समर्थन करने के भारत सरकार के फैसले को गलत बता रहे हैं।

पिछले दिनों मेवात में बरपी इस्लामिक कट्टरता में भी गाजापट्टी जैसे ही दृश्य देखने को मिले। जिहादियों ने हिन्दुओं पर हमला करने की पहले से पूरी तैयारी कर रखी थी। यहां तक कि उन्होंने मन्दिर में फंसे हिन्दू महिलाओं, बच्चों एवं निदोर्षों को निकालने के लिये गुरुग्राम से आने वाले पुलिसकर्मियों पर भी हमले किये। पुलिस थाने को भी जला दिया गया, ताकि पुलिसकर्मी रक्षा एवं बचाव कार्य न कर सके। उस समय मेवात मानो मिनी पाकिस्तान बन गया था। मेवात में अल्पसंख्यक हिन्दुओं का कब्रिस्तान बनाने का एक षडयंत्र एवं साजिश थी। मेवात के सभी सैकड़ों गांव हिन्दू-विहीन हो चुके हैं। मेवात के हालात आज के गाजा पट्टी जैसे ही बने हुए थे। भारत में ऐसे अनेक गाजापट्टी हैं, जहां इस्लामिक उन्माद चाहे जब फट सकता है। पूरे देश में इस्लामिक कट्टरता एवं जिहादी सोच के चलते मानवीय मूल्यों एवं साम्प्रदायिक सौहार्द का ह्रास हुआ है। हिंसा, आतंक, उन्माद पनपे हैं।

इस्लामिक कट्टरता एवं उन्माद से जुड़ी समस्याओं ने नये सन्दर्भों में पंख फैलाये हैं। मानवीय संबंधों के बीच एकता, अखण्डता, सहयोगिता, सह-अस्तित्व, प्रेम, आपसी सौहार्द, करुणा, अहिंसा एवं उदारता की पहचान घटी है।

कहना गलत न होगा कि हमास द्वारा इजरायल के निदोर्षों का नरसंहार भारत के कथित धर्मनिरपेक्ष तत्वों को दिखाई नहीं दिया, वे तथा सत्ता विरोधी गठबंधन से जुड़े दल मुस्लिम वोटों की संकीर्ण राजनीति के चलते आतंकियों के विरुद्ध एक भी शब्द बोलने की हिम्मत नहीं जुटा सके, आतंक के विरोध में बोलना उनकी मुस्लिम तुष्टिकरण नीति के खिलाफ जो ठहरा। विश्व भर में मानवाधिकारों की बात करने वाले भी आतंकी हमलों का विरोध न करके चुप्पी साथ गए। यही नहीं, आतंकियों के समर्थन में भारत भर में सत्ता के विरोध का वातावरण बनाया गया। अब मानवीय दृष्टिकोण से जब गाजा के सामान्य निर्दोष नागरिकों के लिए भारत ने राहत सामग्री भेजी है, तब हमास के समर्थन में जुलूस निकालने और तकरीर करने वाले तत्वों ने भारतीय सत्ता की तनिक भी सराहना नहीं की। भारत ने विश्वस्तर पर पीड़ित मानवता की सहायता करने में कभी कसर बाकी नहीं छोड़ी, फिर भी खास धर्म के अनुयायियों द्वारा भारत का विरोध करना यही सिद्ध करता है कि भले ही सबका साथ सबका विकास की नीति का अनुपालन करते हुए सत्ता भेदभाव न करती हो, फिर भी कुछ तत्व ऐसे हैं जिनके लिए धर्म के नाम पर आतंकियों का समर्थन सर्वोपरि है, राष्ट्र दोयम दर्जे पर ही है। यह चिंताजनक स्थिति है, जिस पर गंभीरता से चिंतन किया जाना नितांत आवश्यक है।

जब आतंकवादियों पर कार्रवाई होगी, तो मानवाधिकारों का मामला बन जाएगा, और जब आतंकवादी निरीह नागरिकों की हत्याएं-बलात्कार और बाकी जघन्यता करेंगे, तो वही रूदाली गिरोह या तो दूसरी ओर देखने लगेगा, या महीन ढंग से काते गये शब्दों से उसके लिए ढाल पेश करने की कोशिश करेगा। यह ढाल शाब्दिक होती है, आभासी होती है। भौतिक ढाल वे मनुष्य होते हैं, जो उनके नियंत्रण में होते हैं। लगता है ऐसे में फिलिस्तीनियों को सावधान रहना होगा, क्योंकि मानवाधिकारवादी रूदाली के तीसरे चरण के लिए फिर मानवों की कुबार्नी की आवश्यकता पड़ सकती है। जाहिर है, यह कुबार्नी के मानव वे फिलिस्तीनी ही हो सकते हैं, जो या तो आतंकवादियों के हथियारों के वश में हैं या आतंकवादियों के दिखाए सपनों के वश में हैं। भारत में भी अक्सर ऐसा होता रहा है। सभ्यता संचार माध्यमों का निर्माण करती है, ताकि लोगों तक सूचनाएं पहुंचाई जा सकें, पाशविकता उनका इस्तेमाल झूठ, नफरत, द्वेष एवं उन्माद फैलाने के लिए करती हैं, ताकि लोगों को निशाना बनाया जा सके। सभ्यता मानवीयता को पालती-पोसती है, पाशविकता उन मनुष्यों को मानव दीवार में इस्तेमाल करती है। जिनमें कट्टरता है, उन्माद है, जिन्होंने हाथों में बम एवं हथियार उठा लिये हैं, वह शांति एवं अमन का कोई तर्क नहीं सुनेगा एवं समझेगा। वे यह भी समझने को तैयार नहीं होंगे कि निर्दोष मृतकों की सूची लम्बी करने के परिणाम में घृणा की विरासत बनती है। उन्माद, जिहादी घृणा, नफरत, द्वेष और खून की विरासत कभी किसी को कुछ नहीं देती, किसी का भला नहीं करती।

# चराई, कटाई और निर्माण से संकट में है जंगल

एक वैश्विक अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक चराई, कटाई और निर्माण से दुनियाभर के जंगल संकट में है। इस पर शीघ्र काबू नहीं पाया गया तो मानव जीवन की खुशहाली के साथ विकास की गति धीमी होने का खतरा उत्पन्न हो जायेगा। जंगल हमारे जीवन की बुनियाद हैं जो हमारे पर्यावरण के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक स्थिति को बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्वस्थ पर्यावरण एवं पारिस्थितिक संतुलन के लिए समस्त भू-भाग का एक तिहाई वनों से ढका रहना चाहिए। एक क्षेत्र जहाँ पेड़ों का घनत्व अत्यधिक रहता है उसे वन कहते है। वन और वनस्पतियां आक्सीजन देकर हमें जीवन प्रदान करती है। पिछले कुछ वर्षों में वनों की कटाई और वनों का क्षरण दुनिया भर में वनों के लिए सबसे बड़ा खतरा है। वार्षिक वन घोषणा आकलन की एक ताजा रिपोर्ट से पता चला है कि 2021 की तुलना में 2022 में दुनिया भर में वनों की कटाई में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसमें लगभग 66,000 वर्ग किलोमीटर नष्ट हो गए हैं। पर्यावरण संगठनों के गठबंधन द्वारा हाल ही जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, 2030 तक वनों की कटाई को समाप्त करने की वैश्विक प्रतिज्ञाओं के बावजूद, दुनिया इन प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए बहुत धीमी गति से आगे बढ़ रही है। 2022 में 4.1 मिलियन हेक्टेयर भूमि नष्ट हो गई है। रिपोर्ट में कटाई, पशुधन चराई और सड़क निर्माण जैसी गतिविधियों के कारण होने वाले वन क्षरण की भी जांच की गई। यह अनुमान लगाया गया कि नष्ट हुए वनों का क्षेत्र वैश्विक वनों की कटाई के क्षेत्र से कहीं अधिक बड़ा है।

भारत की बात करें तो पिछले 30 वर्षों में वनों की कटाई में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई है, जिसमें 2015 और 2020 के बीच भारी वृद्धि दर्ज की गई है। यूनाइटेड किंगडम स्थित तुलना साइट यूटिलिटी बिडर की इस वर्ष जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इन वर्षों के दौरान, 668,400 हेक्टेयर के औसत वनों की कटाई के साथ भारत ब्राजील के बाद दूसरे स्थान पर था। वनों से हमें एक नहीं अपितु अनेकों लाभ है।

हमारे प्राचीन ग्रंथों में मनुष्य के स्वास्थ्य के लिये वन को बहुत ही उपयोगी, लाभकारी और जीवनदायी बताया गया हैं। वन और जीवन दोनों एक-दूसरे पर आश्रित हैं। वनों से हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिलता है और मनुष्य और अन्य किसी भी प्राणी का जीवन ऑक्सीजन के बिना नहीं चल सकता। वृक्ष और वन भू-जल को भी संरक्षित करते हैं। जैव-विविधता की रक्षा भी वनों की रक्षा से ही संभव है। विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए बहुमूल्य वनौषधियां हमें जंगलों से ही मिलती हैं। दुनिया में जनसंख्या वृद्धि, औद्योगिक विकास और आधुनिक जीवन शैली की वजह से प्राकृतिक वनों पर मानव समाज का दबाव बढ़ता जा रहा है। इसे ध्यान में रखकर मानव जीवन की आवश्यकताओं के हिसाब से वनों के संतुलित दोहन तथा नये जंगल लगाने के लिए भी विशेष रूप से काम करने की जरूरत है। मनुष्य के जीवन में वन महत्वपूर्ण रहे हैं। परन्तु जैसे-जैसे सभ्यता का विकास हुआ वैसे-वैसे मनुष्य ने अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वृक्षों को काटना आरम्भ कर दिया। वनों की लगातार कटाई होती गई और वातावरण पर भी इसका प्रभाव पड़ा। आज हमारी स्थिति यह हो गई है की वृक्षों की छाव मिलनी भी दुर्लभ हो गई है। जंगल हमारे जीवन की बुनियाद हैं जो हमारे पर्यावरण के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक स्थिति को बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वन पर्यावरण, लोगों और जंतुओं को कई प्रकार के लाभ पहुंचाते हैं। वन कई प्रकार के उत्पाद प्रदान करते हैं जैसे फर्नीचर, घरों, रेलवे स्लीपर, प्लाईवुड, ईंधन या फिर चारकोल एव कागज के लिए लकड़ी, सेलोफेन, प्लास्टिक, रेयान और नायलॉन आदि के लिए प्रस्संकृत उत्पाद, रबर के पेड़ से रबर आदि। फल, सुपारी और मसाले भी वनों से एकत्र किए जाते हैं। कर्पूर, सिनचोना जैसे कई औषधीय पौधे भी वनों में ही पाये जाते हैं। पेड़ों की जड़ें मिट्टी को जकड़े रखती है और इस प्रकार वह भारी बारिश के दिनों में मृदा का अपरदन और बाढ भी रोकती हैं। पेड़, कार्बन डाइ आक्साइड अवशोषित करते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं जिसकी मानवजाति को सांस लेने के लिए जरूरत पड़ती है। वनस्पति स्थानीय और वैश्विक जलवायु को प्रभावित करती है। पेड़ पृथ्वी के लिए सुरक्षा कवच का काम करते हैं और जंगली जंतुओं को आश्रय प्रदान करते हैं। वे सभी जीवों को सूर्य की गर्मी से बचाते हैं और पृथ्वी के तापमान को नियंत्रित करते हैं।

# चुनावी बागियों के हिंसक विरोध से लोकतंत्र हुआ कमजोर

चुनावों के दौरान दल बदल की प्रवृत्ति तो आम बात है मगर मन वांछित टिकट नहीं मिलने पर तोड़फोड़, आगजनी और हिंसक प्रदर्शन आदि की नई संस्कृति पनप रही है जो लोकतंत्र के लिए घातक है। पार्टी का टिकट नहीं मिलने पर बागी होकर चुनाव लड़ना किसी हद तक स्वीकार किया जा सकता है मगर अनुशासित पार्टी के कार्यकर्त्ता होने का दावे करने वाली पार्टी के लिए यह चिंतन मंथन की बात है। राजस्थान में हालाँकि कांग्रेस और भाजपा टिकट वितरण में फूंक फूंक कर कदम उठा रही है, सर्वे का दावा भी किया जा रहा है है मगर टिकट से मरहूम रहने वाले नेता इसे किसी भी तरह मानने को तैयार नहीं है। पार्टी नेताओं की मान मनोव्वल भी किसी काम नहीं आ रही है। अनुशासन में रहकर विरोध प्रदर्शन की बात समझ में आने वाली है मगर हिंसा, तोड़फोड़ और असभ्य भाषा का प्रयोग लोकतंत्र को निश्चय ही कमजोर करने वाला है। राजस्थान सहित हिंदी पट्टी के राज्यों के विधानसभा चुनावों में घोर अनुशासनहीनता का नजारा देखने को मिल रहा है।

राजस्थान विधानसभा चुनाव में टिकट वितरण को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बागियों ने अनुशासन और सिद्धांतों को तिलांजलि देकर दोनों पार्टियों की नींद उड़ा दी है। अनेक स्थानों पर बीजेपी और कांग्रेस ने नेताओं ने बगावती रुख अख्तियार कर लिया है। भाजपा और कांग्रेस अब तक प्रत्याशियों की 2-2 सूचियां जारी कर चुकी है। चाल, चरित्र और चेहरा की बात करने वाली भाजपा के बागियों ने सारे कानून कायदों को धता बोलकर भाजपा कार्यालयों में जमकर धमाल मचाकर कुर्सी टेबल तक तोड़ डाली। चितौड़गढ़ में प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के घर पर पथराव की जानकारी मिली है। यहाँ हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं ने मौजूदा विधायक का टिकट काटने पर उग्र प्रदर्शन किया है। प्रदेश के विभिन्न स्थानों से मिली जानकारी के अनुसार बागियों ने भाजपा आलाकमान को खुली चुनौती देते हुए टिकटों में बदलाव की मांग की है। लगभग यही स्थिति कांग्रेस की है। कांग्रेस की टिकट नहीं मिलने से अनेक बागी अवतरित हो गए और निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की है। दोनों ही दलों के कार्यकर्ताओं ने कई जगहों पर नारेबाजी और पुतला दहन कर अपनी नाराजगी जतायी। राजधानी जयपुर में राज्य मंत्री के दर्जे वाले महेश शर्मा ने अपने पद से इस्तीफा लेकर कांग्रेस प्रत्याशी के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है। भाजपा प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी और नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ सहित अन्य नेता विद्रोह का झंडा बुलंद करने वाले नेताओं और कार्यकताओं को मनाने में जुट गए हैं लेकिन असंतोष की ज्वाला थमने नाम का नाम नहीं ले रही है। दोनों पार्टियों के डेमेज कंट्रोल के प्रयास निष्फल साबित हो रहे है।

अभी दोनों पार्टियों ने पूरे टिकटों की घोषणा नहीं की है जिस पर इतना घमासान मचा है। दोनों ही पार्टियां टिकटों को लेकर लगातार मंथन कर रही है। बगावत की आशंका को भांपकर अपनी रणनीति को अंतिम देने के प्रयास में जुटी है। कई दिग्गजों के टिकट कटने की आशंका जताई जा रही है।

# त्योहारी सीजन में मिलावटियों की पौ बारह

**बाल मुकुन्द ओझा**

त्योहारी सीजन में मिलावटी खाद्य पदार्थों का खतरा बढ़ जाता है। मिलावट का खेल वैसे तो पूरे साल चलता है, लेकिन त्योहारों में माँग बढ़ने से मिलावटखोरी और बढ़ जाती है। देश में हर चीज की कीमतें बढ़ चुकी हैं। खाने पीने की चीजों सहित मिठाई बनाने के लिए प्रयोग होने वाली सामग्री, जैसे दूध, घी, मावा, चीनी, मैदा सहित सभी चीजों के दाम बढ़े हैं। इससे मिठाई बनाने का खर्च बढ़ गया है है। देश में त्योंहारी सीजन शुरू हो चुका है। नवम्बर महीने की शुरूआत करवा चौथ से होगी जो एक नवंबर को है। इसके बाद दीपावली, छठ पूजा, देवप्रबोधिनी एकादशी और बैकुंठ चतुर्दशी आदि पर्व मनाए जाएंगे। दीपावली का त्योहार एक सप्ताह तक चलता है। सप्ताह के दौरान धनतेरस, छोटी दीपावली, दीपावली, गोवर्धन पूजा



अन्नकूट और भाईदूज एक के बाद एक आते है। इस अवसर पर गरीब और अमीर सभी वर्ग के लोग अपने सामर्थ्य के अनुरूप घर की साफ सफाई, नए कपड़े, सोने चांदी के सामान के साथ मिठाइयां बनाने और खरीदने में व्यस्त हो जाते है। इस दौरान घर घर में मीठे पकवान बनते है। होटलों पर मिठाइयां सज्ज जाती है। त्योहारी सीजन शुरू होते ही मिलावटिये भी सक्रीय होकर आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करते है। त्योहार आये और मिलावटिये सक्रीय न हो ऐसा हो नहीं सकता। अब तो मिलावट और त्योहार का लगता है चोली दामन का साथ हो गया है।

देश भर में मिलावट को लेकर आमजन अभी भी भयभीत है और उसे विश्वास नहीं है की वह जो खा रहा है वह शुद्ध है। खाद्य नियामक एफएसएसएआई की एक ताजा रिपोर्ट का गहनता से विश्लेशण करें तो पाएंगे कि आज भी मिलावट को लेकर लोगों में भारी असमंजस की स्थिति है जिसके कारण देशभर में बड़े स्तर पर मिलावटखोरी की धारणा बनने से लोगों का विश्वास घटा है। आबोहवा और पानी के बाद अब खाद्य पदार्थों के सैंपल भी मानकों पर खरे नहीं उतरे हैं। विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों की प्रयोगशाला में जांच के बाद यह पुष्टि की गई है।

मिलावट का अर्थ है महँगी चीजों में सस्ती चीज का मिलावट। मुनाफाखोरी करने वाले लोग रातोंरात धनवान बनने का सपना देखते हैं। अपना यह सपना साकार करने के लिए वे बिना सोचे-समझे मिलावट का सहारा लेते हैं। सस्ती चीजों का मिश्रण कर सामान को मिलावटी कर महंगे दामों में बेचकर लोगों को न केवल धोखा दिया जाता है, बल्कि हमारे स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ भी किया जाता है।

मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से प्रतिवर्ष हजारों लोग विभिन्न बीमारियों का शिकार होकर जीवन से हाथ धो बैठते हैं। मिलावट का धंधा हर तरफ देखने को मिल रहा है। दूध बेचने और मिलावट करने वाले से लेकर बहुराष्ट्रीय कंपनियों तक ने मिलावट के बाजार पर अपना कब्जा कर लिया है।

आज मिलावट का कहर सबसे ज्यादा हमारी रोजमर्रा की जरूरत की चीजों पर ही पड़ रहा है । संपूर्ण देश में मिलावटी खाद्य-पदार्थों की भरमार हो गई है। आजकल नकली दूध, नकली घी, नकली तेल, नकली चायपत्ती आदि सब कुछ धड़ल्ले से बिक रहा है। सच तो यह है अधिक मुनाफा कमाने के लालच में नामी कंपनियों से लेकर खोमचेवालों तक ने उपभोक्ताओं के हितों को ताख पर रख दिया है। अगर कोई इन्हें खाकर बीमार पड़ जाता है तो हालत और भी खराब है, क्योंकि जीवनरक्षक दवाइयाँ भी नकली ही बिक रही हैं ।

खाने के सामान में मिलावट एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। हमारे दैनिक प्रयोग में आने वाली वस्तुओं का आजकल शुद्ध और मिलावट रहित मिलना मुश्किल हो गया है। मिलावट का कहर सबसे ज्यादा हमारी रोजमर्रा की जरूरत की चीजों पर ही पड़ रहा है। आज समाज में हर तरफ मिलावट ही मिलावट देखने को मिल रही है। पानी से सोने तक मिलावट के बाजार ने हमारी बुनियाद को हिला कर रख दिया है।

सामान्य तौर पर एक परिवार अपनी आमदनी का लगभग 60 फीसदी भाग खाद्य पदार्थों पर खर्च करता है। खाद्य अपमिश्रण से अंधापन, लकवा तथा टयूमर जैसी खतरनाक बीमारियाँ हो सकती हैं। सामान्यत रोजमर्रा जिन्दगी में उपभोग करने वाले खाद्य पदार्थों जैसे दूध, छाछ , शहद, हल्दी, मिर्च, पाउडर, धनिया, घीं, खाद्य तेल, चाय-कॉफी, मसाले, मावा , आटा आदि में मिलावट की सम्भावना अधिक है। मिलावट एक संगीन अपराध है। मिलावट पर काबू नहीं पाया गया तो यह ऐसा रोग बनता जा रहा कि समाज को ही निगल जाएगा। मिलावट के आतंक को रोकने के लिए सरकार को जन भागीदारी से सख्त कदम उठाने होंगे।

## 28 से 30 तक होगा शरदोत्सव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूट के विकास को कई आयामों से जोड़कर देश-दुनिया को स्वावलम्बन का संदेश देने वाले नानाजी देशमुख के जन्मदिन शरद पूर्णिमा से तीन दिवसीय पारम्परिक एवं समकालीन कला की सांस्कृतिक संध्या शरदोत्सव होगा।

गुरुवार को इस वर्ष शरदोत्सव 28 अक्टूबर से शुरू होकर 30 अक्टूबर तक चलेगा। उद्यमिता विद्यापीठ के डॉ राममनोहर लोहिया सभागार में हुई बैठक में संत समाज से मदन गोपाल दास महाराज, दिव्यजीवन दास महाराज, डॉ रामनारायण त्रिपाठी, डॉ बीके जैन, प्रो भरत मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष साधना पटेल, डीआरआई के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन, कोषाध्यक्ष वसंत पंडित, कर्वी से पंकज अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, लवकुश चतुर्वेदी, शानू गुप्ता समेत क्षेत्र के समाजसेवी मौजूद रहे।

दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने बताया कि नानाजी के जन्मोत्सव पर शरदोत्सव दीनदयाल शोध संस्थान करता आ रहा है। इस वर्ष चुनावी आचार संहिता के मद्देनजर कार्यक्रम सामान्य रूप में दीनदयाल शोध संस्थान में किया जा रहा है।

## एक वारंटी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में सीतापुर चैकी के दरोगा मुन्नीलाल की टीम ने विद्युत अधिनियम के वारंटी चन्द्रभान पुत्र उमाशंकर पटेल निवासी कपसेठी को गिरफ्तार किया। टी में दरोगा मुन्नीलाल व सिपाही अतुल सिंह परिहार शामिल रहे।

## मतदेय स्थलों की सूची देखें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने मतदान केंद्रो की सूची प्रकाशन बाबत बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 25 के उपबंधों अनुसार भारत निर्वाचन आयोग के पूर्व अनुमोदन एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ से प्राप्त अनुमोदन के क्रम में 48 बांदा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में शामिल 236 चित्रकूट व 237 मानिकपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों को संलग्न सूची में मतदान स्थलों की उनमें से प्रत्येक के समक्ष लिखे मतदान क्षेत्रों या मतदान समूहों को उपबंध किया है। प्रकाशित मतदेय स्थलों की सूची जिला निर्वाचन कार्यालय चित्रकूट एवं संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/उप जिलाधिकारी कर्वी/मऊ एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/तहसीलदार कर्वी, मऊ, राजापुर एवं मानिकपुर के कार्यालय में निरीक्षण को उपलब्ध है।

## सिर्फ दो थानों में तैनात है एससी थानेदार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में महिला थाना समेत कुल 11 थाने हैं। इन थानों में दो थानों को छोडकर ज्यादातर सवर्ण जाति के ही थानेदार तैनात हैं। कह सकते हैं जिले में अनुसूचित जाति के थानेदारों का अभाव है या फिर उपेक्षा की जा रही है। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने बताया कि बहिलपुरवा व मारकुण्डी थाने में अनुसूचित जाति के थानेदार तैनात हैं। जिले में महिला थाना समेत कुल 11 थाने हैं। ज्यादातर थानों में सवर्ण जाति के थानेदार ही तैनात हैं। जिले में राजापुर, कर्वी, मऊ, रैपुरा, पहाडी, सरधुआ, भरतकूप, बरगढ, मानिकपुर व बहिलपुरवा तथा मारकुण्डी थाने हैं। ज्यादातर थाने मलाईदार थाने माने जाते हैं। सजा के तौर पर मारकुण्डी व बहिलपुरवा थाने आते हैं। इन दोनों थानों में अनुसूचित जाति के थानेदार ही तैनात हैं।

## आज आयेंगे प्रधानमंत्री, मप्र क्षेत्र में होंगे कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 अक्तूबर को पूर्वान्ह 11.45 बजे दिल्ली से विशेष विमान से खजुराहो पहुंचेंगे। वहां से फिर चित्रकूट को दोपहर 12 बजकर 55 मिनट पर रवाना होंगे। चित्रकूट दोपहर 1.40 बजे विशेष विमान से पहुंचेंगे। एक बजकर 45 मिनट पर रघुवीर मंदिर में पूजन-अर्चन के बाद यहां चल रहे सद्गुरु संघ सेवा ट्रस्ट की प्रदर्शनी का शुभारंभ कर अवलोकन करेंगे। श्रीराम संस्कृत महाविद्यालय के पुस्तकालय में पहुंचेंगे। इसके बाद जानकीकुंड अस्पताल (मध्य प्रदेश) परिसर में स्थित अरविंद भाई मफतलाल की समाधि स्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। परिसर में ही स्थित नए सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का शुभारंभ करेंगे। दोपहर दो बजकर 25 मिनट पर वह कार से विद्याधाम जानकीकुंड स्टेडियम में सभी को संबोधित करेंगे। तीन बजकर 15 मिनट पर कार से जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज का आशीर्वाद लेने तुलसीपीठ (कांच मंदिर) पहुंचेंगे। तीन बजकर 20 मिनट से लेकर चार बजे तक किताब का विमोचन कांच मंदिर का दर्शन और लगभग दस मिनट तक जगद्गुरु से विशेष वातालर्प करेंगे। चार बजकर 5 मिनट पर प्रधानमंत्री तुलसीपीठ से हेलीपैड पहुंचेंगे। चार बजकर 15 मिनट पर वह खजुराहो एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सभी कार्यक्रम मप्र क्षेत्र में ही प्रस्तावित हैं।

## डिप्टी सीएम के स्कूल में सम्मानित हुए सीआईसी के छात्र



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी के जूनियर डिवीजन के 35 छात्र-छात्राओं ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कॉलेज कौशांबी पब्लिक स्कूल कसिया में दस दिवसीय कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप हुआ। सीआईसी कर्वी के 35 जूनियर डिवीजन के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। गुरुवार को कैंप दौरान विभिन्न प्रतियोगितायें हुई। सीआईसी के कई कैडेट्स विजेता रहकर मैडल व सर्टिफिकेट पाये। ये मैडल व सर्टिफिकेट प्रयागराज ग्रुप कमांडर/कमांडिंग ऑफिसर 17 यूपी बटालियन एनसीसी प्रयागराज के कमांडिंग ऑफिसर एस वेंकटेश ने सीआईसी कर्वी के विजेता एनसीसी कैडेट को मैप रीडिंग, वेपन ट्रेनिंग, फायरिंग, कल्चरल प्रोग्राम व ऑप्टिकल ट्रेनिंग में विजेता कैडेट को मैडल व पुरस्कार दिये। कैंप वापसी में प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान ने सभी विजेता छात्र-छात्राओं को मैडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य अनुशासन अधिकारी कुलचंद्र चंद्रवंशी, एनसीसी अधिकारी ऋषि कुमार शुक्ला, सुनील शुक्ला, शिक्षक डॉ आलोक शुक्ला, लालमन, संतोष विश्वकर्मा, तीर्थ कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

मंडलीय कला उत्सव में चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी के छात्र-छात्राओं ने शास्त्रीय संगीत वादन में तृप्ति त्रिपाठी, शास्त्रीय संगीत स्वर वाद्य में तारावती, दृश्य कला आयामी में शुभम कुमार, दृश्य कला त्रि आयामी में हर्वेश कुमार पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तर को चयनित हुए। केवल एक विधा लोक नृत्य में आशीष कुमार को द्वितीय स्थान मिला। संगीत एवं कला में ये प्रतिभागी अब राज्य स्तर को लखनऊ जाएंगे। टीम प्रभारी डॉ आलोक शुक्ल एवं लालमन ने बताया कि कार्यक्रम आर्य कन्या इंटर कॉलेज बांदा में हुआ। आयोजक राजकीय इंटर कॉलेज बांदा रहा।

# सूबे की सरकार दिव्यांगों की कर रही मदद: अशोक जाटव

## दिव्यांगों को बांटे गये उपकरण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, अध्यक्ष कोआपरेटिव बैंक बांदा/चित्रकूट पंकज अग्रवाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर की मौजूदगी में समग्र शिक्षा चित्रकूट समेकित शिक्षा के तहत निःशुल्क उपकरण बांटे गये।

गुरुवार को चित्रकूट इंटर कॉलेज में दिव्यांगजन 1996 में 156 बच्चों को 242 निःशुल्क उपकरण बांटे गये। ट्राई साइकिल 28, व्हीलचेयर 48, सीपी चेयर एक, एक्जिला क्रच 10, एल्बो क्रच दो, रोलेटेर 4, ब्रेल किट 18, सुगम्य केन 4, हियरिंग ऐड 96, कैलीपर 19 उपकरण बांटे गये। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि सूबे की सरकार उपकरण बांटकर



दिव्यांगजन बच्चों की हर संभव मदद कर रही है। जगद्गुरु रामभद्राचार्य का उदाहरण देते हुए कहा कि उनके सानिध्य में हजारों की संख्या में दिव्यांग छात्र-छात्रायें दिव्यांग विश्वविद्यालय में शिक्षा पा रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि दिव्यांग कोई अभिशाप नहीं है, वह सब कुछ कर सकते हैं। केंद्र सरकार व राज्य सरकार पूर्ण सहयोग कर रही है। समग्र शिक्षा निःशुल्क वितरण में जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, खंड शिक्षा अधिकारी रमेश पटेल, चित्रकूट इंटर कॉलेज के प्राचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान, समन्यक बचपन डे केयर सेंटर विष्णु दत्त, भाजपा नेता राजकुमार त्रिपाठी, दिनेश सिंह समेत अभिभावक, छात्र/छात्रायें मौजूद रहे।

# दस्तक अभियान का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अगुवाई में जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहब सिंह ने विभिन्न क्षेत्रों शीतलपुर तरौहा में दस्तक अभियान विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत पोस्टर लगवाये।

गुरुवार को आशा कार्यकत्रियों ने दस्तक अभियान सुरसेन गांव में चलाया। लौंढिया खुर्द बुजुर्ग में शुकर पालको का संवेदीकरण किया। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि गर्ल्स हाईस्कूल गनीवा, बियावल, राजकीय हाईस्कूल बड़ी मडैयन, अभिनव विद्यालय



सरधुवा, राजकीय हाईस्कूल अशोह, राजकीय हाईस्कूल चांदी व भरतपुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज ऊंचाडीह मानिकपुर, गर्ल्स हाईस्कूल सुरसेन, इटावा, डुडैला, राजकीय हाईस्कूल मुर्का, गौहानी कला, हल्दीकला में संचारी रोग के बचाव रोकथाम एवं उपचार बाबत बताया। निबंध प्रतियोगिता हुई। मलेरिया टीम ने दिव्यांग विश्वविद्यालय सीतापुर में जल भराव वाली जगह पर एंटी लारवा का छिड़काव किया। मलेरिया टीम ने डीबीसी शास्त्रीनगर कर्वी में सोर्स रिडक्शन तथा संचारी रोग का प्रचार-प्रसार किया। डीएसओ एवं जिला मलेरिया अधिकारी ने संयुक्त रूप से छोटी मडैयन-बड़ी मडैयन मानिकपुर में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का निरीक्षण भी किया।

# भाजपा की बगावत में क्या होगा सुधार

## पीएम के दौरे से बंधी उम्मीदें, है गैर राजनीतिक दौरा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** यूपी से सटी एमपी की चित्रकूट विधानसभा सीट में सत्तारुढ भाजपा में बगावत है। प्रमुख विपक्षी कांग्रेस के सामने सपा ने सुनियोजित प्रत्याशी उतारकर चुनौती खडी कर दी है। इसे लेकर देश के प्रधानमंत्री के गैर राजनीतिक कार्यक्रम में आने को लेकर चर्चा है कि विधानसभा में जीत का मंत्र फूंक सकते हैं।

कांग्रेस से तीन बार विधायक रह स्व प्रेम सिंह के दामाद संजय सिंह चित्रकूट विधानसभा से सपा के प्रत्याशी है। प्रेम सिंह के राजनीतिक उत्तराधिकारी संजय सिंह जिला पंचायत सदस्य हैं। परम्परागत ये सीट कांग्रेस के मौजूदा विधायक नीलांशू चतुर्वेदी पर कांग्रेस ने तीसरी बार भरोसा जताया है। तमाम विरोधों के बाद भाजपा के पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार फिर मैदान में हैं। टिकट न मिलने से नाराज भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रहे सुभाष शर्मा ने बसपा के भरोसे ताल ठोंकी है। सामाजिक समीकरणों के ताने-बाने व सियासी मामलों के जानकारों की राय में सुभाष के मैदान में आने से भाजपा-कांग्रेस दोनों भौंचक हैं। कांग्रेस से खफा सपा के रणनीतिकारों ने कांग्रेस की किलेबंदी पर सेंध मारने की कोशिश की है।

कभी दूसरे तो कभी तीसरे नम्बर पर रही बसपा फिलहाल निर्णायक भूमिका में है। कभी भाजपा तो कभी कांग्रेस के समीकरण बिगाडे है। 2003 में बसपा के बद्री पटेल ने 24 हजार से ज्यादा वोट पाये थे। तब सांसद रहते भाजपा के रामानन्द सिंह चैथे नम्बर पर चले गये थे। बाजी कांग्रेस के हाथ लगी। चित्रकूट सीट अभी कांग्रेस के कब्जे में है। अब तक पार्टी को इस सीट ने आठ बार विधायक दिये हैं। कांग्रेस से प्रेम सिंह तीन बार, प्रेम सिंह के निधन के बाद 2017 के उपचुनाव में कांग्रेस ने उनके दामाद संजय सिंह को टिकट न देकर नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष नीलांशु चतुर्वेदी को मैदान में उतारा था, नीलांशु विधायक बने। 2018 के चुनाव में भी संजय सिंह को मौका नहीं मिला। नीलांशु दूसरी बार विधायक चुने गये। वह तीसरी बार मैदान में हैं। इंडिया गठबंधन में शामिल सपा-कांग्रेस में प्रदेश विधानसभा चुनाव में टिकट बंटवारे का विवाद है।

इस सीट पर 1985 में भाजपा पहली बार मैदान में आई थी। भाजपा को सिर्फ 2008 में सफलता मिली है। भाजपा के सुरेन्द्र सिंह गहरवार ने कांग्रेस विधायक प्रेम सिंह को 722 मतों से हराया था। ये खुशफहमी ज्यादा दिन नहीं टिकी। 2013 के चुनाव में कांग्रेस के प्रेम सिंह ने भाजपा के सुरेन्द्र सिंह को दस हजार मतों से शिकस्त देकर हार का बदला लिया था। तब से लगातार ये सीट कांग्रेस के कब्जे में है। भाजपा के सामने बगावती तेवर के लोगों की भारी चुनौती है।

# रहस्यमयी बुखार से किशोरी समेत चार की मौत

## एक दर्जन मरीज भर्ती

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रहस्यमयी बुखार व पेट दर्द से किशोरी समेत चार लोगों को परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। ये सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस को सूचना दिए बिना परिजन शव को घर ले गए। बुखार, जुकाम, खांसी व उल्टी-दस्त से ग्रसित 12 मरीज भर्ती हुए।

गुरुवार को बांदा जिले के कमासिन के राजू की पुत्री शंखी (14) को बुखार व पेट दर्द के चलते नाना इंद्रपाल ने बुधवार को भर्ती कराया। भरतकूप क्षेत्र के भैसौंधा के परदेशी (70), मऊ के बरिया रामनगर के गनपत (65) व



मुख्यालय के भैरोंपागा की गुडिया देवी (55) को परिजनों ने बुखार व पेट दर्द के चलते जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। ये सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन पुलिस को सूचना दिए बिना शव घर ले गए। राजापुर के पियरिया माफी के रघुवंश कुमार का तीन माह का पुत्र छोटू, अशोह निवासी शांतनु सिंह (40), कैलहा के अमित का चार माह की पुत्री नंदिनी, कर्का पडरिया की पैसुनिया (22), अगरहुंडा के पन्नालाल का तीन वर्षीय पुत्र देवांश, पहरा की अभिलाषा (34) को भर्ती किया गया है।

पथरा नयागांव की पुनिया (42), नांदी तौरा की विजय लक्ष्मी (36), मानिकपुर के संतोष की पुत्री सोनम (17), चकला राजरानी के कमलेश (22), ममसी बुजुर्ग के लवलेश (32), कोलगदहिया के रामप्रसाद (30) को बुखार, पेट दर्द, जुकाम, खांसी, बुखार व उल्टी-दस्त के चलते जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## जनकल्याणकारी नीतियों का 100 फीसदी लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा : जगमोहन आनंद

**कुरुक्षेत्र। मुख्यमंत्री के** मीडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनंद ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने 9 साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है। इस 9 साल के कार्यकाल में सरकार ने ऑटो अपील सिस्टम से सरकार की योजनाओं को पारदर्शिता के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और जवाबदेही तय करने की मिसाल कायम की है। इस सरकार ने सडकों, पीने का पानी, सीवरेज, ग्रामीण क्षेत्र का चहुंमुखी विकास, गरीबों की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी नीतियां लागू की और इन नीतियों का 100 फीसदी लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। मीडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनंद ने बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में 9साल पूरा करने वाली सरकार ने प्रत्येक व्यवस्था समकालीन जरूरतों और लक्ष्य को केन्द्र में रखकर बनाई। इन 9 सालों में सरकार केवल प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाने तक सीमित नहीं है अपितु प्रदेश के हैप्पीनेस इंडेक्स को आगे बढाने के लक्ष्य के साथ ईज आफ लिविंग की दिशा में निरंतर काम किया है। इससे आने वाला हरियाणा 21वीं सदी का विकसित प्रदेश होगा। जहां शांति, सदभावना और आपसी भाईचारे की कड़ियां और मजबूत होगी। इस सरकार ने हरियाणा का हर जिला नेशनल हाईवे से जोडा, 10 हजार 6646 करोड़ की लागत से कुरुक्षेत्र के इस्माईलाबाद को नारनौल तक यानी अंबाला कोटपुतली ग्रीन फील्ड कॉरिडोर 152 डी का निर्माण पूरा किया।

## पीएम के कार्यक्रम पर रुट डायवर्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मप्र क्षेत्र के सतना जिले में उप्र से सटे क्षेत्र चित्रकूट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 27 अक्टूबर को आगमन के मद्देनजर रुट डायवर्ट किया है।

गुरुवार को मप्र क्षेत्र के आरोग्यधाम गेट से चित्रकूट बस स्टैण्ड की ओर जाने वाला रास्ता पूर्णतः बंद रहेगा। तुलसी मार्ग पुल से रघुबीर मंदिर तिराहा की ओर जाने वाला रास्ता तुलसी मार्ग पुल से पूर्णतः बंद रहेगा। सतना की ओर से आने वाला ट्राफिक जिसे कामतानाथ मंदिर या रामघाट की ओर जाना है, वह कामदगिरि बाईपास रजौला से होकर आवागमन कर सकता है। पुरानी लंका तिराहा से जिसे सतना की ओर जाना है, वह अक्षय वट तिराहा शांति धाम तिराहा होते हुए कामदगिरि बाईपास का उपयोग कर सकता है। पर्यटक तिराहा, खटिकान मोहल्ला हनुमान धारा बाईपास का उपयोग लोग कर सकेंगे। सतना से चित्रकूट चलने वाली बसों का संचालन वीवीआईपी गतिविधियों दौरान रजौला अस्थायी बस स्टैण्ड से संचालित होगा। सतना से कर्वी, पीली कोठी की ओर जाने वाला ट्राफिक हनुमान धारा बाईपास का उपयोग करेंगे। इनके लिए कामदगिरि बाईपास बंद रहेगा।

## साधन सहकारी समिति के सुरेश बने अध्यक्ष

**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी/चित्रकूट।** साधन सहकारी समिति उत्तरी पहाड़ी का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ। सुरेश द्विवेदी अध्यक्ष एवं रमाकांत उपाध्यक्ष बनाए गए।

सहकारी समितियां के हुए चुनाव में पहाड़ी उत्तरी किसान सेवा सहकारी समिति का चुनाव कुछ कारण स्थगित कर दिया गया था। शासन की निर्देश पर खाली रह गई समितियां के चुनाव संपन्न कराने हेतु 18 अक्टूबर को नामांकन करवाया गया एवं 25 अक्टूबर को नाम वापसी थी एवं 26 तारीख को वोटिंग होना था। लेकिन 9 संचालकों का नामांकन तो हुआ लेकिन नाम वापसी के बाद सभी सभी निर्विरोध रहे। कलवारा बुजुर्ग से एक प्रत्याशी होने के बावजूद प्रत्याशी शिवमूरत पुत्र शिव बोधन द्वारा अपना नामांकन ही वापस ले लिया गया। जिससे वहां कोई संचालक नहीं चुना गया आठ संचालकों के मध्य अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें सुरेश द्विवेदी रामपुर अध्यक्ष पद पर व रमाकांत उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किये गये। चुनाव अधिकारी सिंचाई विभाग अजय कुशवाहा व लेखपाल चकबंदी महाराज सिंह ने बताया की चुनाव सकुशल संपन्न हुआ है सिर्फ कलवारा बुजुर्ग मे कोई संचालक नहीं चुना गया। क्योंकि वहां पर दाखिल पर्चा की वापसी हो गई थी। तो वहां कोई प्रत्याशी ही नहीं रहा।

## दीवान ने पीडित को दी फंसाने की धमकी

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** बरगढ थाने के तुरगवां गांव के मजरा सहिगढ के जोखई पुत्र स्व लुल्ली आदिवासी ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि मानसिक रुप से अस्वस्थ बहू को बरगढ पुलिस ने गाली-गलौज कर अपमानित किया है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मांग किया कि मामले की रिपोर्ट दर्जकर कानूनी कार्यवाही की जाये।

गुरुवार को बरगढ थाने के तुरगवां गांव के मजरा सहिगढ के जोखई पुत्र स्व लुल्ली आदिवासी ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि उसकी बहू राजकुमारी पांच साल से मानसिक बीमारी से ग्रस्त है। उसका इलाज चल रहा है। मानसिक संतुलन ठीक न होने से पागलपन की शिकार हो जाती है। 21 अक्टूबर को पडोसी सुनीता देवी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ। सुनीता ने बहू को गाली-गलौज कर मारने दौडी। इसी बीच सुनीता का मंगलसूत्र गिर गया। खोजबीन पर मंगलसूत्र मिल गया। पीडित जब घटना की शिकायत करने थाने गया तो सुनीता ने झूंठे आरोप लगाये। थाने के दीवान ने उसे गाली-गलौज कर झूंठे मामले में फंसाने की धमकी देने लगे। पीडित की रिपोर्ट दर्ज न कर सुनीता से सुलहनामा लिखवा लिया। तीन माह में सुनीता का लाकेट न देने पर बहू व लडके को जेल भेजने की धमकी दी। पीडित ने मामले की रिपोर्ट दर्जकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

है।

## बाल क्रीडा रैलियों को सरकार दे धन: विधायक

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के कर्वी विधायक अनिल प्रधान ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि सूबे के सभी परिषदीय विद्यालयों में चल रही बाल क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में सरकार कोई बजट मुहैया नहीं करा रही। शिक्षक अपने पास से चन्दा कर बाल क्रीडा करा रहे हैं।

गुरुवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि परिषदीय विद्यालयों में बाल क्रीडा प्रतियोगितायें शुरू हो गयी हैं। संज्ञान में आया है कि प्राथमिक विद्यालयों में बाल क्रीडा संकुल रैली चल रही हैं। रैली में किसी प्रकार का सहयोग सरकार नहीं दे रही। सभी शिक्षक बन्धु आपस में चन्दा कर बाल क्रीड़ा रैली करवा रहे हैं। इन प्रतियोगिताओं में क्रीड़ा व्यवस्था को कई खर्च लगे हैं। शासन रैलियों को बजट आवंटित करे तो और बेहतर ढंग से रैलियां हो सकती हैं। बच्चों को बेहतर ढंग से पुरस्कृत भी किया जा सकता है। जीवन में खेल के प्रति बच्चों का लगाव और बढेगा। उनके अन्दर खेलकूद से आगे बढ़ने को प्रोत्साहन मिलेगा।

उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि बाल क्रीडा प्रतियोगिता रैली को शासन से परिषदीय विद्यालयों को आर्थिक मदद दिलाई जाये।

## 'भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा हो सकता है इस्राइल-हमास संघर्ष की वजह', बाइडन ने जताई आशंका

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस्राइल-हमास संघर्ष को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे को लेकर हाल ही में जी-20 सम्मेलन के दौरान हुआ एलान भी हमास की तरफ से इस्राइल पर अचानक किए गए हमले का एक कारण हो सकता है। गौरतलब है कि यह परियोजना चीन के बेल्ट एंड रोड परियोजना को चुनौती देने वाली साबित हो सकती है। हालांकि युद्ध की वजह से तीन अलग-अलग भू-क्षेत्रों को जोड़ने वाली इस परियोजना पर फिलहाल रोक लग गई है।

बीते सात अक्तूबर को ही हमास के आतंकियों ने अचानक इस्राइल पर हमला बोला था और 1400 से ज्यादा लोगों को मार दिया था। इतना ही नहीं हमास ने कई लोगों को बंधक भी बना लिया। हमास के इस हमले के बाद इस्राइल ने गाजा पट्टी पर हमले किए हैं और इनमें अब तक 6500 से ज्यादा की मौत हो चुकी है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज के साथ एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उनका यह विश्लेषण सिर्फ उनकी समझ पर आधारित है, हालांकि इसे लेकर उनके पास कोई सबूत नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं इस बात को लेकर लगभग यकीन में हूं कि जिस तरह हम क्षेत्रीय तौर पर साथ बढ़ा रहे हैं और इस्राइल भी इसमें शामिल है, तो यह तय है कि हम अब पीछे नहीं हट सकते। इस हफ्ते यह दूसरी बार है, जब बाइडन ने हमास की ओर से इस्राइल के खिलाफ जंग छेड़े जाने के पीछे भारत-मध्य पूर्व-यूरोपीय आर्थिक गलियारे को वजह बताया है।

## 'चिंताजनक समय के बाद अच्छा संकेत', भारत की तरफ से वीजा सेवा बहाल करने पर कनाडा की प्रतिक्रिया

**टोरंटो।** खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद भारत-कनाडा के बीच तनाव जारी है। हालांकि, बीते महीने कनाडाई नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं पर पाबंदी लगाने के बाद बुधवार को भारत ने इसे दोबारा शुरू करने का एलान किया है। इसे लेकर कनाडा ने भी भारत का स्वागत किया है। कनाडा के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि कनाडाई नागरिकों के लिए चिंताजनक समय के बाद एक अच्छा संकेत आया है। कनाडा के आव्रजन मंत्री मार्क मिलर ने कहा, ''हमें लगता है कि सेवाओं को निलंबित किया ही नहीं जाना चाहिए था।'' उन्होंने कहा कि ''भारत के साथ वास्तव में चिंताजनक राजनयिक स्थिति ने कई समुदायों में काफी भय पैदा कर दिया है।'' वहीं, आपात प्रबंधन मंत्री और सिख नेता हरजीत सज्जन ने कहा कि वीजा प्रक्रिया फिर से शुरू होना अच्छी खबर है, लेकिन वह इस पर अटकलें नहीं लगाएंगे कि नई दिल्ली क्या संदेश देने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, ''यह जानकर अच्छा लगा कि उन्होंने इसे (सेवाएं) बहाल कर दिया है। यदि उन्होंने यह कदम उठाया ही नहीं होता, तो बेहतर होता।'' सज्जन ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि शादियों और अंत्येष्टि जैसे कार्यक्रमों के लिए भारतीय और कनाडाई आ-जा सकें। उन्होंने कहा कि पुलिस हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले की जांच कर रही है और ओटावा इस मामले में अब भी भारत की मदद चाहता है। देश के राजनयिक और वाणिज्यदूतावास संबंधी मामलों का प्रबंधन करने वाले 'ग्लोबल अफेयर्स कनाडा' (जीएसी) की प्रवक्ता मैरीलिन ग्वेरेमोंट ने 'सीबीसी न्यूज' से कहा कि जीएसी कनाडाई लोगों के लिए कुछ वीजा सेवाएं फिर शुरू करने के भारत के फैसले से अवगत है। उन्होंने कहा, ''कनाडा और भारत के लोगों के बीच महत्वपूर्ण आपसी संबंध हैं और भारत द्वारा वीजा सेवाएं बहाल करने से परिवारों एवं कारोबारों के लिए दोनों देशों की यात्रा करना आसान हो जाएगा।

## 'इस्राइल पर हमले के लिए ईरान में हमास-PIJ के 500 आतंकियों को दिया गया था प्रशिक्षण', रिपोर्ट में दावा

**टोरंटो।** इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष को 20 दिन होने जा रहे हैं। दोनों तरफ से हुए हमलों में अब तक करीब आठ हजार लोगों की जान जा चुकी है। फिलहाल, युद्ध के थमने का कोई आसार नहीं दिख रहा है। इस बीच, एक बड़ा दावा किया जा रहा है कि सात अक्तूबर को इस्राइल पर हमला करने से पहले हमास के सैकड़ों आतंकवादियों ने ईरान में एक विशेष प्रशिक्षण लिया गया था। 'द वॉल स्ट्रीट जर्नल' में प्रकाशित एक रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है। अखबार ने इस्राइल पर किए क्रूर नरसंहार के बारे में खुफिया जानकारी से परिचित लोगों का हवाला देते हुए बताया कि हमास और फलस्तीनी इस्लामिक जिहाद के 500 सदस्यों ने पिछले महीने ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के नेतृत्व में प्रशिक्षण में भाग लिया था।

# गाजा पर इजराइल की बमबारी जारी

### नेतन्याहू ने पहली बार स्वीकारा कि हमास हमले को रोकने में सुरक्षा चूक के लिए जवाबदेह

**तेल अवीव।** गाजा में पिछले 24 घंटे में इजराइल के हवाई हमलों में बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हमले में एक प्रमुख न्यूज चैनल के पत्रकार वेल अल-दहदौह और उनकी बेटी की भी मौत हो गई। फिलिस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने हमले में कम-से-कम 25 लोगों की मौत का दावा किया है। गाजा में इजराइली सेना की बमबारी लगातार जारी है। हमले की चपेट में एक न्यूज चैनल का पत्रकार भी आ गया। इस परिवार ने इजराइल की चेतावनी के बाद मध्य गाजा स्थित सुनीरत शिविर में शरण ली थी। इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू की सभी नागरिकों को दक्षिण गाजा की ओर जाने की चेतावनी दी थी और उसी रात पड़ोस में हुई बमबारी से भयभीत होकर पत्रकार ने अपने परिवार के साथ नुसीरत शिविर में शरण ले रखी थी। बुधवार रात इस शिविर को इजराइली सेना ने निशाना बनाया। 7 अक्तूबर को



इजराइल पर फिलिस्तीनी आतंकी संगठन हमास के हमले के बाद शुरू हुए संघर्ष में गाजा में अब तक 6,546 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। वहीं, इजराइल में 1,400 से अधिक लोग मारे गए।

उधर, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पहली बार स्वीकार किया है कि उन्हें 7 अक्टूबर के हमास के हमले को रोकने में हुई सुरक्षा चूक के लिए जवाब देना होगा। एक टेलीविजन संबोधन में उन्होंने कहा कि सुरक्षा चूक की जांच की जाएगी और सभी जिम्मेदारों को जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के तौर पर वे देश का भविष्य सुरक्षित करने के लिए जिम्मेदार हैं।

# अमेरिकाः अंधाधुंध फायरिंग में 22 लोगों की जान गई, 50 से अधिक लोग घायल

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के लेविस्टन शहर में बुधवार रात एक व्यक्ति द्वारा की गई अंधाधुंध फायरिंग में 22 लोगों की मौत हो गई। साथ ही 50 से अधिक लोग घायल हैं जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में कई लोगों की हालत गंभीर है इसलिए मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। हमलावर अभी तक पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया है। एंड्रोस्कोगिन काउंटी शेरिफ कार्यालय ने हमलावर की तस्वीर जारी कर लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है।पुलिस के मुताबिक बुधवार रात एक शूटर ने अंधाधुंध फायरिंग कर 22 लोगों की जान ले ली। फायरिंग की चपेट में आने वाले 50 से अधिक लोग घायल हैं जिन्हें विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पुलिस हमलावर की तलाश कर रही है। पुलिस ने हमलावर की तस्वीर जारी कर लोगों से मदद मांगी है। पुलिस को एक वाहन की भी तलाश है जिस पर हमलावर



सवार था। लेविस्टन, एंड्रोस्कोगिन काउंडी का हिस्सा है। एंड्रोस्कोगिन काउंटी शेरिफ कार्यालय ने बयान जारी कर कहा है कि मामले की जांच की जा रही है और भी व्यापारियों से प्रतिष्ठान बंद करने की गई है। डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक सेफ्टी के प्रवक्ता ने लोगों से घरों में रहने तथा अतिरिक्त सतर्कता बरतने की अपील की है।

# गाजा में संघर्ष विराम पर नहीं बनी सहमति, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में अमेरिकी प्रस्ताव पर रूस-चीन का वीटो

**वाशिंगटन।** गाजा के मुद्दे पर बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् की बैठक में संघर्षविराम को लेकर आम सहमति नहीं बनी है। इस मुद्दे पर अमेरिका और रूस की तरफ से दो अलग-अलग प्रस्ताव दिए गए लेकिन दोनों खारिज हो गए। रूस-चीन ने अमेरिकी प्रस्ताव के खिलाफ वीटो का इस्तेमाल किया। रूसी प्रस्ताव को मंजूरी के लिए पर्याप्त मत नहीं मिले, अगर ऐसा होता तो अमेरिका भी इसके खिलाफ वीटो का इस्तेमाल करता।दरअसल, गाजा में इजराइल के पलटवार को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में दोनों पक्षों की अलग-अलग राय थी। सुरक्षा परिषद् में अमेरिका की तरफ से जो प्रस्ताव दिया गया उसमें मानवीय विराम की अपील की गई थी, युद्ध विराम की नहीं। प्रस्ताव में इजराइल और गाजा हिंसा के लिए हमास को दोषी ठहराने पर विचार करने को कहा गया था।प्रस्ताव के पक्ष में अमेरिका, ब्रिटेन, स्विटजरलैंड, फ्रांस, इक्वाडोर, गैबॉन, घाना, जापान, माल्टा और अल्बानिया ने



मतदान किया। ब्राजील एवं मोजाम्बिक ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। गाजा में युद्धविराम का आह्वान करने वाले रूस के प्रस्ताव के पक्ष में चार मत पड़े जिनमें रूस और चीन शामिल हैं। अमेरिका एवं ब्रिटेन ने रूस के प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया। जबकि नौ सदस्य अनुपस्थित रहे।संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वासिली नेबेंज्या ने अमेरिका पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के फैसलों को रोकने की कोशिश का आरोप लगाया। उन्होंने युद्धविराम का आह्वान नहीं करने पर अमेरिकी प्रस्ताव की निंदा की। जबकि संयुक्त राष्ट्र में इजराइल के राजदूत गिलाड एर्दान ने अमेरिकी की तरफ से लाए गए प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि यह प्रस्ताव क्रूर आतंकियों की निंदा करता है और सदस्य देशों को आतंक के खिलाफ खुद के बचाव का अधिकार देता है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश में इस तरह का नरसंहार होता तो वे इजराइल के मुकाबले अधिक ताकत से इसका सामना करेगा।

## जयशंकर ने किर्गिस्तान के राष्ट्रपति झापारोव से मुलाकात की, शंघाई सहयोग संगठन सम्मेलन में लेंगे भाग

**बिश्केक।** किर्गिस्तान यात्रा पर गए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने राष्ट्रपति सादिर झापारोव से मुलाकात की और बैंकिंग, रक्षा तथा ऊर्जा क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने के मामलों पर चर्चा की।

किर्गिस्तान की दो दिवसीय यात्रा पर बुधवार को यहां पहुंचने पर जयशंकर का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। जयशंकर यहां शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के एक सम्मेलन में हिस्सा लेंगे और शीर्ष नेतृत्व से भी मिलेंगे। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, ''किर्गिस्तान के राष्ट्रपति सादिर झापारोव से मुलाकात करके खुशी हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की व्यक्तिगत शुभकामनाएं उन्हें दीं। बैंकिंग, ऊर्जा, स्वास्थ्य और फार्मा, रक्षा, कृषि और निवेश में सहयोग पर चर्चा की।'' जयशंकर ने एससीओ के सदस्यों देशों के शासनाध्यक्षों की परिषद (सीएचजी) की सफल अध्यक्षता



के लिए किर्गिस्तान को भारत का समर्थन जताया। किर्गिस्तान एससीओ के सदस्य देशों के शासनाध्यक्षों की परिषद (सीएचजी) की बैठक की मेजबानी समूह के वर्तमान अध्यक्ष के रूप में कर रहा है। जयशंकर ने किर्गिस्तान के अपने समकक्ष जीनबेक कुलुबाएव से भी मुलाकात की और कई मुद्दों पर उनसे चर्चा की। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ''बिश्केक में अपने पुराने मित्र विदेश मंत्री जीनबेक कुलुबाएव को देखकर अच्छा लगा। व्यापार और अर्थव्यवस्था, विकास परियोजनाओं, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में भारत-किर्गिस्तान सहयोग को मजबूत करने के बारे में बात की। साथ ही अफगानिस्तान, पश्चिम एशिया और कनेक्टिविटी पर विचारों का आदान-प्रदान किया।'' जयशंकर एससीओ शासनाध्यक्षों की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा, एससीओ में सार्थक आदान-प्रदान, किर्गिस्तान नेतृत्व से मुलाकात और हमारे द्विपक्षीय एजेंडे को आगे बढ़ाने की उम्मीद है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के भी किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में एससीओ बैठक में शामिल होने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, जयशंकर एससीओ सदस्य देशों के अपने अन्य समकक्षों के साथ ही किर्गिस्तान के शीर्ष नेतृत्व से भी मुलाकात करेंगे। एससीओ समूह में चीन, भारत, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं। जून 2001 में शंघाई में स्थापित, एससीओ एक अंतरसरकारी संगठन है।

## हमास आतंकी संगठन नहीं, मुजाहिदीन हैः राष्ट्रपति एर्दोगन

**तेल अवीव।** इजरायल और हमास के बीच जारी जंग के बीच तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैयब एर्दोगन ने हमास को एक आतंकी संगठन मानने से इन्कार किया है। उनका कहना है कि हमास कोई आतंकी संगठन नहीं बल्कि मुजाहिदीन है। तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैयब एर्दोगन ने बुधवार को हमास को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कि फलस्तीन का हमास आतंकी संगठन नहीं बल्कि मुजाहिदीन है। एक मुक्ति संगठन, जो अपनी जमीन और लोगों की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहा है। हालांकि उन्होंने इजरायल और हमास के चल रहे युद्ध को बिना शर्त तुरंत विराम दिए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि मुस्लिम देशों को क्षेत्र में स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिए आगे आना चाहिए।इतना ही नहीं एर्दोगन ने अपनी इजरायल यात्रा को भी रद्द करने की घोषणा की है।



उन्होंने कहा है कि इजरायल ने तुर्किये के अच्छे इरादों का फायदा उठाया है। इजरायल गाजा में हमास के खिलाफ अमानवीय युद्ध पर तुला है। ऐसे में वह पूर्व की योजना के मुताबिक अब इजरायल नहीं जाएंगे।एर्दोगन ने इजरायल का समर्थन करने वाले पश्चिमी देशों की आलोचना भी की। कहा कि वैश्विक शक्तियों को गाजा पर लगातार हमला कर रहे इजरायल को रोकना चाहिए लेकिन कुछ शक्तियां इस हमले के समर्थन में खड़ी हैं, जो गलत है।

# इस्तीफे की मांग पर बोले गुतारेस- सुरक्षा परिषद में मेरे बयान की गलत व्याख्या से हैरान हूं

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने हमास के हमले के संबंध में अपने बयान को लेकर हंगामे के बीच अपनी टिप्पणियों की ''गलत व्याख्या'' किये जाने पर हैरानी व्यक्त की और कहा कि उन्होंने हमास के आतंकी कृत्यों को उचित नहीं ठहराया।

ज्ञात रहे कि इन टिप्पणियों के बाद, इजराइल के विदेश मंत्री एली कोहेन ने संयुक्त राष्ट्र

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

ने कहा था कि उन्होंने अपनी जमीन को लगातार (यहूदी)



बस्तियों द्वारा हड़पते और हिंसा से ग्रस्त होते देखा है। उनकी अर्थव्यवस्था चरमरा गई। उनके लोग विस्थापित हो गए और उनके घर ध्वस्त कर दिये गए। अपनी दुर्दशा के राजनीतिक समाधान की उनकी उम्मीदें खत्म होती जा रही हैं। इन टिप्पणियों के बाद, इजराइल के विदेश मंत्री एली कोहेन ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में मंगलवार दोपहर को गुतारेस के साथ होने वाली अपनी बैठक रद्द कर दी। बाद में संयुक्त राष्ट्र में इजराइल के राजदूत गिलाद एर्दान ने गुतारेस के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि इजराइल को इस विश्व निकाय के साथ अपने संबंधों पर पुनर्विचार करना चाहिए। गुतारेस ने ा पत्रकारों से कहा कि मंगलवार को परिषद में उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि वह इजराइल में हमास द्वारा सात अक्टूबर को किए गए आतंक के भयावह और अभूतपूर्व कृत्यों की स्पष्ट रूप से निंदा करते हैं।

गुतारेस ने परिषद में की गई अपनी टिप्पणी को दोहराते हुए कहा, ''नागरिकों की जानबूझकर हत्या, घायल करने और अपहरण या नागरिक ठिकानों के खिलाफ रॉकेट हमलों को कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता है।''संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने यह भी कहा कि परिषद में उन्होंने फिलिस्तीनी लोगों की शिकायतों के बारे में भी बात की, लेकिन फिलिस्तीनी लोगों की शिकायतें हमास के भयावह हमलों को उचित नहीं ठहरा सकतीं। गुतारेस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''फिलिस्तीनी लोगों की शिकायतें हमास के भयानक हमलों को उचित नहीं ठहरा सकतीं। वे भयानक हमले फिलिस्तीनी लोगों की सामूहिक सजा को उचित नहीं ठहरा सकते।'' इजराइल में 1,400 से अधिक लोग मारे गए हैं।

इनमें अधिकतर नागरिक थे जो दक्षिणी इजराइल में हमास के शुरुआती हमले में मारे गए थे। गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि इजराइली हवाई हमलों में 6,500 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें 2,000 से अधिक बच्चे और 1,100 महिलाएं शामिल हैं, जबकि 15,000 से अधिक घायल हुए हैं।

# ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में ऋषि सुनक ने एक साल पूरा किया

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के तौर पर भारतीय मूल के ऋषि सुनक ने अपने कार्यकाल का एक साल पूरा कर लिया है। पिछले साल आज के ही दिन सुनक ने बड़ी चुनौतियों के बीच प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी और कार्यभार संभाला था।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो पोस्ट कर सुनक ने कहा, मेरे पीएम बनने के बाद पिछले एक साल में हमने काफी कुछ हासिल किया है, लेकिन इसमें कोई शक नहीं है कि अभी बहुत कुछ हासिल करना है। सुनक ने आगे कहा कि मुझे पता है कि ये साल मुश्किल भरा रहा। कठिन परिश्रम करने वाले परिवारों की मदद के लिए अभी काम करने की जरूरत है। जो कदम



उठाए, मुझे उन पर गर्व है।उधर, सत्ताधारी कंजर्वेटिव पार्टी के अध्यक्ष ग्रेग हैंड्स ने पार्टी नेता और पीएम ऋषि सुनक की एक साल की उपलब्धि पर उनकी प्रशंसा की है। उन्होंने कहा, ऋषि सुनक जब एक साल पहले पीएम बने थे, तब उन्होंने परिवारों का बिजली बिल आधा कर उनकी मदद की थी। उन्होंने आगे कहा कि हमने मुद्रा स्फीति को आधा करने, अर्थव्यवस्था को बढ़ाने, कर्ज को कम करने के अलावा कई दिशाओं में अच्छा काम किया है। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के सामने अभी कई चुनौतियां हैं। इजराइल-हमास और रूस-यूक्रेन संघर्ष से बाहरी चुनौतियां पैदा हुई हैं। इसके अलावा, सुनक को मुद्रास्फीति और जीवनयापन की लागत के भारी घरेलू दबाव का सामना करना पड़ रहा है। ब्रिटेन में अगले साल आम चुनाव होने हैंबीते साल सितंबर में सुनक प्रधानमंत्री पद के लिए कंजर्वेटिव पार्टी के नेता के तौर पर लिज ट्रस से हार गए थे। लिज ट्रस ने स्कैंडल में फंसे बोरिस जॉनसन की जगह ली थी। प्रधानमंत्री बनने के बाद ट्रस ने मिनी बजट की घोषणा की थी। मिनी बजट में हुए ऐलान के बाद ट्रस को पद छोड़ना पड़ा था। उनकी जगह दिवाली के दिन ऋषि सुनक को प्रधानमंत्री बनाया गया।

# इमरान खान ने किया ऐलान, नवाज शरीफ को चुनाव में देंगे चुनौती

**लाहौर।** पाकिस्तान में आम चुनाव पास आने के साथ हर दिन राजनीतिक सरगर्मी बढ़ने के साथ दावों और वादों का दौर तेज हो गया है। इस ताजा कड़ी में पूर्व प्रधानमंत्री व पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख इमरान खान ने पूर्व पीएम नवाज शरीफ को चुनाव में चुनौती देने का ऐलान कर दिया है। इमरान खान ने कहा है कि आगामी चुनाव में नवाज शरीफ चाहे जहां से चुनाव लड़ेंगे मैं उनके खिलाफ मैदान में उतरूंगा। इमरान की चुनौती एक्स पर पोस्ट किए एक



वीडियो के रूप में सामने आई है। ज्ञात रहे कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान अगस्त की शुरुआत से गोपनीय दस्तावेज लीक मामले में रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं और यह वीडियो उनकी गिरफ्तारी से पहले रिकॉर्ड किया गया था। शरीफ के पाकिस्तान लौटने के बाद पोस्ट किए वीडियो में इमरान ने कहा है कि पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ इंतजार कर रहे थे कि मुझे जेल भेजकर पीटीआई को खत्म दिया जाए। नवाज और उनके साथियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के सभी मामले पहले ही बंद कर दिए गए हैं। बता दें कि लंदन में चार साल के स्व-निर्वासन के बाद नवाज शरीफ 21 अक्टूबर को पाकिस्तान लौटे हैं। चुनाव आयोग कह चुका है कि आगामी आम चुनाव जनवरी, 2024 के अंतिम सप्ताह में होंगे।